CMYK

अधिकतम : $22^{0}$C
न्यूनतम : $11^{0}$C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, शनिवार 21 फरवरी 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 107 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 | 3 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अमेरिका डील पर सरकार चुप्पी तोड़े और सच्चाई बताए: अखिलेश यादव पेज 2



श्रीलंका 'ए' महिला टीम को हराकर भारत 'ए' एशिया कप के फाइनल में खेल टाइम्स



युवा स्वर और मातृभाषा: युवाओं की आवाज बने आधार सम्पादकीय



सेना प्रमुख द्विवेदी ने ऑस्ट्रेलिया में सैन्य सहयोग बढ़ाने पर की चर्चा पेज 12

# बंगाल एसआईआर विवाद पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विवाद बढ़ता ही जा रहा है। ऐसे में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने राज्य में निर्वाचन आयोग की तरफ से कराए जा रहे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर उपजे विवाद के मामले में सुनवाई की।

कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को कई अहम निर्देश दिए। अदालत ने कहा कि एसआईआर के काम में लगाए गए सीजेएम को हटाकर पुराने जजों को तलाशें। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से कहा कि न्यायिक अधिकारियों को राहत दें और पश्चिम बंगाल में एसआईआर के काम में सहायता के लिए पूर्व न्यायाधीशों को नियुक्त करने की दिशा में काम करें। शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन के लिए पर्याप्त 'ए' श्रेणी के अधिकारियों की नियुक्ति न करने का भी संज्ञान लिया। कोर्ट ने कहा कि जिन लोगों के नाम तार्किक विसंगति सूचीमें डाले गए हैं, उनके दावे और आपत्तियों का फैसला अब सेवारत और पूर्व न्यायिक अधिकारी करेंगे। कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से कहा है कि वे इस काम के लिए न्यायिक अधिकारियों को उपलब्ध कराएं और जरूरत पड़े, तो पूर्व जजों को भी नियुक्त करें। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अभी इस काम में लगे सीजेएम (मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट) को हटाकर अन्य उपयुक्त न्यायिक अधिकारियों/पूर्व जजों को लगाया जाए।



**कलकत्ता हाईकोर्ट से कहा: एसआईआर के काम में लगाए गए सीजेएम को हटाकर पुराने जजों को तलाशें**

### बाबर के नाम पर मस्जिद निर्माण पर रोक लगाने वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें अधिकारियों को भारत में कहीं भी बाबर या बाबरी मस्जिद के नाम पर किसी भी मस्जिद के निर्माण या नामकरण की अनुमति देने से रोकने का निर्देश देने की मांग की गई थी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की खंडपीठ ने इस मामले पर विचार करने से इन्कार कर दिया। याचिकाकर्ता ने बाबर को 'आक्रमणकारी' बताते हुए तर्क दिया था कि उसके नाम पर किसी भी मस्जिद का निर्माण या नामकरण नहीं किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने चूंकि इस याचिका को स्वीकार करने से मना कर दिया, इसलिए याचिकाकर्ता ने याचिका वापस ले ली। इसके बाद खंड पीठ ने याचिका खारिज कर दी।

### शिवाजी जयंती पर हंगामा, कर्नाटक में जुलूस पर पथराव

**बागलकोट/हैदराबाद।** देशभर में 19 फरवरी को छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई गई। इस दौरान कुछ राज्यों से हंगामे की खबरें भी आई। कर्नाटक के बागलकोट में शिवाजी जयंती पर निकाले जा रहे जुलूस के दौरान पथराव हुआ। इसके बाद तनाव की स्थिति बन गई। यहां भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 163 के लागू की गई। हैदराबाद में गुरुवार रात मस्जिद के सामने से जुलूस निकालने पर दो समुदाय के बीच विवाद की स्थिति बनी।

### तीसरा रोज़ा

### तमाम बुराइयों पर लगाम लगाता है रोज़ा



मंजिल पर पहुंचना तब आसान हो जाता है जब राह सीधी हो। मजहबे इस्लाम में रोज़ा रहमत और राहत का रहबर है। रहमत से मुराद अल्लाह की मेहरबानी से है और राहत का मतलब दिल के सुकून से है। अल्लाह की रहमत होती है तभी दिल को सुकून मिलता है। दिल के सुकून का ताल्लुक चूंकि नेकी और नेक अमल से है। इसलिए जरूरी है कि आदमी नेकी के रास्ते पर चले। रोज़ा बुराइयों पर लगाम लगाता है और सीधी राह चलाता है।




# अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने किए ट्रम्प के ग्लोबल टैरिफ रद्द

## अमेरिकी अदालत ने कहा: ये फैसला अवैध, राष्ट्रपति को टैरिफ लगाने का अधिकार नहीं

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट** ने शुक्रवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ग्लोबल टैरिफ को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने ट्रम्प के दूसरे देशों पर लगाए गए टैरिफ को अवैध बताया है। साथ ही कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति को टैरिफ लगाने का अधिकार नहीं है। ये टैरिफ एक आपातकालीन शक्तियों वाले कानून के तहत लगाए गए थे। कोर्ट का यह फैसला ट्रम्प की आर्थिक नीतियों के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। यह मामला ट्रम्प के एजेंडे का पहला बड़ा मुद्दा था, जो सीधे सर्वोच्च अदालत तक पहुंचा। दरअसल, अप्रैल 2025 में ट्रम्प ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए दुनिया के कई देशों से आने वाले सामान पर भारी टैरिफ यानी आयात शुल्क लगा दिए थे। टैरिफ का मतलब होता है कि किसी देश से आने वाले सामान पर ज्यादा टैक्स लगाया जाए, ताकि वह महंगा हो जाए और घरेलू कंपनियों को फायदा मिले। ट्रम्प ने पिछले साल अप्रैल में ग्लोबल टैरिफ का ऐलान किया था। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से ट्रम्प के लगाए गए टैरिफ हट जाएंगे। अमेरिका को कंपनियों को पैसा वापस करना पड़ सकता है। दुनिया के देशों को अमेरिका में सामान बेचने में राहत मिलेगी। भारत, चीन और यूरोप के निर्यातकों को फायदा होगा। कई चीजें सस्ती हो सकती हैं। शेयर बाजारों में तेजी आ सकती है। दुनिया का व्यापार ज्यादा स्थिर हो सकता है। इस पूरे विवाद के केंद्र में एक कानून है, जिसका नाम इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट (आईईईपीए) है। यह कानून 1977 में बनाया गया था। इसका मकसद यह था कि अगर देश पर कोई गंभीर खतरा जैसे युद्ध जैसी स्थिति, विदेशी दुश्मन से बड़ा आर्थिक खतरा या असाधारण अंतर्राष्ट्रीय संकट आए, तो राष्ट्रपति को कुछ खास शक्तियां दी जा सकें। इन शक्तियों के तहत राष्ट्रपति विदेशी लेन-देन पर रोक लगा सकता है, उन्हें नियंत्रित कर सकता है या कुछ आर्थिक फैसले तुरंत लागू कर सकता है। ट्रम्प ने टैरिफ लगाने के लिए आईईईपीए का ही सहारा लिया था। अब कोर्ट यह देखेगी कि क्या राष्ट्रपति को इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट (आईईईपीए) के तहत इतने बड़े टैरिफ लगाने का अधिकार है या नहीं। पिछले साल नवम्बर में सुप्रीम कोर्ट ने ट्रम्प सरकार के टैरिफ लगाने के कानूनी आधार पर सवाल उठाए थे। उस दौरान जजों ने पूछा था कि क्या राष्ट्रपति को इस तरह के ग्लोबल टैरिफ लगाने का अधिकार है। कोर्ट ने इस मामले में लंबी सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि ट्रम्प 150 दिनों तक 15 प्रतिशत टैरिफ लगा सकते हैं, लेकिन इसके लिए ठोस कारण चाहिए। फैसले में कहा गया कि आईईईपीए में टैरिफ शब्द का कहीं जिक्र नहीं है और न ही इसमें राष्ट्रपति के अधिकारों पर कोई स्पष्ट सीमा तय की गई है।



**निचली अदालतों ने भी टैरिफ को गैरकानूनी दिया था करार**

# शिक्षामित्रों और अनुदेशकों को होली का तोहफा

## योगी ने की मानदेय बढ़ाने की घोषणा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को विधानसभा में होली से पहले शिक्षामित्रों को बड़ा तोहफा देते हुए उनके मानदेय में बढ़ोतरी का ऐलान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षामित्रों को अप्रैल से 18 हजार रुपये और अनुदेशकों को 17 हजार रुपये मानदेय दिया जाएगा। शिक्षकों को पांच लाख रुपये तक कैशलेस इलाज की सुविधा भी दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के समग्र विकास को लेकर सरकार की प्राथमिकताओं को विस्तार से रखते हुए कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग और डिजिटल क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालयों की ओर से 5000 से अधिक पेटेंट की फाइलिंग हुई है, जिनमें 300 से ज्यादा को स्वीकृति मिल चुकी है। योगी ने कहा कि 2017 से पहले निजी विश्वविद्यालयों की स्वीकृति में 'पिक एंड चूज' की नीति अपनाई जाती थी, जबकि छह मंडलों में एक भी विश्वविद्यालय नहीं था। सरकार ने मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय की स्थापना की और अब सभी मंडलों में विश्वविद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं। राज्य विश्वविद्यालयों के साथ निजी और विदेशी विश्वविद्यालयों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि जहां कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय नहीं हैं, वहां नए विद्यालय खोले जाएंगे। इसके लिए -शेष पृष्ठ दो पर



**शिक्षामित्रों को अप्रैल से 18 हजार रुपये व अनुदेशकों को 17 हजार रुपये मानदेय दिया जाएगा: मुख्यमंत्री**

### संक्षिप्त समाचार

### वंदे भारत पर पत्थर फेंकने वाले दो किशोर हिरासत में

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में वंदे भारत एक्सप्रेस 22489 पर गुरुवार दोपहर हुई पत्थरबाजी की घटना के मामले में आरपीएफ और पुलिस की संयुक्त टीम ने दो नाबालिग बच्चों को हिरासत में लिया है। पूछताछ में दोनों ने हरदोई और कौढ़ा स्टेशन के बीच कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के बलोखर रेलवे फाटक के पास शरारतवश पत्थर फेंकने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने बताया कि पत्थर लगने से ट्रेन के सी-4 कोच में सीट नंबर 60-61 के पास खिड़की का शीशा टूट गया था। घटना के समय ट्रेन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत भी सवार थे, जिन्हें लखनऊ से मेरठ जाना था। उनके ट्रेन में होने के कारण सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड में आ गई थीं और मामले की जांच तेज कर दी गई थी।

### विनोद जाखड़ बने एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बड़ा संगठनात्मक निर्णय लेते हुए विनोद जाखड़ को अपनी छात्र इकाई नेशनल स्टूडेंट यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। इस संबंध में शुक्रवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के निर्णय की जानकारी दी गई। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने विज्ञप्ति जारी करते हुए यह जानकारी दी है।

# एआई समिट में उग्र प्रदर्शन

## यूथ कांग्रेस के 4 कार्यकर्ता हिरासत में

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एआई समिट में हुए विरोध प्रदर्शनों को लेकर सख्त रुख अपनाया है। पुलिस ने बिना शर्ट के विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में इंडियन यूथ कांग्रेस के चार कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है।

एडिशनल सीपी (नई दिल्ली) देवेश कुमार महला ने कहा कि एआई समिट में शर्टलेस विरोध प्रदर्शन करने वाले इंडियन यूथ कांग्रेस के चार कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया गया है, और ऐसे प्रदर्शन में शामिल सभी लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के लिए बता दें कि भारत मंडपम के बाहर शुक्रवार को भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कुछ कार्यकर्ताओं ने कथित तौर पर अर्धनग्न होकर केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी की।

**गिरफ्तार सभी लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी: पुलिस**

# दबाव में किया गया आत्मसमर्पण है ट्रेड डील: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को आत्मसमर्पण बताते हुए कहा है कि यह कदम देश हित को नजरअंदाज कर दबाव में उठाया गया है।

श्री गांधी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि व्यापार समझौते पर संसद में अपने भाषण में मैंने जिउ जित्सु (जिउ-जित्सु एक जापानी मार्शल आर्ट है, जिसमें प्रतिद्वंद्वी की ताकत को उसी के खिलाफ इस्तेमाल करना होता है) का उदाहरण क्यों इस्तेमाल किया। उन्होंने सवाल किया कि आखिर अमेरिकियों को खुश करने के लिए हमारे किसानों की कुर्बानी क्यों दी गई और उसे -शेष पृष्ठ दो पर

### मानहानि मामले में विशेष अदालत में पेश हुए राहुल गांधी



**सुल्तानपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़े मानहानि मामले कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुक्रवार को सुलतानपुर में एमपी-एमएलए कोर्ट में पेश हुए। उनके अधिवक्ता काशी शुक्ला के अनुसार, राहुल गांधी ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 313 के तहत दर्ज अपने बयान में सभी आरोपों से इंकार किया। उन्होंने अदालत को बताया कि यह मामला राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है और इसका कोई ठोस आधार नहीं है।

# अब चिप से तय होगी भारत की नई उड़ान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत सिलिकॉन जैसे महत्वपूर्ण दुर्लभ खनिजों की पूरी वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को विविधीकृत और सशक्त बनाने के लिए अमेरिका की अगुवाई में गठित चुनिंदा देशों के गठबंधन 'पैक्स सिलिका' में शुक्रवार को औपचारिक रूप से शामिल हो गया। भारत ने कहा है कि इस पहल का उद्देश्य वैश्विक सिलिकॉन आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित और लोकतांत्रिक रूप से संचालित करना है।

सिलिकॉन सेमीकंडक्टर और डिजिटल प्रौद्योगिकी उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण खनिज है। यहां भारत मंडपम में कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर आयोजित वैश्विक सम्मेलन एवं प्रदर्शनी-इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026 के दौरान एक विशेष समारोह में भारत और अमेरिका की ओर से 'पैक्स सिलिका' घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए गए। गठबंधन में भारत का जुड़ाव दोनों देशों के बीच तकनीक एवं आर्थिक-रणनीतिक साझेदारी की दिशा में बड़ा कदम बताया गया है। हस्ताक्षर समारोह में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव और भारत आए अमेरिका के आर्थिक मामलों के उप मंत्री जैकब हेलबर्ग मौजूद थे।

**भारत दुर्लभ खनिजों पर अमेरिकी अगुवाई वाले 'पैक्स सिलिका' गठबंधन में हुआ शामिल**

### आपूर्ति को हथियार बनाने वालों का जवाब है पैक्स सिलिका : अमेरिकी मंत्री

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने सिलिकॉन जैसे दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति की वैश्विक कड़ियों में विविधता और मजबूती लाने के लिए बने गठबंधन पैक्स सिलिका में भारत की सदस्यता को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा है कि यह समझौता उन देशों को जवाब है, जो आपूर्ति को निर्भर देशों के खिलाफ हथियार के रूप में इस्तेमाल करते रहे हैं। भारत ने शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में अमेरिका के साथ पैक्स सिलिका पर हस्ताक्षर किए।

# एआई का आयोजन अत्यंत प्रभावशाली पहल: शशि थरूर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के लोकसभा सदस्य शशि थरूर ने एआई पर यहां आयोजित विश्व सम्मेलन को भारत की क्षमताओं का प्रभावशाली प्रदर्शन करार दिया और कहा कि इसमें विश्व के बड़े नेताओं की मौजूदगी एआई यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता को लेकर बड़ा संदेश देने वाली है।

उन्होंने राफेल सौदे का भी जिक्र किया और इसे रक्षा क्षेत्र में देश की आत्मनिर्भरता के लिए जरूरी बताते हुए कहा कि इसमें बड़ी बात यह है कि राफेल के कुछ हिस्सों का निर्माण भारत में होना ज्यादा महत्वपूर्ण है। उनका कहना था कि राफेल मामले में वह सरकार का समर्थन करते हैं। श्री थारूर ने शुक्रवार को यहां भारत मंडपम में पत्रकारों से कहा कि एआई सम्मेलन के शुरुआती दिन बेहद सफल रहे हैं। कुछ छोटी-मोटी दिक्कतें आईं, लेकिन बड़े आयोजनों में ऐसा होना आम बात है। विभिन्न मुल्कों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और अन्य विश्व नेताओं की मौजूदगी इस आयोजन में अत्यंत प्रभावशाली रही है। सम्मेलन में एआई की विकास यात्रा में दुनिया के नेता एकीकृत विश्व की कल्पना करते हुए एक ऐसा सशक्त संदेश लेकर आए हैं, जहां समाज पर इसके प्रभावों को देखना सर्वोपरि होगा। भारत की इस क्षेत्र में बढ़ती रुचि ने स्पष्ट रूप से इस पहल को गति दी है। राफेल लड़ाकू विमान सौदे को लेकर एक सवाल पर उन्होंने कहा कि जहां तक फ्रांसीसी राफेल की बात है, इसके कुछ हिस्से भारत में निर्मित हो रहे हैं और यह समझौते का एक बहुत महत्वपूर्ण पहलू है, क्योंकि यह हमारी रक्षा को मजबूत करने के साथ-साथ रक्षा क्षेत्र में हमारी आत्मनिर्भरता को भी बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि भारत के लिए रक्षा सौदा इसलिए महत्वपूर्ण नहीं है कि हम युद्ध करना चाहते हैं, बल्कि इसमें महत्वपूर्ण यह है कि हम नहीं चाहते कि कोई हमें कमजोर समझे। यह वास्तव में एक महत्वपूर्ण रक्षात्मक पहल है और मैं इस मामले में सरकार का समर्थन करता हूं।



**कांग्रेस के लोकसभा सदस्य ने फ्रांस के साथ राफेल सौदे को लेकर किया केंद्र सरकार का समर्थन**

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी, बिरला, खड़गे, राहुल ने सिगकॉन के निधन पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शिलांग से लोकसभा सदस्य डा. रिकी एजे सिगकॉन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मोदी ने शुक्रवार को सिगकॉन के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर अपने शोक संदेश में लिखा डा. रिकी एजे सिगकॉन के निधन से दुखी हूं। उन्हें मेघालय के लोगों के लिए उनकी समर्पित सेवा के लिए याद किया जाएगा। इस मुश्किल समय में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार, दोस्तों और समर्थकों के साथ हैं।

### क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज करेंगे ताज का दीदार

**आगरा।** क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेनकोविक 21 फरवरी शनिवार को अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ ताजमहल के दीदार के लिए आगरा पहुंचेंगे। उनके आगमन को देखते हुए ताजमहल को आम पर्यटकों के लिए करीब तीन घंटे तक बंद रखा जाएगा। दोपहर लगभग 12 बजे से तीन बजे तक स्मारक में सामान्य पर्यटकों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री दिल्ली से यमुना एक्सप्रेस वे के रास्ते आगरा पहुंचेंगे और लगभग 12 बजे एक निजी होटल में ठहरेंगे, जहां भारतीय परंपरा के अनुसार सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ उनका स्वागत किया जाएगा। अल्प विश्राम के बाद वह करीब एक बजे ताजमहल पहुंचेंगे और अपने परिवार के साथ लगभग डेढ़ घंटा वहां व्यतीत करेंगे। ताजमहल भ्रमण के बाद प्रधानमंत्री होटल लौटकर दोपहर का भोजन करेंगे।

# अमेरिका डील पर सरकार चुप्पी तोड़े और सच्चाई बताए: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अमेरिका के साथ हुई डील को लेकर केंद्र सरकार पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि इस समझौते को लेकर सरकार की चुप्पी कई संदेह पैदा कर रही है और स्थिति स्पष्ट की जानी चाहिए।

यादव ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा, क्या डील ने मुंह पर सील लगा दी है। या तो सरकार बताए कि इस डील में क्या शर्तें तय हुई हैं या फिर बाहरी हस्तक्षेप के दावों को स्पष्ट रूप से खारिज करे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार देश की संप्रभुता और आर्थिक हितों से जुड़े मुद्दों पर



पारदर्शिता नहीं बरत रही है। उन्होंने कहा कि इस डील से किसानों, कारोबारियों, मजदूरों और छोटे-बड़े उद्योगों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। यदि खेती और उद्योग प्रभावित होंगे, तो रोजगार के अवसर कम होंगे और युवाओं का भविष्य असुरक्षित हो जाएगा। सपा प्रमुख ने इसे देश के सम्मान से जुड़ा विषय बताते हुए केंद्र सरकार से तत्काल स्पष्टीकरण देने की मांग की। उन्होंने कहा कि देश की जनता को यह जानने का अधिकार है कि इस डील से भारत के आर्थिक हितों और आत्मनिर्भरता पर क्या असर पड़ेगा।

### अखिलेश ने मां शीतला देवी के दरबार में लगाई हाजिरी

**कौशांबी।** अखिलेश यादव शुक्रवार दोपहर बाद मां शीतला देवी के दर्शन के लिए शक्तिपीठ कड़ा धाम पहुंचे। रास्ते में देवीगंज बाजार में मोबीन अहमद के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। उत्साहित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।

# शिक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दे सरकार:माता प्रसाद

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ बढ़ते कर्ज, कंसोलिडेटेड फंड और स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जोरदार बहस हुई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में प्रदेश पर बढ़ते कर्ज, कंसोलिडेटेड फंड और स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जोरदार बहस हुई। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने सरकार को वित्तीय प्रबंधन और जनसेवाओं के मुद्दे पर घेरा, जिस पर संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने जवाब दिया।

माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि प्रदेश पर नौ लाख करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज हो चुका है और सरकार इस मुद्दे से बचने का प्रयास कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि बजट बनाते समय वास्तविक स्थिति को स्पष्ट नहीं किया जा रहा। इस पर सुरेश खन्ना ने शुरुआत में आपत्ति जताई, हालांकि बाद में कर्ज के आंकड़े को स्वीकार किया। नेता प्रतिपक्ष ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि जिला अस्पतालों से मरीजों को मेडिकल कॉलेजों और बड़े संस्थानों में रेफर करने की प्रवृत्ति बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग जीवन-मरण से जुड़ा विषय है, इसलिए यहां संविदा और आउटसोर्सिंग पर कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में एक हजार लोगों पर केवल 0-37 डॉक्टर उपलब्ध हैं, जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानक एक हजार पर एक डॉक्टर का है। जिला अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में दवाओं की कमी और विशेषज्ञ डॉक्टरों की अनुपलब्धता भी उन्होंने प्रमुख समस्या बताई। पांडेय ने कहा कि यदि जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज ठीक से कार्य करें तो मरीजों को लखनऊ के बड़े संस्थानों, जैसे संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, में रेफर करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने आयुष्मान योजना की जांच कराने और स्वास्थ्य विभाग को ष्दलालों से बचानेष् की भी मांग की। प्रतिव्यक्ति आय और विकास के मुद्दे पर भी विपक्ष ने सरकार को घेरा। माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि सरकार आंकड़ों से खेल रही है और वास्तविक स्थिति को छिपा रही है। उन्होंने समाजवादी पार्टी सरकार के कार्यकाल में हुए निर्माण कार्यों का उल्लेख करते हुए लखनऊ के इकाना स्टेडियम, लोक भवन, पुलिस मुख्यालय और इलाहाबाद उच्च न्यायालय परिसर के विकास कार्यों को गिनाया। उन्होंने चुनौती दी कि वर्तमान सरकार एक्सप्रेसवे के अलावा कोई बड़ा विकास कार्य गिनाए। साथ ही कई विभागों में पूरा बजट खर्च न होने और केंद्र से मिलने वाले कर हिस्से में कमी आने का मुद्दा भी उठाया। नेता प्रतिपक्ष ने राज्य में शिक्षकों की कमी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने सरकार से आलोचना छोड़कर जनहित के मुद्दों पर ठोस कदम उठाने का आग्रह किया।

### लोकतंत्र के सशक्तिकरण के लिए सदन के सभी सदस्यों का अभिनंदन

# योगी ने विस में गिनाई सरकार की उपलब्धियां

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ मुख्यमंत्री ने विकास योजनाओं को विस्तार से रखा, विपक्ष पर भी तीखा हमला बोला

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकार की आर्थिक उपलब्धियों और विकास योजनाओं को विस्तार से रखा। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर भी तीखा हमला बोला। मुख्यमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्हें शिवपाल सिंह यादव का 'श्राप' न लगे। साथ ही उन्होंने लोकतंत्र के सशक्तिकरण के लिए सदन के सभी सदस्यों का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि यह बजट कई मायनों में ऐतिहासिक है, क्योंकि पहली बार कोई मुख्यमंत्री दसवीं बार बजट पेश कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार कर्ज के अनुपात को घटाकर 27 प्रतिशत से 23 प्रतिशत तक लाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। राज्य की आय में बढ़ोतरी का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में सरकारी आय लगभग 43 हजार करोड़ रुपये थी, जो अब बढ़कर एक लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि भारत तभी विकसित होगा, जब उसके राज्य विकसित होंगे और उत्तर प्रदेश इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि पहले उत्तर प्रदेश को देश के पिछड़े राज्यों में गिना जाता था, लेकिन अब प्रदेश देश के शीर्ष तीन राज्यों में शामिल है। उन्होंने लक्ष्य रखा कि वर्ष 2026-27 तक प्रदेश की जीडीपी 40 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंचाई जाएगी। विपक्ष पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी के शासनकाल में प्रदेश की छवि इतनी खराब हो गई थी कि बाहर से आने वाले लोगों को होटल में कमरे तक नहीं मिलते थे। लेकिन आज उत्तर प्रदेश के लोगों को देशभर में सम्मान मिल रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में जब उनकी सरकार बनी, तब किसानों की कर्ज माफी की घोषणा के बावजूद कहीं से आर्थिक सहयोग नहीं मिल रहा था, क्योंकि प्रदेश की छवि खराब थी। उन्होंने कहा कि उस समय प्रदेश का खजाना खाली था, लेकिन सरकार ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाकर और सरकारी धन के लीकेज को रोक. कर वित्तीय स्थिति सुधारी। मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश ने भारतीय रिजर्व बैंक की गाइडलाइंस का पूरी तरह पालन किया है। वर्ष 2026 में प्रदेश का पूंजीगत व्यय (कैपिटल एक्सपेंडिचर) बढ़कर 1 लाख 77 हजार करोड़ रुपये हो गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में 96 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयां कार्यरत हैं, जो रोजगार सृजन और आर्थिक विकास की मजबूत आधारशिला हैं।

### जब बजट का समुचित उपयोग नहीं, तो बजट प्रस्तुत करना मात्र दिखावा: कांग्रेस

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में कांग्रेस ने बड़े बजट के बावजूद खर्च में कथित ढिलाई को लेकर योगी आदित्यनाथ सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि जब बजट का समुचित उपयोग ही नहीं किया जा रहा तो बड़ा बजट प्रस्तुत करने का दावा महज दिखावा है। कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने शुक्रवार को बजट पर चर्चा के दौरान कहा कि बजट का आकार बढ़ाना और आंकड़ों की गिनती बढ़ाना विकास का प्रमाण नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और ग्राम विकास जैसे अहम विभागों में आवंटित धनराशि का पूरा उपयोग नहीं कर पा रही है। उन्होंने आउटसोर्सिंग के माध्यम से दी जा रही नौकरियों को युवाओं के साथ धोखा बताते हुए कहा कि इससे उनके भविष्य पर अनिश्चितता छा जाती है। कांग्रेस ने सरकार से स्थाई नौकरी और सम्मानजनक वेतन की ठोस नीति बनाने की मांग की है।

# आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के मानदेय पर सरकार ने दी सफाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ विधानसभा में विपक्ष ने आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के मानदेय पर सवाल खड़े किए

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में शुक्रवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के मानदेय पर सवाल खड़े किए गए। इसको लेकर सरकार ने अपनी तरफ से जवाब दिया।

सदन की कार्यवाही शुरू होते ही समाजवादी पार्टी की विधायक रागिनी सोनकर ने श्रम एवं रोजगार मंत्री से पहला सवाल किया। उन्होंने आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के मानदेय में वृद्धि का मुद्दा उठाते हुए कहा कि उन्हें सरकारी कर्मचारियों के बराबर वेतन दिया जाना चाहिए। इस पर श्रम एवं रोजगार मंत्री अनिल राजभर ने जवाब देते हुए कहा कि निविदा में कार्य अवधि पहले से निर्धारित होती है। कंपनियां बदल सकती हैं, लेकिन कर्मियों को नहीं बदला जाता। उन्होंने बताया कि इस संबंध में 2009 और 2016 के आदेश लागू हैं और वर्तमान सरकार ने इसमें कोई नया निर्णय नहीं लिया है। इसके बाद सपा विधायक आरके वर्मा ने महंगाई का मुद्दा उठाते हुए सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कविता के माध्यम से तंज कसते हुए कहा कि तेल की बोतल पूछ रही है ये पहले तुम ही खरीदते थे मुझे आज क्यों सोच रहे हो।ष उन्होंने आरोप लगाया कि आलू किसान परेशान हैं जबकि बिचौलिए मालामाल हो रहे हैं। मंत्री ने जवाब में कहा कि राज्य सरकार केवल केंद्र सरकार को रिपोर्ट भेज सकती है।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 82814.71
निफ्टी 25571.25



सोना 152000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 237000
प्रति किलो



# गिरावट से उबरा शेयर बाजार आईटी कंपनियों में गिरावट

मुंबई, वार्ता



बैंकिंग और धातु सेक्टरों में लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को तेजी लौट आई, हालांकि आईटी सेक्टर की कंपनियों पर दबाव देखा गया। बीएसई का सेंसेक्स 316.57 अंक (0.38 प्रतिशत) चढ़कर 82,814.71 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 116.90 अंक यानी 0.46 प्रतिशत ऊपर 25,571.25 अंक पर बंद हुआ।

पिछले कारोबारी दिवस पर दोनों सूचकांक डेढ़ प्रतिशत के करीब टूटे थे। मझौली कंपनियों में आज लिवाली ज्यादा हुई, जबकि छोटी कंपनियों में बिकवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.40 प्रतिशत चढ़ गया जबकि स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.11 प्रतिशत की गिरावट रही। बैंकिंग, धातु, एफएमसीजी, ऑटो, तेल एवं गैस, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, रियलटी और स्वास्थ्य समूहों के सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। आईटी और मीडिया समूहों में गिरावट रही। संसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी का शेयर पौने तीन फीसदी चढ़ गया। एलएंडटी में सवा दो प्रतिशत की तेजी रही। हिंदुस्तान यूनीलिवर, बजाज फाइनेंस, पावरग्रिड, टाटा स्टील, बीईएल और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर एक से दो प्रतिशत की बढ़त में रहे। टाइटन, मारुति सुजुकी, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंडिगो, एशियन पेंट्स, सनफार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फिनसर्व, अल्ट्राटेक सीमेंट, ट्रेंट और आईटीसी में भी तेजी रही। क्वालिटी वॉल का शेयर साढ़े तीन फीसदी गिर गया। टेक महिंद्रा, इंफोसिस और इटरनल में एक से दो प्रतिशत की गिरावट रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, भारती एयरटेल, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी टूट गए।

# विदेशी मुद्रा भंडार 8.66 अरब डॉलर बढ़कर पहली बार 725 अरब डॉलर के पार

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 13 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 8.663 अरब डॉलर बढ़कर 725.727 अरब डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा का देश का भंडार पहली बार 725 अरब डॉलर के पार गया है। इससे पहले 06 फरवरी को समाप्त सप्ताह में यह 6.71 अरब डॉलर घटकर 717.064 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 13 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में 3.55 अरब डॉलर की वृद्धि हुई और शुक्रवार को यह 573.603 अरब डॉलर रहा। इसमें अमेरिकी डॉलर के अलावा जापानी एन, ब्रितानी पाउंड और यूरो भी शामिल हैं। इनके मूल्य का निर्धारण डॉलर की तुलना में संदर्भ दर के आधार पर होता है। आलोच्य सप्ताह में स्वर्ण भंडार भी 4.99 अरब डॉलर बढ़कर 128.466 अरब डॉलर पर पहुंच गया। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 1.9 करोड़ डॉलर और विशेष आहरण अधिकार 10.3 करोड़ डॉलर बढ़कर क्रमश: 4.734 अरब डॉलर और 18.924 अरब डॉलर हो गया। विदेशी मुद्रा भंडार के मामले में चीन, जापान, यूरोप और रूस के बाद भारत पांचवें स्थान पर है।

# शिवराज ने अरहर, उड़द और मसूर की पैदावार बढ़ाने पर पर चर्चा की

नई दिल्ली, वार्ता

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को अरहर, उड़द और मसूर जैसी प्रमुख दलहनी फसलों की पैदावार को बढ़ावा देने के लिए प्रस्तावित छह वर्षीय 'दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' पर अधिकारियों के साथ गहन चर्चा की।

चौहान ने कहा कि किसानों को बिचौलियों से मुक्त कर सीधे सरकारी खरीद प्रणाली से जोड़ना सरकार की प्रतिबद्धता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राज्यों के साथ समन्वय मजबूत हो और खरीद, भंडारण को और अधिक चाक चौबंद बनाया जाए, जिससे बाजार में मूल्य स्थिरता बनी रहे और किसानों के हितों की रक्षा हो सके बैठक में विशेष रूप से अरहर, उड़द और मसूर जैसी प्रमुख दालों की पैदावार बढ़ावा देने के लिए प्रस्तावित छह वर्षीय 'दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' पर गहन चर्चा हुई। इस मिशन के तहत उन्नत बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, तकनीकी सहयोग बढ़ाने



और एक बेहतर मार्केटिंग तंत्र विकसित करने की योजना तैयार की गई है। सरकार का लक्ष्य दलहन पैदावार में देश को आत्मनिर्भर बनाकर आयात पर निर्भरता कम करना और किसानों की आय में स्थाई वृद्धि सुनिश्चित करना है। कृषि मंत्री ने मूल्य समर्थन योजना और मूल्य स्थिरीकरण निधि के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए राज्यों के साथ बेहतर समन्वय पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को कहा खरीद केंद्रों पर किसानों के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं हों ताकि उन्हें फसल बेचने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही, भंडारण व्यवस्था अधिक प्रभावी बनाने की बात कही गई, ताकि बाजार में कीमतों में स्थिरता बनी रहे और किसानों के आर्थिक हितों की रक्षा की जा सके।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना

स्कूलों-कॉलेजों के सिलेबस में होगा बड़ा बदलाव
आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव का बड़ा ऐलान

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**शिक्षामित्रों...**

580 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि सपा शासनकाल में ड्रॉप आउट रेट लगभग छह प्रतिशत था, जिसे घटाकर 0.3 प्रतिशत तक लाया गया है। आठ हजार न्याय पंचायतों तक कंपोजिट विद्यालय ले जाने का लक्ष्य है, जहां एक ही छत के नीचे 12वीं तक की पढ़ाई और कौशल विकास प्रशिक्षण उपलब्ध होगा।

उन्होंने कहा कि स्कूलों में शौचालय और पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने से बच्चियों का स्कूल छोड़ना कम हुआ है। प्रदेश भर में बच्चों को ड्रेस, जूते और बैग देने की व्यवस्था की गई है, जिसमें किसी जाति या मजहब के आधार पर भेदभाव नहीं किया गया। योगी ने डिजिटल एन्टरप्रेन्योर योजना की घोषणा करते हुए कहा कि गांवों में आठ हजार डिजिटल उद्यमी स्थापित किए जाएंगे, जिनमें 50 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं के लिए होगा। साथ ही महिला उद्यमी विपणन उद्योग केंद्र स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आने वाला समय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का है और यूपी सरकार युवाओं को मुफ्त एआई टूल उपलब्ध कराएगी। 2030 तक पांच गीगावॉट क्षमता का डाटा सेंटर क्लस्टर विकसित करने की योजना है। लखनऊ और आसपास के जिलों को स्टेट कैपिटल रीजन तथा काशी-मिर्जापुर (विध्याचल) क्षेत्र को इकोनॉमिक जोन के रूप में विकसित किया जाएगा।

**दबाव में...**

हमारे तेल आयात तय करने की इजाजत देकर भारत की ऊर्जा सुरक्षा से समझौता क्यों किया गया? बिना किसी पारस्परिक वादे के, हर साल 100 अरब डॉलर का अमेरिकी आयात बढ़ाने पर सहमति क्यों दी गई? कांग्रेस नेता ने कहा कि मैंने यह क्यों कहा कि यह समझौता भारत को एक डेटा कॉलोनी (जहां किसी देश का नियंत्रण विदेशी शक्ति के पास हो) बना सकता है? श्री मोदी ऐसा समझौता क्यों मानेंगे?, जिसमें भारत इतना कुछ दे रहा और बदले में बहुत कम मिलता दिख रहा है। श्री गांधी ने इसे शर्मनाक स्थिति बताया और कहा कि इस आत्मसमर्पण का रहस्य प्रधानमंत्री पर डाले गए ग्रिप्स या पकड़ और चोक्स या गला घोंटने वाली स्थिति में छिपा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि उन्हें समझ नहीं आ रहा कि आखिर श्री मोदी ऐसे समझौते पर क्यों सहमत हुए, जिसमें भारत इतना कुछ देता है और बदले में इतना कम मिलता है। उन्होंने इसे आत्मसमर्पण बताया और कहा कि इस घोर आत्मसमर्पण का कारण प्रधानमंत्री पर बनाए गए 'दबाव' में निहित है।

# एआई समिट में युवा कांग्रेस का प्रदर्शन शर्मनाक: खंडेलवाल

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने यहां भारत मंडपम में आयोजित कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) समिट में शुक्रवार को युवा कांग्रेस के प्रदर्शन को शर्मनाक करार दिया है। खंडेलवाल ने संवाददाताओं से कहा कि जब देश एआई, नवाचार और भारत के तकनीकी भविष्य पर मंथन कर रहा था, उस समय इस प्रकार का भद्दा और ध्यान आकर्षित करने वाला 'नग्न प्रदर्शन' करना देश की गरिमा को ठेस पहुंचाने जैसा है। उन्होंने कहा कि यह आचरण उस दिवालिया मानसिकता को उजागर करता है, जो आज कांग्रेस की पहचान बन चुकी है। विचार, नीति विकल्प और सार्थक बहस प्रस्तुत करने के बजाय कांग्रेस केवल नाटक, उकसावे और अव्यवस्था फैलाने की राजनीति कर रही है। यह व्यवहार न केवल राजनीतिक हताशा दर्शाता है, बल्कि देश के युवाओं की आकांक्षाओं से पूर्णत: कटे होने का प्रमाण भी है। उन्होंने कहा कि लगातार चुनावी पराजयों के बावजूद कांग्रेस ने आत्ममंथन नहीं किया है। श्री राहुल गांधी के विफल और अप्रभावी नेतृत्व में कांग्रेस ने रचनात्मक विपक्ष की भूमिका छोड़कर केवल प्रदर्शन और सनसनी की राजनीति को अपनाया है। खंडेलवाल ने कहा कि भारत का युवा अवसर, नवाचार और वैश्विक नेतृत्व चाहता है, इस तरह का आचरण नहीं। एआई समिट भारत की तकनीकी क्षमता और वैश्विक दृष्टि को प्रस्तुत करने का मंच थाद्ध इसे बाधित करने का प्रयास राष्ट्रीय प्रगति का अपमान है।

# गोयल ने किया निर्यात संवर्धन मिशन का शुभारंभ

■ वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने कहा- एफटीए से विश्व के बड़े बाजारों में प्रवेश आसान

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सूक्ष्म, लघु और मझोले वर्ग के उद्यमों (एमएसएमई) के निर्यात को बढ़ावा देने और उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए मजबूत करने के लिए शुक्रवार को निर्यात संवर्धन मिशन का शुभारंभ किया।

हाल के व्यापार समझौतों में भारतीय निर्यातकों के लिए वैश्विक जीडीपी में 70 प्रतिशत योगदान कर रहे देशों में भारतीय माल को वरीयता के आधार पर प्रवेश की सुविधा की गई है। उन्होंने इस मिशन के तहत सात अतिरिक्त समाधानों को शुरू किए जाने की घोषणा की, जो देश के निर्यातकों के सामने कर्ज की समस्या, विदेशी बाजारों में विस्तार के लिए मानकों आदि की चुनौतियों से निपटने तथा लॉजिस्टिक्स आदि की समस्या से निपटने में मदद करने के लिए हैं। इसके लिए वाणिज्य भवन में निर्यात इकाइयों के साथ आयोजित कार्यक्रम में वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल भी इस अवसर पर उपस्थित थे। गोयल ने कहा कि भारत के मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के बढ़ते नेटवर्क ने भारतीय निर्यातकों के लिए विश्व स्तर पर बड़ी संख्या में बाजारों का रास्ता आसान किया है। उन्होंने कहा कि अब तक अमेरिका के साथ हुए अंतरिम समझौतों समेत नौ समझौतों में शामिल देश सकल वैश्विक उत्पाद में लगभग 70 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार में दो-तिहाई हिस्से का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा कि ये समझौते 38 विकसित और उभरती अर्थव्यवस्था वाले देशों के बाजार में हर उस वस्तु के मामले में भारतीय निर्यातकों को वरीयता के आधार पर प्रवेश दिलाते हैं जिनका वहां आयात किया जाता है।

### भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं को 'सनातन' की ट्रेनिंग देने की तैयारी

**लखनऊ।** कांग्रेस समेत अन्य दलों को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने वाले नेताओं को अब सीधे संगठन में जिम्मेदारी नहीं मिलेगी। पार्टी ने तय किया है कि ऐसे नेताओं को पहले 'सनातन प्रशिक्षण' से गुजरना होगा। प्रशिक्षण पूरा करने के बाद ही उन्हें पार्टी की मुख्यधारा में सक्रिय भूमिका दी जाएगी। भाजपा सूत्रों के अनुसार इस प्रशिक्षण में पार्टी की रीति-नीति, कार्य संस्कृति, हिंदुत्व और राष्ट्रवाद की विचारधारा से विस्तार से अवगत कराया जाएगा। उद्देश्य यह है कि अन्य दलों से आए नेता संगठन की विचारधारा को आत्मसात कर सकें और चुनावी रणनीति में प्रभावी भूमिका निभा सकें। पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस व अन्य दलों से बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए थे। पार्टी का दावा था कि ऐसे नेताओं की संख्या 20 हजार से अधिक रही। अब भाजपा इन्हें 2027 के विधानसभा चुनाव में विपक्ष के खिलाफ एक मजबूत राजनीतिक आधार के रूप में तैयार करना चाहती है। पार्टी की रणनीति है कि इन नेताओं के माध्यम से कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं को भाजपा से जोड़ा जाए और संगठन का दायरा बूथ स्तर तक मजबूत किया जाए।

# अहमद ने जनता व पुलिस के बीच भरोसे का पुल कायम किया था: हाशमी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** पूर्व स्वास्थ्य एवं शिक्षा मंत्री अहमद हसन की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर अहमद हसन वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में एक दुआई बैठक श्रद्धांजलि सभा) का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के संयोजक डॉ. अब्दुल कुद्दूस हाशमी ने दिवंगत नेता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्वर्गीय अहमद हसन का निधन राष्ट्रीय, सामाजिक और राजनीतिक स्तर पर एक बड़ी क्षति है।




उन्होंने कहा कि अहमद हसन का जीवन ईमानदारी, जनसेवा और लोककल्याण की जीवंत मिसाल थी और वे आज के राजनेताओं के लिए मार्गदर्शक की भूमिका रखते हैं। उन्होंने अपने व्यावहारिक जीवन की शुरुआत एक ईमानदार और गरिमामय पुलिस अधिकारी के रूप में की और बाद में राजनीति में आकर जनसेवा को अपना उद्देश्य बना लिया।

वे पांच बार समाजवादी पार्टी से विधान परिषद के सदस्य चुने गए और परिषद में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी भी संभाली। पुलिस सेवा के दौरान उन्होंने प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के साथ-साथ जनता और पुलिस के बीच विश्वास स्थापित किया तथा समाज में भय और असुरक्षा के माहौल को समाप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका 'पुलिस अधिकारी से राजनीति तक' का सफर आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक है। डॉ. हाशमी ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री के रूप में उन्होंने प्रदेश की जनता को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। ब्लॉक लेवल पर ग्रामीण इलाकों में डिस्पेंसरी और अस्पताल बनाए , उनके कार्यकाल में प्रभावी दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई और उनके कार्यकाल में उत्तर प्रदेश पोलियो मुक्त हुआ। उन्होंने आगे कहा कि पिछड़े वर्गों के अधिकारों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए किए गए प्रयासों के साथ-साथ शिक्षा मित्रों को सहायक अध्यापिका पद देकर उनकी तनख्वाह में चार गुणा इज़ाफ़ा कराया एवं उर्दू शिक्षकों की बड़े पैमाने पर नियुक्ति की तथा बुनकरों को बिजली फ्लैट रेट पर उपलब्ध कराने जैसे कदमों से हजारों परिवारों को आर्थिक स्थिरता मिली, जो उनकी समाजवादी जनहितैषी सोच और प्रभावी नेतृत्व का प्रमाण है। दुआई बैठक के अंत में दिवंगत के लिए विशेष प्रार्थना की गई और इस संकल्प को दो. हराया गया कि उनके जनकल्याण मिशन और सेवा भावना को आगे बढ़ाया जाएगा।

# 16 जनपदों के 25 गांवों में चकबंदी कार्य पूर्ण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** चकबंदी आयुक्त डा0 हृषिकेश भास्कर यशोद ने चकबंदी विभाग के जनपदीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर विभिन्न जनपदों में चल रहे चकबन्दी को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश निर्गत किये थे, जिसके क्रम में 16 जनपदों के 25 गांवों के चकबंदी कार्यों को पूर्ण कराकर उ0प्र0 जोत चकबन्दी अधिनियम की धारा-52(1) के अन्तर्गत प्रख्यापन कर चकबन्दी क्रियाएं समाप्त कर दी गई।

चकबंदी आयुक्त द्वारा लम्बित चकबंदी कार्यों को शीर्ष प्राथमिकता पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गये हैं। जिसके क्रम में 16 जनपदों जौनपुर, गोरखपुर, आजमगढ़, बरेली, देवरिया, बलिया, सिद्धार्थनगर, प्रयागराज, बाराबंकी, संतकबीरनगर, बस्ती, रामपुर, सुल्तानपुर, सोनभद्र, लखीमपुरखीरी व उन्नाव के 25 गांवो में चकबंदी कार्यों को पूरा कराते हुए संबंधित जनपदों के बंदोबस्त अधिकारियों तथा जिलाधिकारियों की समिति ने गहन परीक्षण कर चकबंदी आयुक्त को प्रस्ताव प्रेषित किया था, जिसके क्रम में चकबंदी आयुक्त ने धारा-52(1) के अन्तर्गत प्रख्यापन कर 43 गांवों में चकबंदी कार्य पूर्ण करने की स्वीकृति प्रदान की है। इन 25 ग्रामों में से जनपद जौनपुर का ग्राम मैदासपटी 44 वर्षों से, जनपद गोरखपुर का ग्राम हेमधापुर 38 वर्षों से, जनपद बस्ती का ग्राम सोनखर 34 वर्षों से तथा जनपद आजमगढ़ का ग्राम खुदवल 33 वर्षों से चकबन्दी प्रक्रियाधीन थे, जिसमें चकबन्दी आयुक्त डा0 हृषिकेश भास्कर यशोद के सघन पर्यवेक्षण के फलस्वरूप सम्बन्धित जिला. धिकारियों व चकबन्दी विभाग के अधिकारियों द्वारा उक्त ग्रामों की चकबन्दी पूर्ण करायी गयी। इन ग्रामों की चकबन्दी पूर्ण होने से ख्रषकों को सार्वजनिक सुविधाओं का लाभ प्राप्त हुआ है तथा ग्राम के विकास कार्यों गति मिली है।

# 70 प्लस के वृद्ध जनों से आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनवाने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखीमपुर खीरी।** शासन के निर्देश पर आईटीआई राजापुर में आयोजित वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सक्रिय भागीदारी की जा रही है।

इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता ने आम जनमानस से अपील की है कि जिन नागरिकों की आयु 70 वर्ष से अधिक हो चुकी है, अथवा जिनके परिवार में कोई वरिष्ठ नागरिक इस आयु वर्ग में आता है, वे अपना आयुष्मान गोल्डन कार्ड अवश्य बनवाएं। सीएमओ ने जानकारी देते हुए बताया कि 22 फरवरी, रविवार को आईटीआई राजापुर में सुबह 10 बजे से आयोजित वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शि. विर में आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाया जाएगा।

इसके लिए पात्र लाभार्थियों को केवल आधार कार्ड साथ लाना होगा। स्वास्थ्य विभाग की टीम निर्धारित समयावधि में मौके पर उपस्थित रहकर कार्ड बनाने में पूर्ण सहयोग प्रदान करेगी।सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने यह भी बताया कि शिविर में स्वास्थ्य विभाग की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल भी लगाए जा रहे हैं, जहां आम नागरिक स्वस्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और लाभ लेने की प्रक्रिया समझ सकते हैं।

आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र वरिष्ठ नागरिकों को प्रति वर्ष 5 लाख तक का नि:शुल्क इलाज। देशभर के पैनल में शामिल सरकारी व निजी अस्पतालों में कैशलेस उपचार की सुविधा। गंभीर बीमारियों, ऑपरेशन, भर्ती, दवाइयों और जांचों का सम्पूर्ण खर्च कवर। बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान और त्वरित पहुंच।

# आतंक का पर्याय बना बाघ पिंजरे में हुआ कैद

**शाह टाइम्स ब्यरो**

**लखीमपुर खीरी।** जनपद के तराई क्षेत्र में पिछले कई महीनों से दहशत का पर्याय बने एक खूंखार बाघ को आखिरकार वन विभाग की टीम ने सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर ही लिया है।



दुधवा टाइगर रिजर्व के बफर जोन क्षेत्र और खीरी-पीलीभीत वन प्रभाग के संपूर्णानगर वन रेंज के अंतर्गत आने वाले चंदनगर गांव में चलाए गए इस रेस्क्यू ऑपरेशन ने क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को बहुत बड़ी राहत दी है। पकड़े गए बाघ की उम्र लगभग 2 वर्ष बताई जा रही है, जो पिछले काफी समय से रिहायशी इलाकों में अपनी धमक बनाए हुए था। यह बाघ न केवल पालतू पशुओं को अपना निवाला बना रहा था, बल्कि इंसानों पर भी हमले की कोशिशों के चलते पूरे इलाके में खौफ का माहौल पैदा कर चुका था। चंदनगर और आसपास के गांवों की स्थिति इतनी भयावह हो गई थी कि लोग सूरज ढलने से पहले ही खुद को घरों में कैद करने पर मजबूर थे। किसानों का अपने खेतों पर जाना दुश्वार हो गया था। जिसके बाद विभाग ने इस बाघ को पकड़ने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी। वन अधिकारियों के निर्देशन में टीम ने क्षेत्र में लगातार निगरानी बढ़ा दी थी और बाघ की लोकेशन को ट्रैक करने के लिए आधुनिक उपकरणों का सहारा लिया गया। कई दिनों की कड़ी मशक्कत, पदचिन्हों की ट्रैकिंग और रणनी. तिक रूप से लगाए गए पिंजरों के जाल में आखिरकार यह बाघ फंस गया। रेस्क्यू अभियान की सफलता के बाद वन विभाग की टीम ने राहत की सांस ली है। जैसे ही बाघ के पकड़े जाने की खबर चंदनगर गांव और आसपास के क्षेत्रों में फैली, ग्रामीणों का तांता लग गया। महीनों से डर के साये में जी रहे लोगों ने वन विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया और इस कामयाबी को एक बड़ी जीत बताया। वन अधिकारियों के मुता. बिक, पकड़े गए बाघ का स्वास्थ्य परीक्षण विशेषज्ञों की टीम द्वारा किया जा रहा है। चिकित्सकीय जांच की प्रक्रिया पूरी होने के बाद, उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार बाघ को किसी सुरक्षित प्राख्रतिक आवास या चिड़ियाघर में भेजने का निर्णय लिया जाएगा। फिलहाल, वन विभाग की टीम क्षेत्र में गश्त कर रही है ताकि अन्य किसी वन्यजीव की मौजूदगी की संभावना को भी परखा जा सके, हालांकि अभी स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में और शांतिपूर्ण बताई जा रही है।

# आगामी विधानसभा चुनाव के लिए राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने ठोकी ताल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा उत्तर प्रदेश (मध्य) की एक महत्वपूर्ण बैठक राष्ट्रीय महासचिव जॉय बनर्जी एवं प्रदेश अध्यक्ष पटेल अशोक कुमार विश्वास की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित हुई।

जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार उपेन्द्र कुशवाहा का प्रदेश में प्रस्तावित आगमन की तैयारी की रूप रेखा, प्रदेश की कार्यकारणी विस्तार और आगामी विधानसभा व जिला पंचायत चुनावों की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई और पार्टी की विचार धारा एवं संगठन को प्रदेश के हर गांव गांव तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष ओंकार सिंह, प्रदेश महासचिव ओम प्रकाश, प्रदेश आई टी सेल प्रभारी आदर्श सिंह, जिला अध्यक्ष लखनऊ अरविंद सिंह, जिला अध्यक्ष हरदोई कंचन कुमार जिला संगठन मंत्री लखनऊ अभिषेक मिश्र एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# बजट 2026-27 की घोषणाओं से यूपी बनेगा टेक्नोलॉजी पावरहाउस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश निर्णायक छलांग लगाने की ओर कदम बढ़ा रहा है। इस क्षेत्र को और गतिशील बनाने के लिए योगी सरकार ने बजट 2026-27 के माध्यम से विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं आईटी क्षेत्र को नई दिशा देने वाली कई महत्वाकांक्षी योजनाओं की घोषणा की है।

इस पहल से प्रदेश न केवल डिजिटल और तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बनेगा, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर विज्ञान और नवाचार का प्रमुख केंद्र भी बनेगा। बजट में इंडिया एआई मिशन और इंडिया एआई डेटा लैब को आगे बढ़ाने के साथ उत्तर प्रदेश एआई मिशन की शुरुआत का प्रस्ताव रखा गया है। इसका उद्देश्य शासन व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य और ख्रषि जैसे क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित समाधान विक. सित करना है। साथ ही उत्तर प्रदेश स्टेट डेटा सेंटर और उत्तर प्रदेश डेटा सेंटर क्लस्टर को सुख्रढ़ कर प्रदेश को सुरक्षित डेटा भंडारण और क्लाउड सेवाओं का बड़ा हब बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया गया है। लखनऊ और गौतम बुद्ध नगर में यू-हब की स्थापना से स्टार्टअप और नवाचार को नई ऊर्जा मिलेगी। सरकार का मानना है टेक युवा समर्थ युवा योजना के तहत तकनीकी क्षेत्र में दक्ष युवाओं को प्रोत्साहन देकर उन्हें रोजगार और कारोबार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। साइबर सुरक्षा तंत्र को सुदृढ़ कर योगी सरकार डिजिटल युग की चुनौतियों से निपटने के लिए लगातार कदम उठा रही है। यूपी स्टेटवाइड एरिया नेटवर्क-3 के विस्तार से शासन की डिजिटल कनेक्टिविटी और तेज होगी। इससे जिला और तहसील स्तर तक ऑनलाइन सेवाएं अधिक प्रभावी ढंग से पहुंच सकेंगी। प्रदेश में नए पॉलिटेक्निक संस्थानों के निर्माण और वर्तमान संस्थानों के उच्चीकरण से तकनीकी शिक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। नई और उभरती टेक्नोलॉजी मिशन के अंतर्गत रोबोटिक्स, ड्रोन, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) और ब्लॉकचेन जैसी आधुनिक तकनीकों में अनुसंधान और प्रशिक्षण को बढ़ावा दिया जाएगा। आकाशीय विद्युत से बचाव और पूर्व चेतावनी हेतु सैटेलाइट पेलोड और सेंसर की व्यवस्था प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा के क्षेत्र में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को मजबूत करेगी।

# किशोरी ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में नैनी स्थित पीडीए कॉलोनी के सी ब्लॉक में गुरुवार शाम एक किशोरी ने पंखे से दुपट्टे का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार नैनी सी ब्लॉक स्थित ईसी-107 में रहने वाली सुमन देवी अपने मायके में दो बेटों और एक बेटी के साथ रहती हैं। उनकी पुत्री अंशिका गौड़ (15) अपने भाइयों सुमित और आर्यन के साथ घर पर थी। गुरुवार को खाना खाने के बाद अंशिका अपने कमरे में चली गई, लेकिन काफी देर तक बाहर नहीं आई।

भाई द्वारा आवाज लगाने पर भी जब कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली तो खिड़की से झांककर देखा गया कि वह दुपट्टे के सहारे पंखे से लटकी हुई है। परिजनों के शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्र हो गए और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर किशोरी को नीचे उतारा। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट या मोबाइल फोन बरामद नहीं हुआ है। पीडीए चौकी प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में किशोरी के मान. सिक तनाव में रहने की बात सामने आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पंचम खेड़ा में नाली चोक, जल भराव से स्थानीय लोगों को निकलना दूभर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ रायबरेली रोड से चरण भठा की तरफ जाने वाली रोड से शिव मंदिर के पास विजय कुमार पुत्र बाबूलाल के मकान से भगवती प्रसाद पुत्र क्षेदीलाल के मकान की तरफ जाने वाली रोड पर काफी जल भरा हुआ है नाली की सफाई न होने के कारण घरों का गन्दा पानी सड़क पर काफी दूर तक भरा हुआ है जिससे आम जनमानस को, स्कूल जाने वाले बच्चों को, काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



स्थानीय निवासी शिवशंकर, आनन्द कुमार, राजाराम, सोनू, चन्दन कुमार, बंटी, हनुमान, अश्विनी कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, ओमप्रकाश, अयोध्या प्रसाद, बेचालाल, कमलेश, अजीज, जमुना प्रसाद, रमेश कुमार, बनारसी आदि ने स्थानीय पार्षद इब्राहिम पुर वार्ड विद्यावती भाग दो - द्रौपदी रावत पत्नी मनोज कुमार रावत से कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई कार्य नहीं हो रहा है जबकि ये पूरा इलाका नगर निगम के क्षेत्र में आता है फिर भी कोई सफाई कर्मी व उनके ठेकेदार कभी झांक तक नहीं लेते। ऐसे ही देखा जाए तो तो हर वार्ड में सफाई के नाम पर ठेकेदार और उनके सफाई कर्मी सरकार की मंशा पर सवाल खड़े होते हैं।

### कौशांबी में ट्रक-स्कॉर्पियों में भिड़ंत, छह घायल

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में शुक्रवार भोर ट्रक और स्कॉर्पियो की आमने-सामने टक्कर में छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार स्कॉर्पियो सवार लोग कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग से कानपुर की ओर से आ रहे थे। जैसे ही वाहन भरवारी मोड़ की ओर मुड़ा, प्रयागराज की दिशा से आ रहे ट्रक से उसकी आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कॉर्पियो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार सवार मुन्ना, राजू भारतीय, दीपू, सूरज, मुकेश और गोविंद, सभी निवासी ग्राम चमन्धा, गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही कोखराज पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल मंझनपुर में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार जारी है।

# इटावा में अगवा छात्र की हत्या, शव रेलवे ट्रैक पर फेंका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**इटावा।** उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के भरथना क्षेत्र से अगवा छात्र की हत्या कर शव रेलवे लाइन पर फेंके जाने की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है।

18 फरवरी को कोचिंग से लौटने के बाद लापता हुए मनीष यादव का शव गुरुवार देर रात इकदिल क्षेत्र में रेलवे ट्रैक के पास एक प्लास्टिक बोरी में बरामद हुआ। पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर अभय नारायण राय ने शुक्रवार को बताया कि रात करीब दस बजे रेलवे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और प्लास्टिक की बोरी में बंद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। परिजनों ने शव की पहचान मनीष यादव के रूप में की। मनीष भरथना क्षेत्र के बंधा गांव का निवासी था। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि हत्या के बाद शव को बोरी में पैक कर रेलवे ट्रैक पर इस मंशा से फेंका गया ताकि मामला हादसा प्रतीत हो, लेकिन बोरी में शव मिलने से हत्या की बात स्पष्ट हो गई। पुलिस ने मृतक के मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को जांच के दायरे में लिया है। मृतक के पिता राजवीर सिंह ने भरथना पुलिस पर अपहरण के मामले में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि समय रहते कार्रवाई की जाती तो उनके पुत्र की जान बच सकती थी। पोस्टमार्टम केंद्र पर मौजूद मनीष के बड़े भाई ने भी घटना को लेकर आक्रोश व्यक्त किया और भाई की मौत से व्यथित होकर बेहोश हो गया। यह भी सामने आया है कि मनीष के पिता का गांव में जमीन को लेकर एक महिला से पुराना अदालती विवाद चल रहा है। परि. जनों ने हत्या के पीछे इसी रंजिश की आशंका जताई है। सीओ सिटी ने बताया कि पहले से दर्ज गुमशुदगी के मुकदमे में अब हत्या की धाराएं बढ़ाई जाएंगी और नामजद व संदिग्ध आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# केडी सिंह बाबू स्टेडियम में राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा पहली बार आयोजित राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025-26 का शुभारंभ शुक्रवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह में दीप प्रज्वलन, ध्वजारोहण, मार्च पास्ट की सलामी और प्रतिभागियों के शपथ ग्रहण के साथ प्रतियोगिता की औपचारिक शुरुआत हुई।

इस अवसर पर मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि विभाग का उद्देश्य कौशल प्रशिक्षण के साथ युवाओं को खेलों से जोड़कर उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में आईटीआई संस्थानों में खेल संस्कृति को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे विद्यार्थी शारीरिक रूप से सशक्त और मानसिक रूप से आत्मविश्वासी बन सकें। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीत और हार जीवन का हिस्सा हैं, लेकिन निरंतर प्रयास ही सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। प्रमुख सचिव डा. हरिओम ने बताया कि पहली बार आयोजित इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेशभर के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से 579 प्रतिभागी (271 महिला और 308 पुरुष) भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण निदेशक अभिषेक सिंह ने बताया कि तीन दिवसीय प्रतियोगिता में 100, 200 और 400 मीटर दौड़, लंबी व ऊंची कूद, शॉटपुट, बैडमिंटन, कबड्डी, वॉलीबॉल, रस्साकशी और खो-खो सहित कुल 13 खेलों में प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता 22 फरवरी तक चलेगी।

# समाजवादी व्यवस्था लानें से प्राप्त होगा सामाजिक न्याय का लक्ष्य: डीपी यादव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रेसको जारी बयान में डी.पी.यादव ने कहा कि दुनिया भर में ष्विश्व सामाजिक न्याय दिवस के रूप में मनाया जाता है। आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक गैरबराबरी से बड़ी समस्या ना तो पहले कभी पूरी दुनिया में थी और ना आज है।

पूरी दुनिया में धर्म, जाति, लिंग, गरीबी और शिक्षा के आधार पर भेदभाव आज एक बहुत बड़ी समस्या है। किसी भी सभ्य समाज के लिए सामाजिक न्याय बहुत महत्वपूर्ण स्थान रखता है।सामाजिक न्याय से तात्पर्य पूरी दुनिया में लोगों के बीच उनकी सामाजिक स्थिति के बुनियाद पर किसी प्रकार का भेदभाव ना हो से है। जब समाज में असमानता, भेदभाव और शोषण बढ़ने लगता है तो सामाजिक न्याय की मांग होने लगती है।

नवंबर 2007 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 20 फरवरी को ष्विश्व सामाजिक न्याय दिवसष के रूप में घोषित किया था,जिसके बाद वर्ष 2009 में पहली बार यह दिवस मनाया गया। प्रत्येक वर्ष एक विशेष विषय को ध्यान में रखते हुए विश्व सामाजिक न्याय दिवस मनाया जाता है।इस वर्ष 2026 का विषय है ष्सामाजिक विकास और सामाजिक न्याय के प्रति नवीख्रत प्रतिब)ताष। यह विषय दोहा में आयोजित दूसरे विश्व सामाजिक विकास शिखर सम्मेलन और दोहा राजनीतिक घोषणा के बाद सामने आया। इसमें 1995 की कोपेनहेगन घोषणा की प्रतिब)ताओं को दोहराते हुए गरीबी उन्मूलन, उत्पादक रोजगार, सम्मानजनक कार्य और सामाजिक समावेशन को विकास के प्रमुख स्तंभ के रूप में रेखांकित किया गया है। सामाजिक न्याय का सपना तब तक पूरा नहीं हो सकता है जब तक कि सरकार की नीतियां गरीबों के पक्ष में और जनकल्याणकारी ना हों। लोगों को भी चाहिए की धर्म और आडंबर के नाम पर जो भी कुरितियां उन्होंने पाल रखी हैं उनसे छुटकारा पाएं जिससे उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन हो और वे आर्थिक,सामाजिक व राजनैतिक रूप से सशक्त हों। भारतवर्ष सहित पूरी दुनिया में शोषण विहीन समतामूलक समाजवादी व्यवस्था के माध्यम से ही सामाजिक न्याय के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# एक ही रात में 23 ट्यूबवैलों से मोटर व स्टार्टर चोरी

## रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** चोरों ने एक ही रात में तीन गांव के जंगल में ट्यूबवेल को निशाना बनाया। वह 23 ट्यूबवेल से स्टार्टर व केबिल चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी शुक्रवार सुबह को हुई है। प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए तहरीर दे दी है। यह घटनाएं डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव शेखुपुर गुर्जर, रसूलपुर गुर्जर व जगा नंगला की हैं। गुरुवार रात चोरों ने गांव शेखुपुर गुर्जर निवासी किसान दिनेश कुमार के तीन, जितेंद्र सिंह के एक, दुष्यंत सिंह के दो, नेता सिंह के तीन और सुंदर सिंह का एक स्टार्टर चोरी कर लिया। इसके अलावा रसूलपुर गुर्जर गांव निवासी पूर्व प्रधान नरदेव सिंह, अमर सिंह, भोले सिंह, कालू सिंह, अनिल कुमार, विजय सिंह, गिरवर सिंह, कल्यान सिंह, मोमराज सिंह, दयाराम सिंह तथा जगा नगला निवासी वीरपाल सिंह, नकुल सिंह और रूतेश कुमार सहित अन्य किसानों के नलकूपों से भी बिजली के केवल और स्टार्टर चोरी कर लिए गए। तीनों गांव आसपास ही हैं। शुक्रवार सुबह खेतों पर पहुंचे किसानों को चोरी की जानकारी हुई। जिसके बाद ग्रामीणों में रोष फैल गया। पीड़ित किसानों ने सामूहिक रूप से डिडौली थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने पुलिस से रात में गश्त बढ़ाने और चोरों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

# अमेरिका से किए समझौते को रद्द किया जाए

## मंडी समिति में भाकियू असली की पंचायत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** नगर की नवीन मंडी समिति में शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन असली की मासिक पंचायत का आयोजन किया गया। शिव कुमार की अध्यक्षता और गोवर्धन सिंह के संचालन में की गई। बैठक में किसानों ने स्थानीय समस्याओं से लेकर अंतरराष्ट्रीय समझौतों तक पर अपनी मुखर राय रखी। वक्ताओं ने पंचायत में क्षेत्र में बढ़ते छुट्टा पशुओं, आवारा कुत्तों और बंदरों के आतंक का मुद्दा प्रमुखता से छाया रहा। किसानों ने कहा कि इन जानवरों के कारण फसलों और जनहानि का खतरा बना रहता है। इसके अलावा, क्षेत्र की जर्जर सड़कों के निर्माण और मरम्मत की मांग पुरजोर तरीके से उठाई गई। वक्ताओं ने कहा कि टूटी सड़कों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और आम जनता को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में किसानों ने अमेरिका में हुए किसान विरोधी समझौते को लेकर कड़ा विरोध दर्ज कराया। यूनियन ने केंद्र सरकार से इस समझौते को तुरंत रद्द करने की मांग की। चेतावनी दी गई कि यदि मांगें पूरी नहीं हुई और समस्याओं का शीघ्र निस्तारण नहीं हुआ, तो संगठन विशाल धरना-प्रदर्शन करने के लिए विवश होगा। बैठक में मुख्य रूप से गोवर्धन सिंह चौधरी, समरपाल सिंह, परम सिंह, शहाबुद्दीन, ओमप्रकाश, अलीमुद्दीन, सुखीराम चौहान, राहुल चौधरी और अबरार सहित भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# लेखपालों के उत्पीड़न पर रोक लगाने की मांग



## कलेक्ट्रेट के प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने उच्चाधिकारियों द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न पर रोक लगाने व वेतन भुगतान की मांग को कलेक्ट्रेट मे ज्ञापन सौंपा।

लेखपाल संघ के पदाधिकारियों ने डीएम निधि गुप्ता वत्स को शिकायती पत्र सौंपा जिसमें कहा गया कि फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य के अंतर्गत किसानों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराए जाने हेतु तहसील के उच्च अधिकारियों द्वारा उन पर दबाव बनाया जा रहा है।जबकि यह कार्य कृषि तकनीकी सहायक का है। ग्राम में बड़ी संख्या मे कृषकों के नाम आधार के अनुरूप न होने के रजिस्ट्रेशन संभव नहीं हो पा रहा। जिस कारण फॉर्मर रजिस्ट्री मे समस्या आ रही है। जबकि धनौरा तहसील के आठ लेखपालों का जनवरी माह का वेतन मानव सम्पदा पोर्टल पर संपत्ति विवरण नहीं भरे जाने की वजह से रोक दिया गया। लेखपालों ने जल्द अपनी समस्याओं का निस्तारण करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों मे जिलाध्यक्ष सचिन यादव, दीपक, बिन्टेश, राजेश चौधरी, महेंद्र प्रताप, जितेंद्र, विक्की शर्मा व मुकेश कुमार शामिल रहे।

# एक साल पहले गायब हुआ युवक घर लौटा

## चार सालों पर लगा था अपहरण का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** सालों द्वारा बहनोई का अपहरण किये जाने का आरोप के बाद कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। 1 साल बाद युवक सकुशल घर वापस आ गया। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

नगर के मोहल्ला होली वाला निवासी फहीम पुत्र रफीक अहमद की शादी शहर के ही मोहल्ला कनेटा रोड से हुई थी। फहीम के परिवार के लोगों ने सुसराल पक्ष के लोगों पर उसे गायब करने का आरोप लगाया था। साथ ही उन्होंने बताया था कि सुसराल पक्ष के लोग फहीम को छोड़ने की एवज में 20 लाख की डिमांड कर रहे हैं। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर तौसीफ, अकील, शकील व वकील के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। 15 दिन पहले फहीम ने फोन कर बताया कि वह सकुशल है। फहीम घर पहुंचा तो ससुराल पक्ष के लोगों ने उन्हें झूठा फंसाये जाने का आरोप लगाया है। पुलिस इस केस की विवेचना कर रही है। पुलिस की जांच करने के बाद ही यह पता लग पायेगा कि आखिर माजरा क्या है।

# परीक्षा केन्द्र पर पहुंचकर बच्चों से ली प्रश्नपत्रों की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ओपीएस इंटरनेशनल स्कूल के सचिव डॉ.पराग पंडित ने परीक्षा केंद्र के बाहर पहुंच कर अपने विद्यालय के बच्चों से मुलाकात की और उनका उत्साहवर्धन किया।

शुक्रवार को डॉ.पराग पंडित ने सीबीएसई बोर्ड

### ■ ओपीएस के सचिव ने बढ़ाया परीक्षार्थियों का उत्साह

परीक्षा केंद्र के बाहर पहुंच कर अपने विद्यालय के विद्यार्थियों से मुलाकात की और उनका उत्साहवर्धन किया। आज कक्षा 10 की मार्केटिंग तथा कक्षा 12 की भौतिक विज्ञान विषय की परीक्षा आयोजित की गई। कक्षा 10 की परीक्षा 02 घंटे जबकिं कक्षा 12 की परीक्षा 03 घंटे की अवधि की थी। अधिकतर प्रश्न सिलेबस से ही पूछे गए थे। परीक्षा समाप्त होने के बाद डॉ.पंडित ने विद्यार्थियों से प्रश्नपत्र पर चर्चा की। विद्यार्थियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि कई



प्रश्न ऐसे थे जिन्हें विद्यालय द्वारा पहले ही कक्षा में पढ़ाए गए थे तथा विद्यालय के व्हाट्सएप ग्रुप में भी साझा किए गए थे, जिससे उन्हें परीक्षा देने में काफी सहायता मिली। डॉ. पंडित ने विद्यार्थियों को उनके प्रयासों के लिए बधाई दी, साथ ही विद्यार्थियों को तनाव मुक्त रहकर आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने, पर्याप्त विश्राम करने तथा सकारात्मक सोच बनाए रखने की सलाह दी। डॉ. पंडित के इस दौरे से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ा और उन्होंने विद्यालय प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया। विद्यार्थियों ने कहा कि इस प्रकार का मार्गदर्शन उन्हें आगामी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करता है।

# आधुनिक विधि से गन्ना बुबाई पर जोर



## रैली निकालकर किसानों को किया जागरुक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** वेब शुगर मिल (मलेशिया) द्वारा बसंतकालीन गन्ना बुवाई को लेकर किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक रैली का आयोजन किया गया। रैली को गन्ना समिति धनौरा के सचिव मुकेश राठी और चीनी मिल के उपाध्यक्ष मनोज सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस दौरान चीनी मिल के मुख्य महाप्रबंधक जगतवीर सिंह ने किसानों को मिल की ओर से दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी। उपाध्यक्ष मनोज सिंह ने गन्ना बुवाई में स्वस्थ बीज के चयन, भूमि व बीज उपचार, संतुलित उर्वरक के प्रयोग तथा ट्रेंच विधि और गन्ना बुवाई मशीन से अधिक से अधिक क्षेत्रफल में शासन द्वारा स्वीकृत गन्ना प्रजातियों की बुवाई पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि चीनी मिल की ओर से किसानों को हाईको-इटमा एवं वैवेरिया का निशुल्क वितरण किया जा रहा है, जिसका प्रयोग बुवाई से पूर्व करने से गन्ना फसल को कीट व रोगों से बचाया जा सकता है। रैली के माध्यम से ग्राम बाखरपुर, छजूपुरा कुआखेडा, दौराला, कौराला ककराला, कासम सराय, चमरौआ सहित कई गांवों के किसानों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर चीनी मिल के प्रमोद कुमार, वृजमोहन सिंह, हरी सिंह, जयपाल सिंह, धर्मेन्द्र पाण्डेय, आशीष यादव सहित गन्ना विभाग का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई रमजान माह के पहले जुमे की नमाज

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** रमजान माह के पहले जुम्मे पर रोजेदारों में खासा उत्साह देखा गया। दोपहर को सभी रोजेदारों ने नमाज अदा कर शांति की दुआ

### ■ नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित मस्जिदों पर पुलिस की रही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

मांगी। इस दौरान नगर व देहात की मस्जिदों पर पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही।

रमजान माह के पहले जुम्मे पर नगर के चौपला स्थित जामा मस्जिद व बस्ती चौहानपुरी स्थित मस्जिद समेत नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित मस्जिदों में रोजेदारों की खूब भीड़ देखने को मिली। राजेदारों ने नमाज अदा करके देश में खुशहाली व अमन की दुआ की। प्रमुख मस्जिदों पर पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। सीओ अंजलि कटारिया एवं प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने शहर में राउंड लेकर सुरक्षा व्यवस्था का



जायजा लिया।

**बाजारों में उमड़ रही रोजेदारों की भीड़**

रमजान माह में अपनी जरूरत की चीजों को खरी. दने के लिए रोजेदारों की खूब भीड़ उमड़ रही है। मुख्य रूप से फलों, खजून के साथ-साथ और इत्र को खरीददारी की गई। रमजान माह के चलते बाजारों में फलों व खजूर के दामों में और दिनों की अपेक्षा बढ़ोत्तरी देखने को मिली।

# दबंगों ने भाई-बहन व मां को पीटा

## रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के धोरिया गांव में मामूली विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। मारपीट में पीड़ित की मां और बहन को भी घायल कर दिया।

यह घटना 17 फरवरी की बताई जा रही है। जब गांव निवासी परमानंद की रवि व उसकी मां केशर देवी के बीच खेत में ईख के अगोले को लेकर कहासुनी हो गई। दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज और फिर मारपीट में होने लगी। मारपीट में रवि, उसकी मां केशर देवी और बहन सरोज घायल हो गये। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि घटना को तीन दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस द्वारा कोई ठोस कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है। इस बीच युवक रवि ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल कर पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है। वीडियो में उसने कहा कि शिकायत देने के बाद भी आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जिससे परिवार में असुरक्षा की भावना है। वहीं दूसरे पक्ष का कहना है कि आरोप निराधार हैं। उनका दावा है कि युवक और उसकी मां ने स्वयं को चोट पहुंचाकर झूठा मामला दर्ज कराने की कोशिश की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जायेगी।

# क्लाइमेट एंजायटी ने जूझ रहा क्षेत्र का युवा

## भारतीय संयुक्त मोर्चा का धरना जारी, डिप्टी कलेक्टर ने लिया गांवो का जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा का धरना शुक्रवार को 62वें दिन भी जारी रहा। इस दिन नमामि गंगे टीम ने छह सदस्यीय जांच समिति की अध्यक्षा डिप्टी कलेक्टर चंद्रकांता के साथ शुक्रवार को औद्योगिक इकाईयों के पास में स्थित प्रदुषण से प्रभावित गांवो का दौरा भी किया।

ग्राम शहबाजपुर डोर में धरने को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि क्षेत्र के युवाओं में क्लाइमेट एंजायटी का जहर फैल रहा है। 45% युवा बीमा. रियों के बढ़ते खतरे से थर-थर कांपते हैं, 94% को लगता है कि उनका कल कभी नहीं आएगा। गौरतलब है कि किसी इलाके में लंबे समय तक क्लाइमेट एंजायटी जिसे इको



एंजायटी भी कहते हैं। इसके अनियंत्रित रहने से डिप्रेशन, अलगाव और आत्महत्या जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। यह सिर्फ व्यक्तिगत नहीं, सामूहिक और सरकारी जिम्मेदारी है कि हम दूषित जल संकट पर ठोस कदम उठाएं, ताकि आने वाली पीढ़ियां डर के साए में न जिएं। उन्होंने कहा कि जब तक न्याय नहीं मिलेगा तब तक किसानों का आंदोलन चलता रहेगा। इस मौके पर रामकृष्ण चौहान, ओम प्रकाश, अमरजीत देओल, गुरमीत सिंह, होमपाल सिंह, अशोक कुमार, विजय सिंह, गणपत सिंह, समसुद्दीन, पृथ्वी सिंह, समरपाल सैनी मौजूद रहे।

# एसपी ने सात थाना प्रभारियों के किये तबादले

## अमरोहा, हसनपुर व डिडौली के कोतवाल हटाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** एसपी अमित कुमार आनन्द ने सात निरीक्षकों के तबादले इधर-उधर किये हैं। डिडौली, हसनपुर व अमरोहा के इंस्पेक्टरों को हटाकर उनकी जगह नई तैनाती दी है।

पुलिस अधीक्षक ने शहर कोतवाल इंस्पेक्टर पंकज कुमार को हटाकर अपना पीआरओ नियुक्त किया है। जबकि नौगांवा सादात के निरीक्षक सुनील कुमार को अमरोहा नगर की कमान सौंपी है। प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना के निरीक्षक जितेन्द्र कुमार को डिडौली का कोतवाल नियुक्त किया है। गजरौला में तैनात अपराध निरीक्षक अमरपाल सिंह को धनौरा थाने का एसओ बनाया है। जबकि पुलिस अधीक्षक के पीआरओ राजेश कुमार को हसनपुर का प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है। धनौरा के प्रभारी निरीक्षक बालेन्द्र कुमार को नौगांवा सादात में नियुक्ति दी गयी है। रहरा के थानाध्यक्ष अतवीर सिंह चौहान को एसओजी का प्रभारी नियुक्त किया गया है। जबकि एसओजी के प्रभारी ब्रजेश सिंह को थाना रहरा का थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। हसनपुर के प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह को एसपी का पीआरओ नियुक्त किया गया है। डिडौली के प्रभारी निरीक्षक हरीषवर्धन सिंह को थाना एएचटी की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। निरीक्षक जय कुमार को एएचटी से प्रभारी अपराध शाखा बनाया गया है। निरीक्षक सुनील कुमार अपराध शाखा से साइबर क्राइम भेजा गया है।

# किसान की हत्या में तीन को दस-दस साल की कैद

## अदालत ने बीस-बीस हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** गांव बांसखेड़ी में वर्ष 2018 में हुए फहमीद हत्याकांड की रंजिश में वादी पक्ष पर जानलेवा हमले के मामले में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। पहले से उम्रकैद की सजा काट रहे नूरुद्दीन, शबाब आलम और सलीम उर्फ सलीमुद्दीन को 10-10 वर्ष के कठोर कारावास व 20-20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

घटना नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव बांसखेड़ी की थी। गांव के रहने वाले किसान फहमीद गांव पृथीपुर निवासी होरी सिंह के ट्यूबवेल से फसल की सिंचाई करते थे। 18 फरवरी 2018 को फहमीद फसल में खाद बिखेरकर सिंचाई करने के लिए लाइट आने का इंतजार कर रहे थे। रात में करीब साढ़े आठ बजे लाइट आने पर फहमीद ट्यूबवेल चलाकर घर लौट रहे थे। रास्ते में हमलावरों ने चाकू से ताबड़तोड़ वार कर उनकी हत्या कर दी थी। मृतक फहमीद के भाई मोहम्मद हनीफ ने गांव के ही नूरुद्दीन, उसके भाई शबाब और सलीम उर्फ सलीमुद्दीन के खिलाफ हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके बाद तीनों को जमानत मिल गई थी। 23 फरवरी 2020 को नूरुद्दीन, उसके भाई शबाब और सलीम उर्फ सलीमुद्दीन ने अपने परिवार के शादाब, फुरकान, नाजिया और शोयबा के साथ मिलकर मुकदमे की रंजिश में वादी हनीफ अहमद पर जान से मारने की नीयत से सिर पर फावड़े से हमला किया था, बचाव में आई उनकी बेटी गुलिस्ता और बेटे मोहम्मद हसन को भी घायल कर दिया था। मामले में हनीफ अहमद के बेटे जमशेद की तहरीर पर पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की थी। इस बीच 20 फरवरी 2025 को जिला जज की कोर्ट में फहमीद हत्याकांड में नूरुद्दीन, उसके भाई शबाब और सलीम उर्फ सलीमुद्दीन को उम्रकैद की सजा सुना दी थी। तीनों जेल में सजा काट रहे हैं। वहीं, जानलेवा हमले का मामला अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट तृतीय की कोर्ट में विचाराधीन था। शुक्रवार को कोर्ट ने मुकदमे में आखिरी सुनवाई की, पत्रावली का अवलोकन किया। साक्ष्यों के आधार पर उम्रकैद की सजा काट रहे नूरुद्दीन, शबाब आलम और सलीम उर्फ सलीमुद्दीन को दोषी करार दिया। तीनों को दस-दस साल जेल की सजा सुनाई तथा 20-20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# पत्नी के साथ न आने पर पति फांसी पर झूला

## एक माह से मायके में रह रही थी पत्नी, दो साल पहले हुई थी शादी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ढवारसी।** आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव भूबरा में गुरुवार रात्रि करीब 8 बजे एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक की पहचान कृष्ण (20) पुत्र ब्रजपाल सिंह के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं ग्रामीणों की भीड़ मौके पर एकत्र हो गई। परिजनों के अनुसार कृष्ण की शादी दो वर्ष पूर्व जनपद सम्भल के गांव अख्तियारपुर में हुई थी। बताया गया कि करीब आठ दिन पहले वह अपनी पत्नी को विदा कराने ससुराल गया था,



लेकिन किसी कारणवश पत्नी को विदा नहीं किया गया। इससे वह मानसिक रूप से परेशान बताया जा रहा था। गुरुवार को वह ससुराल से वापस घर लौटा और सामान्य रूप से परिवार के साथ रहा। इसके बाद रात में वह अपने कमरे में चला गया। काफी देर तक कमरे से बाहर न निकलने पर परिजनों को चिंता हुई। दरवाजा खटखटाने के बावजूद कोई जवाब नहीं मिला तो परि. जनों ने दरवाजा खोलकर देखा, जहां कृष्ण फंदे से लटका मिला। यह दृश्य देखकर परिवार में चीख-पुकार मच गई और गांव में खबर फैलते ही लोगों की भीड़ जुट गई। मृतक अपने पीछे मासूम बेटी कशिश को छोड़ गया है, जबकि पत्नी निशा मायके में बताई जा रही है। परिजनों का कहना है कि पिछले लगभग एक माह से पत्नी मायके में ही रह रही थी। घटना के बाद मृतक की मां गुड्डो का रो-रोकर बुरा हाल है।

# अमेरिकी ट्रेड डील समझौते का विरोध

## भाकियू चढ़ूनी ने सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** भाकियू चढ़ूनी ने अमेरिका के साथ किये गये ट्रेड डील समझोते के विरोध में प्रदर्शन कर नारेबाजी की।

शुक्रवार को भाकियू चढ़ूनी के कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे तथा भारत सरकार द्वारा अमे. रिका के साथ ट्रेड डील समझौते के विरोध में प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने कहा कि अगर यह डील भारत के संसद में पास होती है तो भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी इस डील का पूरी तरीके से विरोध करे गी चाहे इसके लिए हमें सड़कों पर उतरना पड़े या रेलवे ट्रैक जाम करना पड़े या जेल भरो आंदोलन ही क्यों न करना पड़े। हम इससे भी पीछे नहीं हटेंगे इस अवसर पर मौजूद रहे। ज्ञापन देने वालों में अनीश चौधरी, प्रदीप चौधरी, हर्ष सिद्धू, तस्लीम सैफी, युवा जिला अध्यक्ष आसिफ मलिक आदि लोग मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति टीम ने कराया 14 बच्चों का प्रवेश



**जोया।** मिशन शक्ति अभियान पुलिस ने 14 बच्चों का प्रवेश विद्यालय में कराया गया। महिला उप निरीक्षक कंचन टोलिया प्रभारी मिशन शक्ति केंद्र थाना डिडौली, हेड कांस्टेबल सचिन शर्मा, पंकज, द्वारा घर-घर जाकर महिलाओं से उनके बच्चों के विषय में जानकारी लेते हुए शिक्षा का महत्व समझाया गया व ग्राम पूरनपुर में 9 परिवारों के 14 बच्चे जो कहीं पर भी पढ़ नहीं रहे हैं एडमिशन कराने में असमर्थ हैं का प्रवेश सविलयन विद्यालय ग्राम- पूरनपुर, विकासखंड जोया में कराया गया।

# राजनीति का शुद्धिकरण कर रहे योगी आदित्यनाथः डा. डेविड फ्रॉले

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** अमेरिका के प्रख्यात वैदिक विद्वान डा. डेविड फ्रॉले ने राजधानी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और योग, आयुर्वेद व सनातन संस्कृति पर चर्चा की।

मुख्यमंत्री के बहुआयामी व्यक्तित्व के प्रशंसक डा. फ्रॉले ने कहा कि योगी आदित्यनाथ राजनी. ति का शु( करण कर रहे हैं। उन्होंने नाथ परंपरा का उदाहरण देते हुए कहा कि इससे वैश्विक कल्याण की नई राह प्रशस्त हो रही है। अमे. रिकी विद्वान ने योगी सरकार द्वारा अयोध्या का पुरातन गौरव लौटाने की सराहना की और कहा कि अयोध्या का कायाकल्प वेदों की ओर लौटने का मार्ग है। डा. फ्रॉले ने



कहा कि योगी आदित्यनाथ के साथ समय बिताना मेरे लिए अत्यंत सम्मान और सौभाग्य की बात रही। गोरक्ष पीठाधीश्वर योगी उस नाथ परंपरा से जुड़े हुए हैं, जो प्राचीन योग संस्कृति से जुड़ी है और इसे भारत में जीवंत बनाए हुए है। वे इन परंपराओं को न केवल संरक्षित कर रहे हैं, बल्कि उन्हें वैश्विक स्तर पर विस्तार भी दे रहे हैं। साथ ही वे शरीर, मन, समाज के स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं। योगी आदित्यनाथ राजनीति का शु( करण भी कर रहे हैं। भारत की वे सभी परंपराएं, जो संपूर्ण मानवता के लिए प्रासंगिक हैं, योगी आदित्यनाथ के माध्यम से नई ऊर्जा प्राप्त कर रही हैं। योगी से मिलकर प्रफुल्लित डा. डेविड फ्रॉले ने 'नई अयोध्या' की प्रशंसा करते हुए कहा कि अयोध्या का कायाकल्प अत्यंत प्रसन्नता की बात है। प्रभु श्रीराम का दर्शन आध्यात्मिक रूप से अत्यंत सुखद अनुभव देता है। भगवान राम भारत की आत्मा के प्रतीक हैं। वे हमें सूर्यवंश से जोड़ते हैं और समस्त धार्मिक परंपराओं को एक सूत्र में पिरोते हैं। आज विश्व धीरे-धीरे अपनी आध्यात्मिक चेतना खोता जा रहा है। ऐसे में वेद, योग, आयुर्वेद और अन्य भारतीय परंपराओं तक, सबका नवोन्मेष और पुनर्जीवन मौजूदा परिवेश में अत्यंत आवश्यक है। ऐसे समय में योगी जी जैसा नेतृत्व मिलना भारत ही नहीं, पूरे विश्व के लिए वरदान है। डा. फ्रॉले ने कहा कि योगी जी में तेज है, क्योंकि वे 'आदित्य' हैं, सूर्य तत्व से जुड़े हैं। आत्मविद्या के लिए हम आदित्य की ओर देखते हैं और सूर्य ही योग का आधार है। योगी जी के साथ कुछ क्षण बिताना भी जीवनभर के लिए यादगार पल है। विसकॉन्सिन (अमेरिका) में एक कैथोलिक परिवार में जन्मे डा. डेविड फ्रॉले की गिनती अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिदुत्व के प्रमुख विचारकों में होती है। उन्होंने करीब एक दशक तक आयुर्वेद का भी अध्ययन किया है।

# भारत-कोरिया के संयुक्त पहल से शैक्षणिक एवं अनुसंधान सहयोग के तहत कार्यशाला आयोजित

शाह टाइम्स ब्यूरो

वाराणसी। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी बीएचयू) के स्कूल ऑफ मैटेरियल्स साइंस एंड टेक्नोलॉजी द्वारा ष्क्वांटम डॉट्स एवं नैनो प्रौद्योगिकी में उभरते रुझान और तकनीकी प्रगतिष विषय पर देव एवं वर्धना गोस्वामी व्याख्यान कक्ष परिसर में द्वि-दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला भारत-कोरिया संयुक्त पहल के अंतर्गत शैक्षणिक एवं अनुसंधान सहयोग संवर्धन योजना (एसपीएआरसी) के तहत आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच वैज्ञानिक सहयोग को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत रत्न मदन मोहन मालवीय को पुष्पांजलि अर्पित कर तथा पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। स्कूल के समन्वयक प्रो- चंदन उपाध्याय ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया, जबकि कार्यशाला के संयोजक प्रो- भोला नाथ पाल ने क्वांटम डॉट्स और नैनोप्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हो रहे नवीन शोध कार्यों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए इस क्षेत्र में वैश्विक सहयोग की आवश्यकता रेखांकित की। अनुसंधान एवं विकास के सह-अधिष्ठाता प्रो- प्रदीप पाइक ने अपने संबोधन में उन्नत सामग्रियों और नैनोविज्ञान के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी को वैज्ञानिक नवाचार के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यशाला में देश-विदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। दक्षिण कोरिया के कोरिया एडवांस्ड इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी से प्रो- डोह सी- ली ने क्वांटम डॉट प्रौद्योगिकी में हालिया प्रगति पर व्याख्यान दिया। इसके अलावा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर, भारतीय विज्ञान संस्थान, इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी, काशी हिदू विश्वविद्यालय, सेंटर फॉर नैनो एंड सॉफ्ट मैटर साइंसेज सहित विभिन्न संस्थानों के वैज्ञानिकों एवं शोधकर्ताओं ने भागीदारी की। तकनीकी सत्रों में क्वांटम डॉट्स के संश्लेषण एवं विशेषता निर्धारण, ऑप्टो-इलेक्ट्रॉनिक अनुप्रयोग, जैव-चिकित्सीय उपयोग और नैनोमैटेरियल आधारित उभरती डिवाइस तकनीकों जैसे अत्याधुनिक विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यशाला के अंतर्गत मौखिक प्रस्तुतियां, पोस्टर सत्र, प्रयोगशाला भ्रमण और संवादात्मक चर्चाएं भी आयोजित की गईं, जिससे प्रतिभागियों को व्यावहारिक एवं अनुसंधान संबंधी अनुभव प्राप्त हुआ।

# महोबा में परीक्षा देने जा रहे छात्र की मौत, एक गंभीर

**महोबा।** उत्तर प्रदेश मे महोबा जिले के कबरई क्षेत्र मे शुक्रवार को एक तेज रफ्तार बाईक के पिकप गाघी से टकरा जाने से उसमे सवार हाई स्कूल के छात्र की मौत हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस उप अधीक्षक एके सिंह ने बताया कि मकर बाई गांव निवासी शिवम (17) और उसका साथी उमेश सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज काबरई मे दसवीं कक्षा के छात्र थे। शुक्रवार को बोर्ड परीक्षा मे सामाजिक विज्ञान का पेपर देने के लिए दोनों एक बाईक मे सवार होकर परीक्षा केंद्र खन्ना के ब्रम्हचारी इंटर कॉलेज जा रहे थे, तभी कानपुर - सागर राष्ट्रीय राजमार्ग मे बरबई गांव के निकट सघ्क किनारे टायर का पंचर बनवा रही एक पिकप कार से उनकी तेज रफ्तार मोटर साईकिल पीछे से टकरा गई। जिसमे दोनों छात्र उछल कर गिरे। उन्होंने बताया कि घटना स्थल पर मौजूद लोगो ने पुलिस को सूचित किया और गंभीर रूप से घायल हुए दोनों छात्रों को उठा कर इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया- लेकिन बाईक चला रहे शिवम की रास्ते मे मौत हो गई। चिकित्सकों ने परीक्षण कर उसे मृत घोषित कर दिया- घायल दुसरे छात्र उमेश को सघन चिकित्सा कक्ष मे रख कर उपचार किया जा रहा है।

# 2030 में पीएम मोदी शिवाजी की 400वीं जयंती में होंगे शामिलः फडणवीस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**आगरा।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि 2030 में छत्रपति शिवाजी महाराज की 400वीं जयंती आगरा किला में मनाई जाएगी और इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी आमंत्रित किया जाएगा। श्री फडणवीस गुरुवार देर शाम आगरा शिवाजी जयंती में हिस्सा लेने पहुंचे थे। उन्होंने कहा 2030 में शिवाजी महाराज का 400 वां जन्म जयंती आगरा किला में मनाया जाएगा और उस दिन प्रधानमंत्री मोदी भी आगरा किला में मौजूद रहेंगे।

अगला लोकसभा चुनाव 2029 में है जिसमें भी भाजपा पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी और श्री मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे जिसके बाद वह 2030 में आगरा किला शिवाजी जयंती में शामिल होने आएंगे। जिस जगह पर शिवाजी महाराज को कैद किया गया था उस जगह पर स्मारक बनाया जाएगा। स्मारक को लेकर पहले ही महाराष्ट्र सरकार ऐलान कर चुकी है। आगरा किला के



अंदर शिवाजी महाराज की 396 वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री सीआर पाटील, राजस्थान राज्यपाल हरि भाऊ कृष्णराव बगाड़े, महाराष्ट्र सरकार के संस्कृति मंत्री भी शामिल हुए। उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय भी पहुंचे थे। किला के अंदर जहांगीर महल के परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अलावा शिवाजी महाराज के जीवन पर एक नाटक भी किया गया। देर रात तक चले इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार जताया कि उन्होंने उस जगह को अधिग्रहण करने का फैसला लिया है। उम्मीद है जब अगले साल यहां शिवाजी जयंती मना रहे होंगे। तब उत्तर प्रदेश सरकार और महाराष्ट्र सरकार के साथ मिलकर स्मारक भी बनाने की तैयारी भी कर रहे होंगे। श्री फडणवीस ने कहा कि सीबीएसई की किताबों में पहले 17 मुगल साम्राज्य के पढ़ाए जाते थे लेकिन अब 20 पन्ने शिवाजी के हिदवी साम्राज्य के पढ़ाए जाते हैं। अब किताबों में मुगल इतिहास नहीं पढ़ाया जाएगा। अब मराठों और छत्रपति शिवाजी महाराज का इतिहास पढ़ाया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### नेपाल से लाई जा रही करोड़ों की चरस खेप का पर्दाफाश, तस्कर गिरफ्तार

**महराजगंज।** नेपाल सीमा से सटे उत्तर प्रदेश के महराजगंज जिले के परसा मलिक क्षेत्र में पुलिस ने चरस की एक बड़ी खेप को बरामद कर लिया। इस सिलसिले में एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि मुखबिर की सूचना पर देर रात चलाए गए सघन चेकिग अभियान के दौरान पुलिस ने एक लग्जरी कार से भारी मात्रा में चरस बरामद कर तस्करी के बड़े नेटवर्क का खुलासा किया है। परसा मालिक क्षेत्र में हुई इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने कुल 48 किलो 686 ग्राम चरस बरामद की। मौके से एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि पुलिस अब उसके पूरे नेटवर्क की परतें खोलने में जुट गई है। बरामद चरस की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करोड़ों रुपये आंकी जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह चरस पड़ोसी देश नेपाल से भारत में खपाने के उद्देश्य से लाई जा रही थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की सख्त धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और उससे गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अब इस तस्करी गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुट गई हैं।

### सिंघाड़ा निकालने गईं तीन किशोरियां तालाब में डूबीं, दो लापता

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में शुक्रवार को सिघाड़ा निकालने तालाब गई तीन किशोरियां अचानक गहरे पानी में डूब गईं। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए एक किशोरी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया जबकि दो की तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। फिलहाल चार घंटे से अधिक समय के बाद भी दोनों का कोई पता नहीं चल सका है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली पिहानी क्षेत्र के रामपुर दहेलिया गांव में यह घटना उस समय हुई जब दिन में करीब साढ़े ग्यारह बजे गांव के गंगासागर की 12 वर्षीय बेटी आरुषि,कमलेश की 13 वर्षीय बेटी प्रियंका और उनकी 14 वर्षीय सहेली जान्हवी तालाब से सिघाड़ा निकाल रही थीं। बताया जा रहा है कि किनारे पर पैर फिसलने से एक किशोरी गहरे पानी में चली गई और उसे बचाने के प्रयास में बाकी दोनों भी असंतुलित होकर डूब गईं। शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और एक किशोरी को बाहर निकाल लिया,जिसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। वहीं प्रियंका और आरुषि की तलाश के लिए पुलिस और स्थानीय गोताखोर लगातार सर्च अभियान चला रहे हैं।

### रायबरेली में तस्कर गिरफ्तार 15 कछुए बरामद

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले के गदागंज क्षेत्र में पुलिस और वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई में एक कछुआ तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 14 जिदा और एक मृत कछुआ बरामद किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि थाना गदागंज पुलिस एवं वन विभाग की टीम ने शुक्रवार को वाहन चेकिग के दौरान मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रामशंकर पाल पुत्र रामहरख पाल निवासी ग्राम विशाखा, थाना रामगंज, जिला अमेठी के रूप में हुई है। उसके कब्जे से 14 जीवित एवं एक मरणासन्न कछुआ बरामद किया गया। डलमऊ रेंजर रवि शंकर के मुताबिक बरामद कछुए छोटे और बड़े आकार के हैं, जिनमें एक की त्रिज्या लगभग 30 सेंटीमीटर आंकी गई है। सभी कछुए गंगेटिक प्रजाति के बताए गए हैं। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में प्रजाति के अनुसार इनकी कीमत अलग-अलग होती है और कुछ दुर्लभ प्रजातियों की कीमत लाखों से करोड़ों रुपये तक आंकी जाती है। बरामद कछुओं की अनुमानित कीमत डेढ़ से दो लाख रुपये के बीच बताई गई है। इस मामले में वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत थाना गदागंज में अभियोग दर्ज कर लिया गया है। बरामदगी में एक ऑटो रिक्शा भी शामिल है, जिसे सीज कर दिया गया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है और आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

### काशी में सात नाव जब्त आठ के खिलाफ मुकदमा

**वाराणसी।** नाविकों को जारी एडवाइजरी के बावजूद गुरुवार को पुलिस द्वारा चलाए गए चेकिग अभियान में बड़ी लापरवाही पकड़ी गई। भेलूपुर के सहायक पुलिस आयुक्त गौरव कुमार और थाना प्रभारी सुधीर कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में अस्सी घाट, रीवा घाट, तुलसी घाट सहित अन्य घाटों पर की गई चेकिग के दौरान लापरवाही बरतने वाले चार नाविकों समेत आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। साथ ही सात नावों को भी सीज कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, दशाश्वमेध थाने की पुलिस ने भी दशाश्वमेध घाट, शीतला घाट, पांडेय घाट सहित अन्य घाटों पर विशेष चेकिग अभियान चलाया। इस दौरान गंगा नदी में दर्शनार्थियों एवं पर्यटकों को नाविकों द्वारा बिना लाइफ जैकेट पहनाए और नाव की निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियों को बैठाकर जान जोखिम में डाला गया। इस मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए नाविक महेश कुमार, सूरज साहनी और टिकू साहनी के अलावा अतुल साहनी, संतोष निषाद और पवन साहनी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 282 के तहत मुक. दमा दर्ज किया गया तथा उनकी तीन नावों को भी सीज कर लिया गया। अन्य घाटों पर भी पुलिस द्वारा इसी तरह का अभियान जारी है। सहायक पुलिस आयुक्त गौरव कुमार ने सादे कपड़ों में कई घंटों तक घाटों पर और गंगा की गोद में नाविकों पर नजर रखी। इस दौरान उन्होंने पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर नाविकों द्वारा की जा रही लापरवाहियों को स्वयं पकड़ा।

### बहराइच में बस की टक्कर से दो छात्रों की मौत,एक गंभीर

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के रामगांव क्षेत्र में शुक्रवार सुबह बाइक सवार दो छात्रों की रोडवेज बस की चपेट में आने से मृत्यु हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बहराइच-नानपारा मार्ग पर झिगहा घाट स्थित हनुमान मंदिर के सामने यह हादसा उस समय हुआ जब राजापुर माफी गांव निवासी आशाराम का पुत्र मस्तराम (17) अपने ममेरे भाइयों रोहित और जयहिद के साथ हाईस्कूल की परीक्षा देने के लिए निकला था। तीनों का परीक्षा केंद्र नगर स्थित सिटी मांटेसरी स्कूल में निर्धारित था। उन्होंने बताया कि झिगहा घाट के पास तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

# लापता व्यक्ति का शव तालाब में मिला

## 10 दिन से लापता था मृतक, घरवालों ने दर्ज कराई थी गुमशुदगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पिछले दस दिनों से लापता व्यक्ति का शव शुक्रवार सुबह तरकोली के पास सड़क किनारे नहर/तालाब में मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना से जहां स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बन गया, वहीं मृतक के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव बगदाद अंसार रोड स्थित तालाब के पास एक अधेड़ व्यक्ति का शव उतराता हुआ दिखाई दिया। सुबह के समय उधर से गुजर रहे ग्रामीणों ने जब पानी में शव देखा तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोतवाली धामपुर पुलिस मौके पर





पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकलवाया।

शव की पहचान नई सराय बस्ती निवासी लगभग 45-50 वर्षीय अरशद पुत्र असगर के रूप में हुई। मृतक बस मिस्त्री का कार्य करता था और तीन बच्चों का पिता था। परिजनों के अनुसार अरशद 12 फरवरी को घर से यह कहकर निकला था कि वह एक शादी समारोह में जा रहा है, लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं मिला तो पत्नी शबाना ने उसी दिन कोतवाली धामपुर में पति की गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

गुमशुदगी दर्ज होने के बाद से पुलिस एवं परिजन लगातार अरशद की तलाश कर रहे थे। मौहल्ले, रिश्तेदारों और संभावित स्थानों पर खोजबीन की गई, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी।

# आत्मदाह का प्रयास करने वाले को जेल

**महोबा।** उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में परिवहन विभाग की कार्रवाई से आहत होकर आत्मदाह का प्रयास करने वाले वाहन स्वामी के खिलाफ पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे शुक्रवार को जेल भेज दिया। पुलिस उपाधीक्षक ए-के- सिंह ने बताया कि गुरुवार को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) दयाशंकर कबरई-कुनैहटा मार्ग पर वाहनों की चेकिग कर रहे थे।

इस दौरान एक मालवाहक डंपर के बीमा, फिटनेस सहित आवश्यक दस्तावेज अपूर्ण पाए गए और वाहन पर नंबर प्लेट भी नहीं थी। नियमों के उल्लंघन पर वाहन का चालान कर चालान प्रति चालक को सौंप दी गई। चालान से नाराज वाहन स्वामी ब्रजेश विश्वकर्मा ने कार्रवाई को अनुचित बताते हुए एआरटीओ कार्यालय पहुंचकर हंगामा किया और अपने ऊपर डीजल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। बाद में पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। डीएसपी के अनुसार एआरटीओ दयाशंकर की शिकायत पर वाहन स्वामी के खिलाफ कार्यालय में हंगामा कर सरकारी कार्य में बाधा डालने और आत्मदाह का प्रयास कर माहौल बिगाड़ने के आरोप में बीएनएस की धारा 226 और 132 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

# आग लगने से परिवार के चार सदस्य झुलसे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले के रामगढ़ क्षेत्र में रसोई गैस सिलेंडर में लीकेज के कारण भड़की आग की चपेट में आने से एक ही परिवार के चार सदस्य गंभीर रुप से झुलस गए। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि रामगढ क्षेत्र के गांव चनौरा निवासी दिनेश कुमार की पत्नी अनीता बीती देर रात रसोई में खाना बना रही थी,

तभी अचानक गैस लीक होने के कारण आग लग गई जिसने देखते-देखते ही विकराल रूप धारण कर लिया। परिवार के अन्य लोग अनीता देवी को बचाने और आग बुझाने के प्रयास में झुलस गए। हादसे की जानकारी मिलते ही पड़ोसी लोग घर पर पहुंच गए। सभी ने आग पर काबू पाने के बाद गंभीर घायलों को सरकारी ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। डॉक्टर ने गंभीर हालत को देखते हुए मेडिकल कॉलेज की बर्न यूनिट में रेफर कर दिया है।

# एमकेआईटीएम-इग्नू के सर्टिफिकेट व पीजी डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के अंतर्गत संचालित मान्यवर कांशीराम इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म मैनेजमेंट (एमकेआईटीएम) और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) की संयुक्त पहल के तहत पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र से जुड़े सर्टिफिकेट और पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है।

शैक्षणिक सत्र 2026-27 (जनवरी) के लिए सर्टिफिकेट इन फ्रंट ऑफिस ऑपरेशन (सीएफओ), सर्टिफिकेट इन फूड एंड बेवरेज सर्विस ऑपरेशन (सीएफबीओ), सर्टिफिकेट इन हाउसकीपिग ऑपरेशन (सीएचओ) तथा पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन होटल ऑपरेशन्स (पीजीडीएचओ) में इच्छुक छात्र प्रवेश ले सकते है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से छात्र सैद्धांतिक शिक्षा के साथ औद्योगिक प्रशिक्षण भी प्राप्त करेंगे, जिससे उन्हें पर्यटन और होटल उद्योग में रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को पर्यटन-आतिथ्य क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाना सरकार की प्राथमिकता है। सर्टिफिकेट कोर्स के लिए न्यूनतम योग्यता 10 2 निर्धारित है, जबकि पीजीडीएचओ के लिए स्नातक होना अनिवार्य है। सर्टिफिकेट कोर्स की अवधि छह महीने और फीस 3,000 रुपये है, जबकि पीजी डिप्लोमा की फीस 9,000 रुपये निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी एमकेआईटीएम और इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट या ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 28 फरवरी 2026 तक आवेदन कर सकते हैं।

# शादी वाले घर की बिजली काटी

## मेहमानों को हुई परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** नगर की डायमंड सिटी कॉलोनी में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब शादी समारोह के बीच बिजली विभाग के कर्मचारियों ने दूल्हे के घर का बिजली कनेक्शन काट दिया। घटना से परिजनों और मेहमानों में रोष व्याप्त है तथा बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं।

जानकारी के अनुसार डायमंड सिटी कॉलोनी निवासी शुभम चौहान की बारात नजीबाबाद के लिए रवाना होनी थी। घर में विवाह की तैयारियां



अपने अंतिम चरण में थीं। मेहमानों की चहल-पहल और रस्मों का माहौल था। इसी दौरान बिजली विभाग का एक कर्मचारी मौके पर पहुंचा और खंभे पर चढ़कर घर की विद्युत आपूर्ति बंद कर दी। परिजनों का आरोप है कि बिजली विभाग की ओर से पूर्व में किसी प्रकार की लिखित या मौखिक सूचना नहीं दी गई थी। अचानक बिजली आपूर्ति बाधित होने से विवाह की तैयारियां प्रभावित हुईं। परिवार का कहना है कि इस दौरान घर में महिलाएं, बुजुर्ग और दूर-दराज से आए मेहमान मौजूद थे, जिससे उन्हें असहज स्थिति का सामना करना पड़ा।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि यदि बिजली बिल या तकनीकी कारणों से कोई बकाया या समस्या थी तो विभाग को नियमानुसार नोटिस देकर कार्रवाई करनी चाहिए थी। विवाह जैसे सामाजिक अवसर पर बिना पूर्व सूचना की गई कार्रवाई को लेकर कॉलोनीवासियों ने नाराजगी जताई है।

घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन एवं बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, संबंधित कर्मचारी की भूमिका स्पष्ट करने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने की मांग की है।

# गोमती नदी की स्वच्छता पर विशेष कार्यक्रम में शामिल होंगे सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार शाम गोमती नदी स्वच्छता कार्यशाला के समापन कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

शहर के एक पांच सितारा होटल में गोमती नदी की स्वच्छता को लेकर ष्जीवनरेखा का पुनर्जीवनः स्वच्छ गोमतीष विषयक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विशेष रूप से शाम चार बजे संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में विशेषज्ञों की राय के अनुसार गोमती को स्वच्छ बनाने का रोडमैप तैयार किया जाएगा। स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन (एसटीसी) के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी अक्षत वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम ष्जीवनरेखा का पुनर्जीवनः स्वच्छ गोमतीष में प्रदेश के जलशक्ति और नमामि गंगे मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के दिग्गज शिरकत करेंगे। इस आयोजन के दौरान कई सत्र होंगे।

इसमें अनेक विशेषज्ञ गोमती नदी को स्वच्छ बनाने को लेकर अपनी राय रखेंगे।

# सांसद ने विकास कार्यों का किया शिलान्यास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** शुक्रवार को नोएडा कनावनी गांव से सांसद निधि के कार्यो का शिलान्यास सांसद गौतम बुद्ध नगर एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. महेश शर्मा, नोएडा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान के कर कमलों द्वारा किया गया। नोएडा विधानसभा के दस कार्य किये जायेगे जिनकी लागत 104 लाख रूपये है। दस कार्य दादरी विधानसभा में किये जायेगे जिनकी लागत 100 लाख रूपये है एवं ग्यारह कार्य जेवर विधानसभा में किये जायेंगे जिनकी लागत 88 लाख रूपये है। कुल 292 लाख रूपये के सभी कार्यो का आज शिलान्यास कनावनी गांव में सभी निवासियों, ग्राम प्रधान एवं पार्टी के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में सांसद द्वारा फीता काटकर इन सभी कार्यो का विधि विधान के साथ शुभारंभ किया गया।





सांसद डा. महेश शर्मा जी ने कहा कि विकास कार्य निरंतर होने वाली प्रक्रिया है जो चलती रहेगी और कनावनी क्षेत्र में भी जिन समस्याओं के बारे में आप सभी निवासियों ने मुझे अवगत कराया है उसका भी निस्तारण गाजियाबाद विकास प्राधिकरण एवं जिलाधिकारी से वार्ता कर इन सभी समस्याओं का निस्तारण जल्द कराया जायेगा।

जिससे आप सभी को होने वाली असुविधाओं से छुटकारा मिले और जो भी कार्य इस क्षेत्र के लिए कराने होगे माननीय विधायक श्री पंकज सिंह जी की निधि से भी निरंतर इस क्षेत्र का विकास हो रहा है और हम अपनी निधि से भी इस क्षेत्र का विकासं करते रहेंगे।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला मंत्री चंदगीराम यादव, दीपक नागर, भागवत नागर, विजय नागर, मनीष तिवारी ,देवेन्द्र शर्मा, मनोज उपाध्याय, एस.एन. झा, आदेश नम्बरदार, मुक्तानंद शर्मा, अशोक मिश्रा, प्रदीप शर्मा, राकेश शर्मा, सतपाल विष्ट, ज्योति श्रीवास्तव, देवराज पंडित, विजय चौटाला, यष कौशिक आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# रवि काना की जमानत निरस्त कराने के लिए अर्जी दायर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** अदालत के आदेश के बाद भी स्क्रैप माफिया रवि काना नोएडा पुलिस के सामने पेश नहीं हुआ। इस कारण नोएडा पुलिस की ओर से शुक्रवार को रवि काना की अग्रिम जमानत को निरस्त कराने के लिए अदालत में अर्जी डाली गई।

जिला जज ने इस अर्जी पर रवि काना को नोटिस जारी कर जवाब मांगा और सुनवाई के लिए 16 मार्च की तिथि तय की। ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर स्थित जिला न्यायालय ने 11 फरवरी को रवि काना को अग्रिम जमानत दी थी। न्यायालय ने अग्रिम जमानत देते हुए शर्ते लगाई थी कि रवि की गिरफ्तारी की स्थिति में 35 हजार रुपये के निजी मुचलके और एक जमानती पर रिहाई की जाएगी।

आरोपी किसी भी गवाह या संबंधित व्यक्ति को प्रभावित नहीं करेगा। उसे सात दिन के भीतर विवेचक के समक्ष उपस्थित होकर जांच में सहयोग करना होगा। बिना ट्रायल कोर्ट की अनुमति देश नहीं छोड़ेगा।

इन शर्तों के अनुसार रवि काना को 18 फरवरी तक नोएडा पुलिस के सामने पेश होना था, लेकिन वह पेश नहीं हुआ। उसने नोएडा पुलिस से अपनी जान का खतरा बताते हुए जिला कोर्ट में अर्जी डाली और नोएडा पुलिस के सामने पेश होने की शर्त से छूट मांगी। न्यायालय ने उसकी अर्जी को खारिज कर दिया। इसके बाद भी रवि काना पुलिस के सामने पेश नहीं हुआ। सेक्टर-63 थाने के उपनिरीक्षक और संबंधित मामले के जांच अधिकारी अजय सिंह की ओर से शुक्रवार को रवि काना की अग्रिम जमानत को निरस्त कराने के लिए जिला जज की कोर्ट में अर्जी डाली गई। इस मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता ललित मोहन अग्रवाल ने बताया कि न्यायालय ने रवि काना को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है और इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 16 मार्च की तिथि तय की है। इस प्रकरण में वह हाईकोर्ट में भी रवि की ओर से अर्जी लगा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि सेक्टर-63 थाने में पीड़ित बिल्डर शैलेंद्र शर्मा ने 14 जनवरी 2026 को माफिया के खिलाफ धमकाकर वसूली करने के मामले में एफआईआर दर्ज कराई थी।

## तीन सगे भाई रहस्यमय परिस्थितियों लापता

**ग्रेटर नोएडा।** कोतवाली दादरी क्षेत्र के सेक्टर म्यू-2 से बाइक पर सवार होकर निकले तीन सगे भाई रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गए। सेक्टर म्यू-2 निवासी हरिओम अपने परिवार के साथ रहते हैं। उनके तीन पुत्र 15 वर्षीय निशांत, 10 वर्षीय शोभित और 7 वर्षीय लव कुमार 18 फरवरी को बाइक पर सवार होकर घर से निकले थे। देर शाम तक वापस न आने पर परिजनों को चिंता हुई। परिजनों ने आसपास के क्षेत्रों में तीनों की तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसीपी प्रशाली गंगवार का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# घंटे भर बाथरूम में चीखती रही छात्रा, स्कूल की लापरवाही से मचा हड़कंप

**■ परिजनों ने डीएम से की सख्त कार्रवाई की मांग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां पर रयान इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 7 की एक छात्रा के करीब एक घंटे तक स्कूल के बाथरूम में बंद रही। जिसके बाद छात्रा के परिजनों ने स्कूल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही और असंवेदनशील रवैये का आरोप लगाया है।



पीड़िता के पिता अशोक के मुताबिक, बृहस्पतिवार को लंच ब्रेक के दौरान उनकी बेटी बाथरूम गई थी। आरोप है कि इस दौरान बाहर से किसी ने शरारतन दरवाजा बंद कर दिया, जिससे वह अंदर ही फंस गई। छात्रा करीब एक घंटे तक बाथरूम में बंद रही और मदद के लिए चीखती-चिल्लाती रही। लंच समाप्त होने के काफी देर बाद जब महिला सफाई कर्मी सफाई के लिए पहुंचीं, तब आवाज सुनकर दरवाजा खोला गया और छात्रा को बाहर निकाला गया।

**शिकायत पर डांटने का आरोप:** परिजनों का कहना है कि जब छात्रा ने पूरी घटना की जानक. ारी अपनी शिक्षिका को दी, तो उल्टा उसे ही डांटा गया और शगायब रहनेश का माफीनामा लिखवा लिया गया। इस घटना के बाद बच्ची मान. सिक रूप से डरी-सहमी हुई है और शुक्रवार को स्कूल नहीं गई।

**स्कूल ने परिजनों को क्यों नहीं दी सूचना?:** पीड़िता के पिता ने सवाल उठाया है कि जब उनकी बेटी करीब एक घंटे तक क्लास से गायब रही, तो स्कूल प्रशासन ने उन्हें इसकी जानकारी क्यों नहीं दी। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज की जांच कराने की मांग की है। आरोप है कि स्कूल प्रबंधन मामले को गंभीरता से लेने के बजाय टालने की कोशिश कर रहा है।

**प्रशासन से शिकायत:** परिजन शुक्रवार को जिलाधिकारी मेधा रूपम और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार से मिले और पूरे मामले की जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की. उनका कहना है कि इस तरह की घटना पहले भी दो वर्ष पूर्व हो चुकी है, जिससे स्कूल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं, स्कूल प्रबंधन से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है. मामले को लेकर परिजनों में रोष है और वे प्रशासनिक जांच के बाद जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## एक नजर

### ट्रेन में पत्थर मारने एवं केबल काटने के आरोप में अभियुक्त गिरफ्तार

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर एक्सप्रेस ट्रेन पर पथराव कर शीशे तोड़ने और डीएफसी लाइन की केबल काटने की घटनाओं का खुलासा करते हुए आरपीएफ पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। 17 दिसंबर को दिल्लीख्रहावड़ा रेल मार्ग पर ट्रेन संख्या 12877 (एक्सप्रेस) दिल्ली की ओर जा रही थी। मारीपत रेलवे स्टेशन और चिपियाना के बीच पहुं. चने पर अज्ञात व्यक्तियों ने ट्रेन पर पथराव कर दिया, जिससे कोच के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए थे। इसके अलावा 3 फरवरी को डीएफसी लाइन पर केबल कटने का मामला भी अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया गया था। 19 फरवरी को आरपीएफ को सूचना मिली कि दादरी कोतवाली क्षेत्र के बढ़पुरा गांव निवासी मोहित भाटी इन घटनाओं में संलिप्त है। दादरी कोतवाली क्षेत्र में प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

### धार्मिक भावनाएं भड़काने वालों पर नजर

**नोएडा।** सेंट्रल नोएडा पुलिस की ओर से शुक्रवार को सूरजपुर स्थित पुलिस कार्यालय में आगामी त्योहारों के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्देश दिए गए कि धार्मिक भावनाएं भड़काने वालों पर नजर रखी जाए। ऐसा करने वालों पर कार्रवाई की जाए। बैठक में शहर के नागरिकों, समाज के प्रतिनिधियों और विभिन्न वर्गों के लोगों को आमंत्रित किया गया। अधिकारियों ने सभी से अपील की कि वे आने वाले त्योहारों को आपसी भाई-चारे और शांति के साथ मनाएं। किसी भी व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचाएं। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति सोशल मीडिया या अन्य माध्यम से अफवाह फैलाने, भड़काऊ बयान देने या धार्मिक भावनाएं भड़काने की कोशिश करेगा, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। बैठक के दौरान नागरिकों से यह भी कहा गया कि वे किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और बिना पुष्टि के कोई संदेश आगे न बढ़ाएं। यदि किसी प्रकार की समस्या, विवाद या संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। पुलिस प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। बैठक में डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी और एडीसीपी सेंट्रल नोएडा आरके गौतम मौजूद रहे।

### कंपनी के ट्रक से सामान चोरी के मामले आरोपी की अग्रिम जमानत खारिज

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ई-कॉमर्स कंपनी के ट्रक से सामान चोरी करने के मामले में आरोपी राजीव उर्फ राजवीर की अग्रिम जमानत याचिका अदालत ने खारिज कर दी। न्यायालय ने कहा कि मामले की प्रकृति गंभीर है। वर्तमान परिस्थितियों में अग्रिम जमानत दिए जाने का कोई न्यायोचित आधार प्रतीत नहीं होता। अभियोजन के अनुसार वादी मामचंद स्वामी ने फेज-1 कोतवाली रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी ट्रांसपोर्ट कंपनी का ट्रक, जिसमें ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट का कीमती माल लदा था। 9 अक्तूबर-2025 की रात दिल्ली स्थित कलेक्शन हाउस से ग्रेटर नोएडा के लिए रवाना हुआ था। ट्रक चालक बुलंदशहर निवासी दीपक कुमार रास्ते में संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। बाद में ट्रक कालिंदी कुंज के पास नोएडा क्षेत्र में ओखला बर्ड सेंचुरी मेट्रो स्टेशन के पास सड़क किनारे मिला था। जिसका डिजिटल लॉक और सील टूटी हुई थी तथा माल गायब था। चालक भी मौके से फरार पाया गया। पुलिस विवेचना के दौरान सह-आरोपी जितेंद्र, संजय खान और लोकेश को गिरफ्तार किया गया था। अभियोजन का कहना है कि इनके बयान के आधार पर राजीव उर्फ राजवीर का नाम प्रकाश में आया था। न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने जमानत खारिज कर दी।

### फ्लैट दिलाने के नाम पर सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल से 61 लाख की धोखाधड़ी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** एडब्ल्यूएचओ गुरजिंदर विहार टाउनशिप में फ्लैट खरीद-फरोख्त के नाम पर सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल से 61 लाख रुपये से अधिक की ठगी का मामला सामने आया है। अदालत ने बीटा 2 कोतवाली पुलिस को प्राथमिकी दर्ज कर जांच के आदेश दिए है। गुरुग्राम निवासी पीड़ित शम्भू नाथ ठाकुर का कहना है कि वह वर्ष 2023 में लेफ्टिनेंट कर्नल पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। नवंबर 2023 में उनकी मुलाकात रियल एस्टेट कारोबारी राजू शर्मा के माध्यम से समीना अहमद उर्फ डिंपल और सौरभ उर्फ मार्शल से हुई। आरोप है कि समीना ने एडब्ल्यूएचओ गुरजिंदर विहार सेक्टर चाई-1 ग्रेटर नोएडा स्थित फ्लैट बेचने की पेशकश की। 6 नवंबर 2023 को 1.50 करोड़ रुपये में सौदा तय हुआ और एक लाख रुपये टोकन मनी के रूप में दे दिए गए। बाद में आरोप है कि विक्रेता ने कीमत बढ़ाकर 1.73 करोड़ रुपये कर दी। 15 जुलाई 2024 को दोनों पक्षों के बीच एग्रीमेंट टू सेल हुआ। उन्होंने और उनकी पत्नी ने विभिन्न किश्तों में लगभग 61,32,320 रुपये एडवांस के रूप में दिए।

# 20वीं मंजिल से छलांग लगाकर बीटेक छात्रा ने की आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा सेक्टर जीटा स्थित पैरामाउंट गोल्फ फोरेस्ट सोसाइटी के स्टूडियो अपार्टमेंट से शुक्रवार दोपहर एक बीटेक के छात्र ने 20वीं मंजिल छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान अर्जुन तोमर (23) निवासी बड़ौत जिला बागपत के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंची सूरजपुर कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार बागपत निवासी हरेंद्र सिंह परिवार के साथ कोतवाली क्षेत्र में रहते हैं। वह सूरजपुर स्थित साइट-सी के पास एक केमिकल फैक्ट्री में कार्यरत था। उनका पुत्र अर्जुन तोमर मंगलमय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस कॉलेज में बीटेक अंतिम वर्ष का छात्र था। शुक्रवार दोपहर करीब ढाई बजे से उसने पैरामाउंट गोल्फ फोरेस्ट सोसाइटी के एक स्टूडियो अपार्टमेंट की 20 मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने छात्र के पास से मिले जरूरी दस्तावेज के आधार पर परिजनों को अवगत कराया। इसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। परिजनों की ओर से अभी तक कोई तहरीर नहीं दी गई है। युवक सोसाइटी के स्टूडियो अपार्टमेंट में बिना सुरक्षा जांच कैसे पहुंचा इसकी भी जांच की जा रही है। सोसाइटी के गार्डों से भी पूछताछ की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और सोसाइटी प्रबंधन से भी जानकारी ली जा रही है। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

## निजी स्कूलों और अस्पतालों में छूट मिले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** करप्शन फ्री इंडिया संगठन ने शहर के निजी स्कूलों और अस्पतालों में स्थानीय किसानों को छूट दिलाने की मांग की। इसे लेकर शुक्रवार को प्राधिकरण के ओएसडी अभिषेक पाठक को ज्ञापन सौंपा। संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय ने स्कूलों और अस्पतालों जिन्हें सस्ते दर पर प्लॉट दिए गए उनके लीज डीड में छूट की शर्त है।

इसके बावजूद यह नियम 10 वर्ष से लागू नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि तत्काल प्रभाव से लीज डीड के अनुसार स्कूल और अस्पतालों में स्थानीय किसानों को मिलने वाले लाभ को दिलाया जाए, अन्यथा संगठन इस समस्या के समाधान के लिए बड़ा आंदोलन करेगा।

# ग्रेनो में सीवरेज की व्यवस्था दुरुस्त होगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में सीवरेज की व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कासना स्थित मुख्य पंपिंग स्टेशन (एमएसपी) में उच्च क्षमता की पांच नई मोटर लगाने का काम जल्द किया जाएगा। इससे गंदा पानी तेज बहाव में एसटीपी तक पहुंचेगा। इस काम के लिए प्राधिकरण ने निविदा जारी की है। साथ ही जर्जर लाइन को चिन्हित किया जा रहा है। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक सीवर लाइन में आ रही दिक्कतों को चिन्हित कर उन्हें दूर किया जा रहा है।

इससे सेक्टरवासियों को अगले कुछ माह में सीवर ओवरफ्लो की समस्या से काफी हद तक निजात मिल जाएगी। कार्ययोजना के तहत कासना स्थित 137 एमएलडी क्षमता के मुख्य पंपिंग स्टेशन में लगी 15 से 20 साल पुरानी बिजली की मोटर को बदला जाएगा। मोटर के खराब होने की समस्या पैदा होती रहती है। पता चला है कि इस समय पांच में से तीन मोटर ही चालू स्थिति में हैं। एक समय में दो मोटर ही चल पाती है। मुख्य पंपिंग स्टेशन में शहर के विभिन्न सेक्टरों और गांवों से आने वाले गंदे पानी को सीव. रेज शोधित संयंत्र (एसटीपी) तक पहुंचाने में दिक्कत होती है। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक नई मोटर लगने से सीवरेज को एसटीपी तक पहुंचाने में आसानी होगी। निविदा की प्रक्रिया पूरी कर अगले एक माह में यह काम हो जाएगा। नई लाइन को चालू किया गया सेक्टर पी-3 गोलचक्कर उदमन होटल के समीप और उससे आगे एक अन्य स्थान पर क्षतिग्रस्त हो चुकी मुख्य सीवर लाइन के स्थान पर नई सीवर लाइन बिछाने का काम पूरा होने के बाद उसे चालू कर दिया गया है। इससे शहर के मुख्य आवासीय सेक्टर अल्फा-1,2, बीटा-1,2, गामा-1,2, डेल्टा-1,2, 3, नॉलेज पार्क-1,2 और 3 सहित कुछ अन्य सेक्टरों तथा आसपास के गांवों में सीवेरज की व्यवस्था में सुधार हुआ है। सीवर ओवरफ्लो की शिकायतों में कमी हुई है। प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक सन्नी यादव ने बताया कि सीवर की व्यवस्था में सुधार के लिए बनाई गई कार्ययोजना पर काम शुरू कर दिया गया है।

जर्जर लाइन को दुरुस्त किया जा रहा है। गांवों में सीवर के कनेक्शन का काम चल रहा है। कासना स्थित मुख्य पंपिंग स्टेशन में नई मोटर लगाने के साथ अन्य कमियों को दूर किया जाएगा। इससे के सीवरेज को एसटीपी तक तेज बहाव में पहुंचाया जा सके। शहर को स्वच्छ बनाने के लिए सीवरेज की व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है। एसटीपी की संख्या बढ़ाने के लिए उन क्षेत्रों में सीवर लाइन बिछाने का काम चल रहा है, जहां पर अभी सुविधा नहीं है।

## चलती कार में लगी आग

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-132 में चलती कार के बोनट से धुंआ उठने लगा। कार महिला चला रही थी। धुंआ उठता देख महिला कार से उतर गई। महिला अपने बच्चे को स्कूल लेने जा रही थी। मिनटो में कार के बोनट में आग लग गई। आग तेजी से फैली और पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस और दमकल की इसकी जानकारी दी। दमकल की एक गाड़ी को मौके पर भेजा गया। करीब 30 मिनट की कड़ी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया गया। इस दौरान स्थानीय लोग कार का बोनट खोलने का प्रयास करते दिखे। ताकि आग को बढ़ने से रोका जा सके। लेकिन उसे खोल नहीं पाए। आग आगे से पीछे की तरफ तेजी से बढ़ी। जिससे पूरी कार जलकर राख हो गई। बताया गया कि महिला अपने बच्चे को स्कूल लेने जा रही थी। इसी दौरान थाना सेक्टर-126 के पास सेक्टर-132 की मुख्य सड़क पर कार में आग लग गई।

# निर्माणाधीन मकान की शटरिंग गिरने से दो मजदूर दबे, इलाज के दौरान एक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** थाना सेक्टर-113 के ग्राम सर्फाबाद स्थित निर्माणाधीन मकान की शटरिंग गिरने से दो मजदूर घायल हो गए। अस्पताल ले जाने पर एक मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस के मुताबिक मोहित पाल पुत्र सुखपाल निवासी ग्राम धर्मपुर, थाना पचदेवरा, हरदोई वर्तमान पता ग्राम पर्थला, थाना सेक्टर-113, गौतमबुद्धनगर व जीतू पुत्र बाबूलाल निवासी ग्राम गंगुलियापुरा, थाना राजाखेड़ा, धौलपुर (राजस्थान) वर्तमान पता ग्राम सर्फाबाद नाम के दो मजदूर निर्माणाधीन मकान में शटरिंग लगाकर काम कर रहे थे। एकाएक शटरिंग गिरने से दोनों घायल ही गए।



पुलिस द्वारा दोनों कामगारों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां मोहित पाल पुत्र सुखपाल उपरोक्त की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई।

थाना सेक्टर-113 पुलिस व फील्ड यूनिट टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। मृतक के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है।

# इलेक्ट्रीशियन ने गले में फंदा लगाकर जान दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** परी चौक स्थित अंसल गोल्फ लिंक सोसाइटी में किराये के मकान में रहने वाले इलेक्ट्रीशियन ने गले में फंदा लगाकर जान दे दी। परि. जनों का आरोप है कि पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने खुदकुशी की। इलेक्ट्रीशियन के भाई की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पत्नी, उसके दो जीजा और भाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। बुलंदशहर के ऐदलपुर धीमरी गांव निवासी पुष्पेंद्र सिंह की शादी करीब 11 महीने पहले नरसेना गांव निवासी युवती से हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ दिनों बाद ही दोनों के बीच झगड़ा होने लगा।

पुष्पेंद्र एक निजी कंपनी में इलेक्ट्रीशियन था। परिजनों का आरोप है कि पुष्पेंद्र की पत्नी के उसके जीजा से अवैध संबंध हैं। इसके चलते पुष्पेंद्र को उसकी पत्नी, जीजा और भाई सभी मिलकर परेशान कर रहे थे। उसे आत्महत्या के लिए उकसाया जा रहा था। आरोप है कि पत्नी ने अपने भाई सुधीर की शादी के लिए पुष्पेंद्र से रुपये मांगे थे। रुपये न देने पर उससे मारपीट की गई। आरोप है कि पत्नी, उसके दो जीजा और भाई की उत्पीड़न से तंग आकर पुष्पेंद्र ने 16 फरवरी को गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परि. जनों ने पुलिस को बताया कि आत्महत्या से पहले उसने एक ऑडियो इंस्टाग्राम पर डाली थी, जिसमें उसने अपनी पत्नी, पत्नी के भाई और दो जीजा को आत्महत्या के लिए जिम्मेदार बताया है। पुलिस ने पुष्पेंद्र के भाई बृजेश की शिकायत पर आरोपी पत्नी, दो जीजा देवेंद्र, सुंदर और भाई सुधीर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सेक्टर बीटा-2 कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# ग्रेनो में ट्रैफिक एडवाइजरी जारी: योगी के आगमन पर बदलेंगे रूट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में सीएम योगी आदित्यनाथ के शनिवार यानि 21 फरवरी के प्रस्तावित दौरे को लेकर यातायात पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-28 स्थित इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड (एचसीएल ग्रुप और फॉक्सकॉन का संयुक्त उपक्रम) के कार्यक्रम को देखते हुए नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे, यमुना एक्सप्रेसवे और दिल्ली बॉर्डर से जुड़े मार्गों पर यातायात डायवर्जन लागू रहेगा।

वीवीआईपी विशेष मार्ग दिल्ली के डीएनडी/चिल्ला रेड लाइट बॉर्डर से आने वाले विशिष्ट और अति. विशिष्ट अतिथि नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे से होते हुए जीरो प्वाइंट पहुंचेंगे। वहां से यमुना एक्सप्रेस-वे पर 26 किमी स्थित फलैदा कट से उतरकर सेक्टर-28 स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। इनके वाहनों की पार्किंग मंच के दाहिने ओर निर्धारित वीआईपी पार्किंग में होगी।

दिल्ली और नोएडा से आने वाली एचसीएल और शिव नादर स्कूल की बसें भी इसी मार्ग का उपयोग करेंगी। लेकिन फलैदा कट से बाईं ओर उतरकर पुराना रबूपुरा रोड होते हुए पानी की टंकी से पहले खाली बंद मार्ग पर बनाई गई पार्किंग में खड़ी की जाएंगी। कार्यक्रम समाप्ति के बाद यह वाहन रबूपुरा/दनकौर सर्विस मार्ग से होकर गलगोटिया यूनिवर्सिटी और गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी के रास्ते अपने गंतव्य की ओर लौट सकेंगे।

**मीडिया और एचसीएल कर्मियों के लिए अलग व्यवस्था:** एचसीएल कंपनी और मीडिया कर्मियों के पास लगे वाहन यमुना एक्सप्रेस-वे से फलैदा कट (26 किमी) से बाईं ओर उतरकर तीर्थली डबल सर्विस रोड से सेंट्रल वेयरहाउस बिल्डिंग के बराबर होते हुए टी-प्वाइंट से दाहिने मुड़कर निर्धारित मीडिया/एचसीएल पार्किंग में पहुंचेंगे। कार्यक्रम के बाद वापसी भी इसी मार्ग से होगी।

**आसपास के क्षेत्रों से आने वाले वाहनों के लिए मार्ग:** ककोड, झाझर और जहांगीरपुर की ओर से आने वाले वाहन कैंची तिराहा रबूपुरा से बाईं ओर मुड़कर रबूपुरा बाईपास, तीर्थली चौराहा होते हुए यीडा ग्रीन पार्क के पीछे स्थित सामान्य पार्किंग (पानी की टंकी के पास) में वाहन खड़े करेंगे। जेवर, दयानतपुर, नगला हांडा और नगला हुकम सिंह से आने वाले वाहन तीर्थली चौराहे से यीडा ग्रीन पार्क होते हुए सामान्य पार्किंग स्थल तक पहुंचेंगे।

दनकौर, रोनीजा और रबूपुरा से आने वाले वाहन डबल सर्विस रोड से फिल्मसिटी और फलैदा चौराहे से पहले पुराना रबूपुरा रोड लेकर सामान्य पार्किंग स्थल में पहुंचेंगे। एडीसीपी ट्रैफिक संतोष कुमार का कहना है कि यातायात डायवर्जन के दौरान एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड और अन्य आपातकाल. ीन सेवाओं को बिना बाधा सुरक्षित निकाला जाएगा। यातायात असुविधा की स्थिति में चालक 9971009001 पर संपर्क कर सकते हैं।

**ऐसी रहेगी पार्किंग व्यवस्था:** सामान्य बस पार्किंग- सेंट्रल वेयरहाउस और पानी की टंकी के मध्य खाली प्लॉट में। पुलिस/अन्य विभाग/मीडिया/एचसीएल पार्किंगख्र वीआईपी पार्किंग के दाहिने ओर। एचसीएल/शिव नादर स्कूल बस पार्किंग। पानी की टंकी से पूर्व खाली बंद मार्ग पर।

**दिल्ली बॉर्डर पर भारी वाहनों की एंट्री रहेगी प्रतिबंधित:** वीवीआईपी आगमन वाले दिन सुबह 7 बजे से रात 10 बजे तक गौतमबुद्धनगर से दिल्ली सीमा (चिल्ला, डीएनडी, कालिंदी कुंज) से प्रवेश करने वाले भारी, मध्यम और हल्के मालवाहक वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

**ऐसा रहेगा डायवर्जन:** चिल्ला बॉर्डर से आने वाले वाहन यू-टर्न लेकर एनएच-9/24 से एनएच-91 और ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे से जा सकेंगे।

डीएनडी बॉर्डर से आने वाले वाहन टोल प्लाजा से यू-टर्न लेकर एनएच-9/24, एनएच-91 और ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे का उपयोग करेंगे। कालिंदी बॉर्डर से आने वाले वाहन भी एनएच-9/24 और ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे के माध्यम से गंतव्य तक पहुंचेंगे।

**आगरा और परी चौक की ओर से डायवर्जन:** आगरा की ओर से आने वाले यातायात को जेवर टोल से पहले बने यू-टर्न से अलीगढ़ की ओर डायवर्ट किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर जेवर कस्बे की ओर उतारकर सबौता अंडरपास से खुर्जा बाईपास और जहांगीरपुर की ओर भेजा जाएगा।

परी चौक से आगरा की ओर जाने वाले वाहन अल्फा कमर्शियल गोलचक्कर, मेट्रो डिपो गोलचक्कर, 130 मीटर रोड और सिरसा गोलचक्कर से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे होते हुए बुलंदशहर और अलीगढ़ जा सकेंगे। यदि नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर यातायात का दबाव अधिक हुआ तो वाहनों को सर्विस रोड पर डायवर्ट किया जाएगा।

# वेटर को गोली मारने वाले आरोपी को जेल भेजा

**ग्रेटर नोएडा।** बिसरख गांव में बुधवार की रात सगाई समारोह में फोटो नहीं खींचने पर वेटर को गोली मारने वाले आरोपी को पुलिस ने शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया। न्यायालय ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। घायल वेटर का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस के मुताबिक बिसरख गांव में बुधवार को अंकित भाटी की सगाई समारोह का कार्यक्रम चल रहा था। गाजियाबाद के रिस्तल गांव का रहने वाला दुर्गेश सगाई समारोह में शामिल होने के लिए पहुंचा था। पुलिस के मुताबिक दुर्गेश के पास अवैध पिस्तौल थी। आरोपी दुर्गेश ने फोटो नहीं खींचने पर एक वेटर पुष्पेंद्र को गोली मार दी थी।

घायल पुष्पेंद्र का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस के मुता. बिक इस मामले में घायल पुष्पेंद्र के भाई दीपक ने मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी दुर्गेश को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत हाईवे किनारे खाई में मिला घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 65 वर्षीय वृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि टक्कर मारने वाले वाहन चालक ने घायल को सड़क से घसीटकर खाई में फेंक दिया, जिससे समय पर इलाज नहीं मिल सका।

थानपुर निवासी 65 बर्षीय नत्थूलाल पुत्र चेतराम गुरुवार सुबह करीब सात बजे अपने घर से खेत पर जा रहे थे। हाईवे पार करते समय किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों के अनुसार, हादसे के बाद वाहन चालक घायल वृद्ध को सड़क से करीब 20 मीटर तक घसीटते हुए गहरी खाई में डालकर फरार हो गया। दुर्घटना स्थल से लेकर जहां वृद्ध पड़े मिले, वहां तक घसीटे जाने के निशान भी दिखाई दिए।करीब दो घंटे बाद गांव के किसान खेत पर काम करने पहुंचे तो उन्होंने नत्थूलाल को खाई में अचेत अवस्था में पड़ा देखा और परिजनों को सूचना दी। सूचना पर परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को खबर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां हालत नाजुक होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।मृतक के पुत्र बनबारी लाल ने बताया कि गुरुवार रात इलाज के दौरान उनके पिता की मौत हो गई।

नत्थूलाल रेलवे से सेवानिवृत्त थे और अपने पीछे पत्नी व तीन पुत्र छोड़ गए हैं। घटना की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का कहना है कि यदि घायल को खाई में न फेंका जाता तो समय रहते इलाज मिलने से जान बच सकती थी।

थानाध्यक्ष प्रयागराज ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से महिला की मौत

## स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई कर यूनिसन हॉस्पिटल किया सीज

- **खबर प्रकाशित होने के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया, जांच में मिलीं अनियमितताएं**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर के बाईपास स्थित यूनिसन हॉस्पिटल में ऑपरेशन के दौरान महिला की मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अस्पताल को सीज कर दिया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल में जांच की, जिसमें कई मानकों की अनदेखी और अनियमितताएं पाई गईं। इसके बाद डिप्टी सीएमओ ने पुलिस की मौजूदगी में अस्पताल को सील कर दिया।

जानकारी के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पिपरिया रंजीत निवासी 33 वर्षीय गीता पत्नी राजपाल को बच्चे दानी में गांठ की शिकायत थी। परिजन उन्हें ऑपरेशन के लिए नगर के बाईपास स्थित यूनिसन हॉस्पिटल लेकर पहुंचे थे। आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान महिला की हालत अचानक बिगड़ गई, और गुरुवार देर रात उसकी मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि डॉक्टर ने सही तरीके से इलाज नहीं किया, और महिला की हालत गंभीर होने पर अस्पताल छोड़कर फरार हो गया। महिला की मौत की सूचना मिलते ही परिवार और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में लोग अस्पताल पहुंच गए, और परिसर में जमकर हंगामा किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर शांत कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

मामले के प्रकाश में आने के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल का निरीक्षण किया। जांच के दौरान अस्पताल में कई खामियां और नियमों का उल्लंघन पाया गया। इसके बाद डिप्टी सीएमओ अमित कुमार ने कस्बा चौकी प्रभारी शिव कुमार शर्मा और पुलिस टीम की मौजूदगी में अस्पताल को सीज कर दिया।

### परिजनों ने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की

परिजनों ने आरोपित डॉक्टर और अस्पताल संचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद क्षेत्र में रोष व्याप्त है, और स्थानीय लोगों ने अवैध रूप से संचालित अस्पतालों के खिलाफ व्यापक जांच और कार्रवाई की मांग की है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि मामले की जांच जारी है, और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

# आठ साल के तैमूर हुसैन ने पहला रोजा रखकर की इबादत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** रहमतों-बरकतों का पाक महीना माहे रमजान शुरू होते ही बड़ों के साथ-साथ बच्चों में भी खुशी का माहौल देखने को मिला। देवरनियां कस्बे में एक आठ साल के बच्चे ने पहला रोजा रखकर अल्लाह की इबादत की।

कस्बा देवरनियां के वार्ड नंबर 9 अलीनगर में रहने वाले पत्रकार अब्दुल रऊफ लाला का आठ साल का पुत्र तैमूर हुसैन ने अपने मां-बाप के साथ माहे रमजान का पहला रोजा रखा और अल्लाह की इबादत की। हालांकि इस्लाम धर्म के मुताबिक नाबालिग बच्चे पर रोजे फर्ज नहीं हैं, लेकिन बुधवार रात माहे रमजान का आगाज होने पर तैमूर भी रोजा रखने की तैयारी में जुट गया। इसमें उसके मां-बाप और भाई-बहनों ने भी उसका हौसला बढ़ाया। इफ्तार पर उसने परिवार के साथ रोजा खोला। इस दौरान शफी अहमद, नसीम बाबू, रिजवान कुरैशी (मामा) शान कुरैशी, साहिल कुरैशी, सलीम चाचा, सलीम बाबू, तसलीम कुरैशी, मो. अलीम, मो. फारूक सहित परिवार के सभी लोगों ने मुबारकबाद दी।

# एनएसएस विशेष शिविर का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** अनुबिस डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का समापन ग्राम नगरिया सादात में आयोजित समारोह के साथ हुआ। कार्यक्रम में प्रबंध तंत्र के ट्रस्टी जितेंद्र सिंह यादव का स्वागत महाविद्यालय के प्राचार्य डा नागेश्वर प्रसाद शुक्ल ने पुष्पमाला पहनाकर किया।

दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसमें छात्राओं ने गीत व कविताएं प्रस्तुत कीं।जितेंद्र सिंह यादव ने छात्राओं के सात दिनों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि कौशल विकास जैसे कार्यक्रम युवाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान करते हैं। प्राचार्य डा नागेश्वर प्रसाद शुक्ल ने कहा कि छात्राओं ने ग्रामीणों को सुकन्या समृद्धि योजना, आईपीपीबी बचत खाता, जीवन बीमा व कृषि बीमा जैसी योजनाओं की जानकारी देकर सराहनीय समाज सेवा की है।कार्यक्रम अधिकारी डा प्रीती मेहरोत्रा ने शिविरार्थियों के लिए जलपान की व्यवस्था कराई, जिसमें गयाराम व वीरेन्द्र का विशेष सहयोग रहा। समारोह में महाविद्यालय स्टाफ व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# 22 फरवरी को लगेगा वृहद विधिक साक्षरता शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तहसील सभागार में हुआ प्री-कैम्प आयोजन**

**मीरगंज।** सोमवार 22 फरवरी को आयोजित होने वाले वृहद विधिक साक्षरता एवं सेवा शिविर की तैयारियों के तहत शुक्रवार को तहसील सभागार मीरगंज में प्री-कैम्प का आयोजन किया गया।

प्री-कैम्प में आमजन, तहसील स्टाफ, कृषि, बाल विकास, स्वास्थ्य, पशुपालन, युवा कल्याण, स्वयं सहायता समूह, उप निबंधक सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि एवं अधिवक्तागण मौजूद रहे। इस दौरान वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, स्वास्थ्य योजनाएं, कृषि संबंधी योजनाएं व अन्य सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।साथ ही लाभार्थियों को चिन्हित कर 22 फरवरी को आयोजित मेगा विधिक साक्षरता शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।यह जानकारी एसडीएम आलोक कुमार ने दी।

# बहेड़ी और मीरगंज तहसील सभागार में प्री-कैम्प आयोजित

- **मेगा विध्कि सहायता शिविर की तैयारियां तेज**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अनुमोदन पर आम जनता के विधिक सशक्तीकरण हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली द्वारा आगामी 22 फरवरी को मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन जीआईसी ऑडिटोरियम में किया जाएगा।

जनपद न्यायाधीश बरेली एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह के निर्देशन में उक्त मेगा शिविर की सफलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से तहसील स्तर पर प्री-शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को तहसील सभागार मीरगंज एवं बहेड़ी में प्री-कैम्प का आयोजन किया गया, जहां संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली जया प्रियदर्शिनी ने बताया कि आगामी 22 फरवरी को आयोजित होने वाले इस मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर में आमजन को निःशुल्क विधिक परामर्श, सरकारी योजनाओं की जानकारी तथा विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं के समाधान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। शिविर के सफल संचालन के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि प्री-कैम्प के माध्यम से स्थानीय स्तर पर अधिक से अधिक लोगों को शिविर की जानकारी दी जा रही है, ताकि जरूरतमंद नागरिकों को विधिक सहायता का लाभ मिल सके।

# रमजान के पहले जुमा पर मस्जिदों में उमड़ी भीड़, अमन-ओ-आमान की दुआ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मुकद्दस माह रमजान के पहले जुमा पर शहर की मस्जिदों, दरगाहों और खानकाहों में अकीदतमंदों की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में रौनक देखने को मिली। अजान से पहले ही बच्चे, नौजवान और बुजुर्ग नमाजी मस्जिदों में पहुंचने लगे, ताकि पहली सफ (पंक्ति) में जगह मिल सके।

मुख्य नमाज किला स्थित शाही जामा मस्जिद में दोपहर डेढ़ बजे शहर इमाम मुफ्ती खुर्शीद आलम ने अदा कराई। अपने खुत्बे में उन्होंने रमजान की फजीलत बयान करते हुए रोजा, सब्र और परहेजगारी की अहमियत पर रोशनी डाली। नमाज के बाद मुल्क और मिल्लत की खुशहाली, अमन-ओ-आमान और तरक्की के लिए दुआ की गई। शहर की अन्य मस्जिदों में भी इमामों ने खुत्बे से पहले रोजे और जकात की फजीलत पर बयान किया। दोपहर 12:45 बजे खानकाह-ए-वामिकिया से नमाज अदा करने का सिलसिला शुरू हुआ। मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि सबसे आखिर में दोपहर तीन बजे दरगाह आला हजरत की रजा मस्जिद में नमाज अदा की गई। यहां दरगाह प्रमुख हजरत सुब्हानी मियां और सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां समेत खानदान के बुजुर्गों ने शिरकत की। नमाज मुफ्ती जईम रजा ने अदा कराई। नमाज के बाद मुफ्ती अहसन मियां ने कहा कि रोजा बिना किसी शरई मजबूरी के छोड़ना सख्त गुनाह है।

हालांकि यदि किसी व्यक्ति को ऐसी बीमारी हो जिससे रोजा रखने में सेहत को नुकसान पहुंचने का अंदेशा हो, तो उसे बाद में कजा रखने की इजाजत है। स्वस्थ होने पर छूटे रोजों की कप्जा करना जरूरी है।

इसके अलावा दरगाह शाहदाना वली, दरगाह ताजुश्शरिया, खानकाह-ए-नियाजिया, दरगाह शाह शराफत अली मियां समेत शहर की प्रमुख मस्जिदोंख्रनौमहला मस्जिद, कचहरी मस्जिद, हरी मस्जिद, नूरानी मस्जिद, छः मीनारा मस्जिद, हबीबिया मस्जिद, बीबी जी मस्जिद, हाथी खाना मस्जिद और अन्य इबादतगाहों में भी बड़ी तादाद में नमाजियों ने जुमा की नमाज अदा कर अमन और भाईचारे की दुआ की।

# नाबालिग किशोरी के साथ युवक ने किया दुराचार का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रामीणों ने मौके पर पकड़कर जमकर पीटा, अस्पताल में भर्ती**

**नवाबगंज।** अपनी दादी के साथ रह रही एक नाबालिग किशोरी के साथ गांव के युवक ने घर में घुसकर दुराचार का प्रयास किया। किशोरी के शोर मचाए जाने पर उसे रंगे हाथों पकड़ लिया, और फिर जमकर उसकी पिटाई की गई। गंभीर रूप से घायल युवक को महानगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

क्षेत्र के एक गांव का एक व्यक्ति अपनी बहन के पुत्र की शादी में काशी धर्मपुर गया था। घर पर उसकी मां और उसकी साढ़े 15 साल की नाबालिग पुत्री थी। बताया जाता है कि गांव में बारात चढ़ रही थी जिसका फायदा उठाते हुए गांव का एक युवक रात के करीब 11.30 बजे घर में घुस गया, और वह किशोरी का हाथ पकड़कर उसके साथ दुराचार की कोशिश करने लगा। किशोरी के चीखने चिल्लाने पर किशोरी की दादी और आसपास के लोग जाग गए। बताया जाता है कि युवक को घर में ही रंगे हाथों पकड़ लिया गया, और उसकी फिर जमकर पिटाई की गई, इसकी जानकारी मिलने पर युवक के परिजन भी स्थल पर पहुंच गए। बताया जाता है कि इस दौरान दोनों पक्षों के बीच नोंकझोंक होने लगी, सूचना पर चीता मोबाइल पुलिस भी पहुंच गई और गंभीर रूप से घायल युवक को अपने साथ कोतवाली ले आई, जहां उसे महानगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि युवक का मोबाइल फोन भी किशोरी के घर पर ही रह गया। किशोरी के पिता रात में ही किशोरी और मोबाइल लेकर कोतवाली पहुंच गए और घटना की तहरीर पुलिस को दी है। दूसरी ओर घायल युवक के परिजनों ने भी पुलिस को एक तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

# बसंतोत्सव व छत्रापति शिवाजी महाराज जयंती धूमधाम से मनाई गई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** भारतीय योग संस्थान, बरेली द्वारा गुरुवार को बसंतोत्सव एवं छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10:30 बजे दीप प्रज्वलन एवं योग प्रार्थना के साथ हुआ।

इस अवसर पर वक्ताओं ने छत्रपति शिवाजी महाराज के शौर्य, राष्ट्रभक्ति और आदर्श नेतृत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। साथ ही योग के माध्यम से स्वस्थ एवं अनुशासित जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में संस्कार, राष्ट्रीय चेतना और स्वास्थ्य जागरूकता को सुदृढ़ करते हैं। बसंतोत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुति एवं विचार गोष्ठी भी आयोजित की गई, जिसे उपस्थित जनसमूह ने सराहा। समारोह में क्षेत्रीय प्रधान एड. सुरेन्द्र पाण्डेय, क्षेत्रीय मंत्री विनय खण्डेलवाल, उप प्रधान/व्यवस्था प्रमुख डा. सौदान सिंह शाक्य, केंद्र संरक्षक त्रिभुवन शर्मा, जिला प्रधान डा. सुरेश रस्तोगी, क्षेत्रीय प्रमुख ज्ञानचन्द (मास्टर जी), शिक्षा संगठन मंत्री रामप्रवेश गंगवार तथा जिला महामंत्री नानासाहेब गाडे सहित अनेक योग साधक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

समापन पर सभी के लिए सुस्वादु सहभोज की व्यवस्था की गई। आयोजकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी सदस्यों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।

# चुरई दलपतपुर में एक साथ जली तीन चिताएं, गांव में पसरा मातम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** स्थानीय क्षेत्र के गांव चुरई दलपतपुर में शुक्रवार को ऐसा हृदयविदारक दृश्य देखने को मिला, जिसे ग्रामीण शायद ही कभी भूल पाएंगे। एक ही दिन में तीन लोगों की मौत के बाद गांव के श्मशान घाट पर एक साथ तीन चिताएं जलीं।

इस असाधारण घटना ने पूरे गांव को गहरे शोक में डुबो दिया और क्षेत्रभर में चर्चा का विषय बन गई।जानकारी के अनुसार, गांव के एक व्यक्ति की मौत गुरुवार को हुए सड़क हादसे में हुई थी, जबकि दो अन्य ग्रामीणों का निधन बीमारी के कारण हो गया।

संयोग ऐसा रहा कि तीनों का अंतिम संस्कार एक ही दिन हुआ। जब एक साथ तीन अर्थियां गांव की गलियों से निकलीं तो माहौल बेहद गमगीन हो गया। महिलाओं का विलाप और परिजनों की चीख-पुकार सुनकर हर आंख नम हो उठी।

श्मशान घाट पर एक साथ जलती तीन चिताओं का दृश्य देख ग्रामीण स्तब्ध रह गए। बुजुर्गों का कहना है कि गांव के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है।

# एएनटीएफ ने किया अंतरराज्यीय नशा स्करी का भंडाफोड़

- **10 किलो अफीम के साथ दो तस्कर दबोचे**
- **मोबाइल व रेलवे टिकट बरामद, झारखंड से पंजाब तक फैला था सप्लाई नेटवर्क**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स उत्तर प्रदेश (एएनटीएफ) यूनिट बरेली ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो सक्रिय तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 10 किलाग्राम अवैध अफीम बरामद की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 50 लाख रुपये आंकी गई है। इसके अलावा एक मोबाइल फोन, दो रेलवे टिकट और 1,190 रुपये नकद भी बरामद हुए हैं।

यह कार्रवाई पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश, अपर पुलिस महानिदेशक कानून-व्यवस्था एवं अपराध के मार्गदर्शन तथा एएनटीएफ लखनऊ के पुलिस महानिरीक्षक के नेतृत्व में की गई। एएनटीएफ बरेली टीम ने शुक्रवार को बरेली-बदायूं रोड पर ग्राम सिरोई स्थित शिव ब्रिकफील्ड जाने वाले मार्ग, थाना भमोरा क्षेत्र में घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में प्रेम गिरी पुत्र नरेश गिरी निवासी ग्राम सिरसवा, थाना बिनावर, जनपद बदायूं तथा धर्मी देवी पत्नी भिखलाल दांगी निवासी ग्राम बेलहर, थाना बरवाती, जिला चतरा (झारखंड) शामिल हैं। दोनों के खिलाफ थाना भमोरा में धारा 8/18/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे झारखंड से अफीम लाकर सप्लाई करते थे। प्रेम गिरी की ससुराल झारखंड में है और सहअभियुक्ता धर्मी देवी उसकी सास है। दोनों गांव के एक व्यक्ति के कहने पर अफीम लाकर उसे सौंपते थे, जो आगे पंजाब में इसकी सप्लाई करता था। मुनाफा आपस में बांट लिया जाता था। पुलिस ने इन्हें सप्लाई के दौरान ही गिरफ्तार कर लिया।

कार्रवाई करने वाली टीम में एएनटीएफ यूनिट बरेली के प्रभारी उपनिरीक्षक विकास यादव के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल दिनेश कुमार, कांस्टेबल सौरभ चौधरी, अंकित यादव, रसविंद्र चौधरी, कुश कुमार, विनीत कुमार व महिला कांस्टेबल छाया शामिल रहीं।

थाना भमोरा के उपनिरीक्षक मनोज कुमार और कांस्टेबल जितेंद्र सिंह ने भी सहयोग किया। एएनटीएफ की इस कार्रवाई को मादक पदार्थ तस्करी के नेटवर्क पर बड़ा प्रहार माना जा रहा है। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है।

# डीएम ने की निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में महिला और युवा मतदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में मतदाता सूची में शामिल करने के लिए विशेष रणनीति तैयार की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि विशेष अभियान चलाकर डोर-टू-डोर अभियान के माध्यम से पात्र नागरिकों से अधिक से अधिक फार्म-6 भरवाए जाएं। इसके लिए समस्त विभागों के कर्मियों, डिग्री कॉलेज एवं इंटर कॉलेज के प्रतिनिधियों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है, ताकि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराया जा सके। बैठक में अवगत कराया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 22 फरवरी 2026 (रविवार) को जनपद में विशेष अभियान दिवस आयोजित किया जाएगा।


## अदालती सूचना

**आदेशानुसार श्री संजय कुमार सिंह II अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बिजनौर**

**मैरिज पेटीशन सं.-126/2024**

प्रभात कुमार उम्र 34 वर्ष पुत्र स्व. धर्मवीर सिंह निवासी ग्राम अलाद्दीनपुर धनराज, पोस्ट मोरना, परगना बूढ़पुर, तह. चांदपुर, जिला बिजनौर, पिन 246734

मो. नं.- 7683079160

**बनाम**

अमिता चौहान उम्र 33 वर्ष पत्नी प्रभात कुमार पुत्री जसराम सिंह निवासी गली न. 4 दामोदरपुरम राजीव कॉलोनी, सुभाषनगर, बरेली, जिला बरेली, पिन कोड-243001

मो. नं.-9719613241

हरगाह वादी प्रभात कुमार के आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की हैं। लिहाजा आपको हुक्म होता हैं की बतारीख 25-2-2026 ई. बवक्त 10 बजे दिन के अमालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमे के हालात करार वाकई वाकिफ किया गया हैं और जो कुल उमूर अहम मुताल्लिक के मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके पास कोई शख्स हो जो जवाब में ऐसे सवालात को दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा को करें और आपको लाजिम हैं कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपनी जवाबदेह के इस्तेमाल करना चाहते हो। आपको इत्तिला दी जाती हैं अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे, तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपको समसुआ और फैसला होगा।

नियत दिनांकः-25.02.2026

**प्रबंधक**

**न्यायालय अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बिजनौर ( उ.प्र. )**


# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत वृहद ऋण शिविर आयोजित




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजनान्तर्गत कार्यालय उपायुक्त उद्योग परिसर में वृहद क्रेडिट कैम्प का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीएम अविनाश सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शासन के निर्देशानुसार आयोजित इस शिविर में 117 लाभार्थियों को स्वरोजगार स्थापित करने हेतु विभिन्न बैंकों द्वारा ऋण वितरित किए गए, साथ ही विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण प्राप्त लाभार्थियों को टूलकिट भी प्रदान की गई।

डीएम ने शिविर में लगाए गए बैंकों और लाभार्थियों के स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा अपने संबोधन में कहा कि युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी लाभार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस योजना से जनपद में रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। उन्होंने बैंकों से समयबद्ध और पारदर्शी ऋण वितरण सुनिश्चित करने का आह्वान भी किया। वर्तमान वित्तीय वर्ष में अब तक 2323 से अधिक लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराया जा चुका है, जिससे जनपद में उद्यमिता को बढ़ावा मिला है। शिविर में बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब नेशनल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया तथा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक सहित विभिन्न बैंकों द्वारा चयनित लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र व चेक प्रदान किए गए। कैम्प का संयोजन उपायुक्त उद्योग विकास यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अग्रणी जिला प्रबंधक एवं विभिन्न बैंकों के क्षेत्रीय प्रबंधकों ने प्रतिभाग कर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन का भरोसा दिलाया।

# नाली के कूड़े को लेकर विवाद, रिटायर्ड प्लाटून कमांडर पर हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के मोहल्ला राजेंद्र नगर में नाली के कूड़े को लेकर दो पड़ोसियों के बीच विवाद हो गया, जिसमें रिटायर्ड प्लाटून कमांडर घायल हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मोहल्ला राजेंद्र नगर निवासी सेवाराम पुत्र नोनीराम, जो कि रिटायर्ड प्लाटून कमांडर हैं, गुरुवार सुबह करीब 11 बजे अपने घर में भैंस को नहला रहे थे। इसी दौरान घर का कुछ कूड़ा पानी के साथ बहकर नाली में चला गया। आरोप है कि नाली में कूड़ा जाने से नाराज पड़ोसी राम सनेही की पत्नी प्रवेश कुमार उनके घर में आ गई और विरोध जताने लगीं।

सेवाराम का कहना है कि उन्होंने नाली का कूड़ा स्वयं साफ करने की बात कही, लेकिन आरोप है कि महिला नाली का कूड़ा उठाकर उनके घर में रखे दूध में डाल दिया। विरोध करने पर ईंट से सिर पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गए। इतना ही नहीं, हाथ के अंगूठे में दांत से काटने और गाली-गलौज कर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है।घायल की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा है और मामले की जांच की जा रही है।

# लापता व्यक्ति का शव तालाब में मिला

## 10 दिन से लापता था मृतक, घरवालों ने दर्ज कराई थी गुमशुदगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पिछले दस दिनों से लापता व्यक्ति का शव शुक्रवार सुबह तरकोली के पास सड़क किनारे नहर/तालाब में मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना से जहां स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बन गया, वहीं मृतक के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।





प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव बगदाद अंसार रोड स्थित तालाब के पास एक अधेड़ व्यक्ति का शव उतराता हुआ दिखाई दिया। सुबह के समय उधर से गुजर रहे ग्रामीणों ने जब पानी में शव देखा तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोतवाली धामपुर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकलवाया।

शव की पहचान नई सराय बस्ती निवासी लगभग 45-50 वर्षीय अरशद पुत्र असगर के रूप में हुई। मृतक बस मिस्त्री का कार्य करता था और तीन बच्चों का पिता था। परिजनों के अनुसार अरशद 12 फरवरी को घर से यह कहकर निकला था कि वह एक शादी समारोह में जा रहा है, लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं मिला तो पत्नी शबाना ने उसी दिन कोतवाली धामपुर में पति की गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

गुमशुदगी दर्ज होने के बाद से पुलिस एवं परिजन लगातार अरशद की तलाश कर रहे थे। मौहल्ले, रिश्तेदारों और संभावित स्थानों पर खोजबीन की गई, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। दस दिन बाद शव मिलने की खबर से पूरे परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एकत्र हो गए। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में मृतक के शरीर पर किसी प्रकार की बाहरी गंभीर चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। हालांकि मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि यह हादसा है, आत्महत्या है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है।

घटना के बाद परिजन शव को बिना पोस्टमार्टम कराए अंतिम संस्कार के लिए अपने साथ ले जाने की मांग करने लगे। इसको लेकर पुलिस और परिजनों के बीच काफी देर तक बातचीत भी हुई, लेकिन पुलिस ने नियमानुसार शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मौत के कारणों का पता लगाना जरूरी है, ताकि किसी भी प्रकार की आशंका को दूर किया जा सके।

कोतवाल मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है और यदि किसी प्रकार की आपराधिक साजिश सामने आती है तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

घटना के बाद से इलाके में शोक का माहौल है और लोग प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं।

# क्षेत्र पंचायत सदस्य की सड़क हादसे में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** क्षेत्र पंचायत सदस्य की सड़क हादसे में मौत से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। ग्राम करनावाला उर्फ नंगला गन्ना निवासी क्षेत्र पंचायत सदस्य राजीव कुमार पुत्र हेमचंद की गुरुवार देर रात सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और गांव में मातम छा गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजीव कुमार गुरुवार की रात अपनी बुलेट से मुन्नी देवी मंदिर में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही वह अल्हैपुर ब्लॉक के सामने पहुंचे, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें गंभीर अवस्था में उपचार के लिए मुरादाबाद स्थित कॉसमॉस अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। अस्पताल पहुंचने से पहले ही चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर

### परिवार में मचा कोहराम

पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी कराई और अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपी वाहन चालक का पता लगाया जा सके।

राजीव कुमार की असमय मौत से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। ब्लॉक प्रमुख क्षमा हेमलता चौहान ने भी घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की है। उन्होंने कहा कि राजीव कुमार एक कर्मठ और जनसेवी प्रतिनिधि थे, जिनकी कमी लंबे समय तक महसूस की जाएगी।

मृतक अपने पीछे पत्नी सरिता देवी, 9 वर्षीय पुत्री निशि पाल और 6 वर्षीय पुत्र सार्थक पाल को छोड़ गए हैं। पिता की असामयिक मौत से बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में शोकसभा आयोजित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

# लुधियाना की सीटी यूनिवर्सिटी में नूरपुर की छात्रा की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** पंजाब के लुधियाना स्थित सीटी यूनिवर्सिटी में एक दर्दनाक हादसे में नूरपुर की 19 वर्षीय छात्रा की मौत हो गई। घटना से विश्वविद्यालय परिसर में शोक और अफरा-तफरी का माहौल बन गया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला हजरत नगर निवासी अजमल अंसारी की पुत्री शबनूर जो कि सीटी यूनिवर्सिटी में अध्ययनरत थी। लिफ्ट के पास बनी सीढ़ियों पर बैठी हुई थी और अपनी सहेलियों का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह संतुलन खोकर नीचे गिर पड़ी। गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के तुरंत बाद वहां मौजूद अन्य छात्राओं ने तत्परता दिखाते हुए शबनूर को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर फैलते ही विश्वविद्यालय परिसर में हड़कंप मच गया और छात्र-छात्राओं में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जा रहा है कि अजमल अंसारी पिछले लगभग 15 वर्षों से अपने परिवार सहित लुधियाना के किरपाल नगर क्षेत्र में रह रहे थे। शबनूर परिवार की होनहार बेटी थी और उसकी असमय मृत्यु से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल था। विश्वविद्यालय प्रशासन ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है और मामले की जांच कराए जाने की बात कही है। वहीं पुलिस ने भी आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस हृदयविदारक घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है। स्थानीय लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय परिसर में सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो।

# शादी वाले घर की बिजली काटी

### मेहमानों को हुई परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** नगर की डायमंड सिटी कॉलोनी में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब शादी समारोह के बीच बिजली विभाग के कर्मचारियों ने दूल्हे के घर का बिजली कनेक्शन काट दिया। घटना से परिजनों और मेहमानों में रोष व्याप्त है तथा बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं।



जानकारी के अनुसार डायमंड सिटी कॉलोनी निवासी शुभम चौहान की बारात नजीबाबाद के लिए रवाना होनी थी। घर में विवाह की तैयारियां अपने अंतिम चरण में थीं। मेहमानों की चहल-पहल और रस्मों का माहौल था। इसी दौरान बिजली विभाग का एक कर्मचारी मौके पर पहुंचा और खंभे पर चढ़कर घर की विद्युत आपूर्ति बंद कर दी। परिजनों का आरोप है कि बिजली विभाग की ओर से पूर्व में किसी प्रकार की लिखित या मौखिक सूचना नहीं दी गई थी। अचानक बिजली आपूर्ति बाधित होने से विवाह की तैयारियां प्रभावित हुईं। परिवार का कहना है कि इस दौरान घर में महिलाएं, बुजुर्ग और दूर-दराज से आए मेहमान मौजूद थे, जिससे उन्हें असहज स्थिति का सामना करना पड़ा।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि यदि बिजली बिल या तकनीकी कारणों से कोई बकाया या समस्या थी तो विभाग को नियमानुसार नोटिस देकर कार्रवाई करनी चाहिए थी। विवाह जैसे सामाजिक अवसर पर बिना पूर्व सूचना की गई कार्रवाई को लेकर कॉलोनीवासियों ने नाराजगी जताई है।

घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन एवं बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, संबंधित कर्मचारी की भूमिका स्पष्ट करने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने की मांग की है।

वहीं, बिजली विभाग की ओर से समाचार लिखे जाने तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया था। अब देखना होगा कि संबंधित अधिकारी मामले में क्या कदम उठाते हैं।

# अल्लेहदादपुर स्कूल को मिली शिक्षण सामग्री

## पूर्व सैनिक कल्याण निगम ने छात्रों के लिए डेस्क-बेंच भेंट की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड (क्षेत्रीय कार्यालय, बरेली) द्वारा विकास क्षेत्र आकू के उच्च प्राथमिक विद्यालय अल्लेहदादपुर मुबारक में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निगम की ओर से विद्यालय के छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य और बेहतर सुविधाओं के लिए 3,27,000 रुपये की शिक्षण सामग्री भेंट की गई।



प्राप्त समाचार के अनुसार विद्यालय को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने के उद्देश्य से 15 डेस्क कम बेंच (छात्रों के बैठने के लिए) रिवॉल्विंग चेयर्स एवं ऑफिस मेजें 4 अलमारियां और अन्य उपयोगी फर्नीचर समारोह के मुख्य अतिथि और विशिष्ट जन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निगम के एजीएम विंग कमांडर योगेंद्र कुमार शुक्ला उपस्थित रहे। उनके साथ कोऑर्डिनेटर शिशुपाल सिंह और सुपरवाइजर वीरेंद्र कुमार विष्ट ने भी सहभागिता की। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र पाल सिंह और डायट मेंटर मेघा शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अमित मलिक और सहायक अध्यापक कृष्णपाल ने सभी अतिथियों का बुके भेंट कर और बैज लगाकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि विंग कमांडर शुक्ला ने विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता की सराहना करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक कल्याण निगम प्रतिवर्ष विद्यालयों को सहायता प्रदान करता है। यहां के बच्चों की दक्षता और शिक्षण व्यवस्था अत्यंत प्रभावशाली है। निगम भविष्य में भी अपना सहयोग जारी रखेगा।

कार्यक्रम का सफल संचालन राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक रामअवतार सिंह द्वारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने में शिक्षक सुदेश कुमार चंद्रयाल, नाथे सिंह, राकेश कुमार, अखिल कुमार, सलोनी रानी, मनोज कुमार, सुरभि अग्रवाल और निगार हनीफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान निर्मल सिंह सहित भारी संख्या में अभिभावक और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# चौपाल कार्यक्रम में गिलाड़ी पहुंची डीएम

## पार्क द्वार, स्मारक स्थल और विदुर प्रेरणा दीदी कैंटीन का लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने गांव गिलाड़ी का दौरा कर वहां आयोजित 'चौपाल कार्यक्रम' में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और गांव में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। इसके अलावा नहटौर ब्लॉक का निरीक्षण के दौरान चौधरी चरण सिंह पार्क द्वार व नवनिर्मित स्वतंत्रता संग्राम सैनानी स्मारक स्थल और विदुर प्रेरणा दीदी कैंटीन का फीता काटकर लोकार्पण किया।



प्राप्त समाचार के अनुसार चौपाल में डीएम ने बिजली, सड़क और आंगनवाड़ी जैसी मूलभूत सुविधाओं की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास की सभी योजनाएं समय पर पूरी की जाएं ताकि ग्रामीणों को इनका लाभ मिल सके।

संवाद के दौरान ग्रामीणों ने जिलाधिकारी के समक्ष कई महत्वपूर्ण समस्याएं रखीं। जिनमें प्रमुख पानी की टंकी के निर्माण कार्य में हो रही देरी और घरों तक कनेक्शन न पहुचने की समस्या पर चर्चा की गई। ग्रामीणों ने गांव में एक व्यवस्थित बारात घर बनाने की मांग की। डीएम ने विशेष रूप से गांव में स्वयं सहायता समूहों (SHG) के माध्यम से महिलाओं को वित्तीय रूप से स्वतंत्र और मजबूत बनाने पर जोर दिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने गांव में निर्माणाधीन खेल मैदान का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बीडीओ को कड़े निर्देश दिए कि खेल के मैदान को जल्द से जल्द चालू किया जाए ताकि गांव के बच्चे और युवा इसका लाभ उठा सकें। इसके बाद नहटौर ब्लॉक का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने मंदिर परिसर में पर्यावरण का संदेश देते हुए एक पौधा रौपा। इसके अलावा चौधरी चरण सिंह पार्क द्वार व नवनिर्मित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक स्थल और विदुर प्रेरणा दीदी कैंटीन का लोकार्पण किया।

इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह मनोज कुमार शोभित त्यागी, ग्राम प्रधान अनु देवी, उदित चौधरी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### विशेष स्वच्छता अभियान



**धामपुर।** स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता-2026 के अंतर्गत नगर में स्वच्छता गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा व्यापक जनभागीदारी के माध्यम से स्वच्छता के प्रति व्यवहार परिवर्तन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 17 से 28 फरवरी तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद धामपुर की ओर से नगर क्षेत्र स्थित लाल सरस्वती बालिका विद्या मंदिर, रोडवेज बस स्टैंड के समीप (सारथी क्लब क्षेत्र) में विशेष स्वच्छता अभियान संचालित किया गया। अभियान के तहत विद्यालय परिसर एवं सभी शौचालयों की गहन साफ-सफाई कराई गई। नगर पालिका कर्मियों द्वारा परिसर में झाड़ू-पोछा, कचरा निस्तारण तथा स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया गया। साथ ही विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्राओं के बीच स्वच्छता के महत्व को लेकर जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं को स्वच्छता के प्रति व्यवहार में परिवर्तन लाने की अपील करते हुए सूखे और गीले कचरे को अलग-अलग एकत्र करने, प्लास्टिक के उपयोग से बचने तथा विद्यालय एवं आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया गया। शिक्षकों ने भी छात्राओं को स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। नगर पालिका परिषद के अधिकारियों ने बताया कि स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता के तहत आगे भी नगर के विभिन्न वार्डों, विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर इसी प्रकार स्वच्छता अभियान एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### परवेज आदिल की वाल्दा का निधन

**नगीना।** नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी व शिक्षक परवेज आदिल की माता का बीती शाम निधन हो गया। वो काफी समय से बीमार चल रहीं थीं। शाम को अचानक तबीयत ज्यादा बिगड़ने के बाद उनका देहांत हो गया। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनके निधन से पूरे कस्बे में शोक का माहौल है। पेशे से अध्यापक परवेज आदिल कस्बे की एक प्रमुख समाजसेवी संस्था से जुड़े हैं। पत्रकारिता व उर्दू में विशेष रुचि रखने वाले परवेज आदिल ने अपना जीवन समाज सेवा के लिए समर्पित किया है और वे क्षेत्रवासियों के सहयोग से गरीब परिवारों की मदद करते रहे हैं। निधन की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पर पहुंचने लगे। उनके निधन पर सांसद चंद्रशेखर आजाद इरशाद मुल्तानी, काजी अरशद मसूद, तनवीर आलम, जुल्फिकार आलम, परवेज पाशी आदि गणमान्य लोगों ने दुख प्रकट किया है।

### युवती को बरामद करने की मांग

**नगीना।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी 19 वर्षीय बहन बीते 16 फरवरी 2026 की शाम चार बजे अचानक घर से लापता हो गई। पीड़ित बड़े भाई का आरोप है कि थाना बिजनौर के ग्राम निजामपुर निवासी मनोज पुत्र मुखराम उनकी छोटी बहन को बहला-फुसलाकर अपने साथ कहीं ले गया है। पुलिस का कहना है कि युवती की बरामदगी और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं।

## एक नजर

### वीकेआईटी का परीक्षाफल शत-प्रतिशत



**बिजनौर।** डा. एपीजे अब्दुल कलाम टैक्निकल यूनिर्वसिटी लखनऊ द्वारा बी.टैक (सिविल इंजेनियरिंग) विषम सेमेस्टर के घोषित परीक्षा परिणाम में वीर कुंवर इन्स्टीट्यूट आफॅ टैक्नालॉजी का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। बी.टैक पंचम सेमेस्टर के छात्र सौरभ ने 80.22 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान, सप्तम सेमेस्टर की छात्र पियूश कुमार ने 84.26 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। (मकेनिकल इंजेनियरिंग) तृतीय सेमेस्टर के छात्र अभीजीत शर्मा ने 70 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान, पंचम सेमेस्टर की छात्रा अलका रानी ने 66.11 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान एंव सप्तम सेमेस्टर के छात्र विदित कुमार ने 77.46 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के प्रबन्ध निदेशक अभिषेक सिंह, डीन एकेडिमिक राजीव कुमार एंव विभाग के समस्त शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### रिटायर्ड फौजी पर जानलेवा हमला

**बिजनौर।** नूरपुर थाना क्षेत्र स्थित ग्राम पुरैना अब्दुल रहमानपुर में एक रिटायर्ड फौजी और गन्ना किसान ब्रजपाल सिंह पर आधा दर्जन लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। घटना उस वक्त हुई जब वह चांगीपुर शुगर मिल में गन्ना डालने जा रहे थे। नहर के पास घात लगाए बैठे हमलावरों ने उन्हें बुरी तरह पीटकर लहूलुहान कर दिया और मौके से फरार हो गए। डायल 112 की मदद से घायल को पहले सीएचसी नूरपुर और फिर गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल रैफर किया गया है। थानाध्यक्ष विकास कुमार के अनुसार परिजनों की ओर से तहरीर मिलने के बाद आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### गेट लगाने के विरोध पर मारपीट



**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के गांव हिदायतपुर चौहड़वाला निवासी शमशाद पुत्र रमजानी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के ही नसीम पुत्र रहीम, इमरान, शमीम पुत्र शरीफ एवं अहसान पुत्र असगर रास्ते पर गेट लगा रहे थे। शमशाद द्वारा रास्ते में गेट लगाने को लेकर विरोध करते हुए कहा कि गेट लगने से उनका रास्ता बंद हो जाएगा। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। आरोप है कि शमीम पक्ष के लोग आग बबूला हो गए और गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान नसीम ने लोहे की रॉड से सिर पर वार कर दिया, जिससे बुजुर्ग शमशाद गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों द्वारा घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों द्वारा हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। थानाध्यक्ष विरेन्द्र कुमार राठी ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

### हाथी का जन्मदिन मनाया

**कालागढ़।** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में धूमधाम से हाथी का जन्मदिन मनाया गया। हाथी के जन्मदिन में वन मंत्री सुबोध उनियाल ने शिरकत की। वन मंत्री के पहुंचने पर वन्य जीव प्रशिक्षण केंद्र में दो दिन पूर्व हाथी से हुए नुकसान की भरपाई के लिए चर्च फादर फिलिप ने मंत्री के सामने चर्च में लाखों रूपए के मुआवजा की मांग के लिए प्रार्थना पत्र मंत्री को दिया। वहीं फादर फिलिप का कहना है कि इस्लामनगर पंचायत के अंतर्गत ग्राम भिक्कावाला में मुख्य मार्ग पर कैथोलिक डायसिस आफ बिजनौर गढ़वाल मुख्यालय कोटद्वार द्वारा संचालित मैट मेरीस इण्टरमीडिएट कालेज स्थित है। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की सीमा से निकलकर भिक्कावाला तिराहे से सेंट मेरीस गैट मेरीस कान्डेट शांति निवास स्वास्थ्य केन्द्र में होकर सेंट मेरीस इण्टरमीडिएट कालेज तक पहुंच जाते हैं। विद्यालय में क्षेत्र के पूर्व सैनिक परिवारों व अन्य ग्रामों के लगभग 1500 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। मार्ग पर हाथी व गुलदार और नील गाय विचरण करते रहते हैं। अनेक बार हाथी कालेज की चाहरदीवारी को नुकसान पहुंचा चुका है। स्कूल परिसर के आसपास बाघ को विचरण करते हुए देखा गया। सोमवार की रात्रि में दो हाथियों में चर्च परिसर आदि में आस व केले की फसलों को नुक्सान पहुंचाया है। इस क्षेत्र के निवासियों के साथ-साथ स्कूल में आने-जाने वाले अभिभावकों, शिक्षकों व बच्चों की सुरक्षा को खतरा होता रहता है। क्षेत्र में वन्यजीवों की बढ़ती संख्या और जंगलों से आबादी में आ रहे हाथियों, गुलदार जैसे वन्यजीवी को सीमा पार कर सेंट मेरीस इण्टरमीडिएट कॉलेज, कान्वेंट आदि में आने से रोकने के लिए पुराना कालागढ़ से हाइडिल कालोनी व पुराना कालागढ़ से कोटद्वार मार्ग के प्रवेशद्वार, सुरक्षा दीवार, तार बाड़ लगाने और दीवार के साथ चौड़ी गहरी खाई खोदकर वन्यजीवों कों आबादी से रोका जाये।

### छत्रपति शिवाजी महाराज को नमन




**धामपुर।** हंगामा लोक सामाजिक साहित्य समिति की संस्थापिका राखी कौशिक उपासना कौशिक संस्था की संरक्षक निर्मला कौशिक, विमला भटनागर, सृष्टि, खुशी, अनिता, कविता, आशा गोस्वामी आदि द्वारा मराठा साम्रज्य के संस्थापक महान योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर उनको पुष्पांजलि अर्पित कर व दीप प्रज्ज्वलित कर नमन किया गया। कार्यक्रम का संचालन व कार्यक्रम का शुभारंभ विमला भटनागर द्वारा छत्रपति महाराज जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में राखी उपासना ने बताया की छत्रपति शिवाजी महाराज मराठा साम्राज्य के संस्थापक और एक महान योद्धा थे। उन्होंने मराठा साम्राज्य की नींव रखी थी। शिवाजी के पिता शाहजी भोंसले और माता जीजाबाई थीं। जीजाबाई जी से उन्हें धर्म, वीरता और न्याय की शिक्षा मिली, जबकि दादा कोंडदेव ने युद्ध कला सिखायी थी।

### पिकअप ने भैंसा बुग्गी में मारी टक्कर

**नांगल सोती।** मंडावली थाना क्षेत्र के गांव प्रेमपुरी निवासी मलखान सराय आलम नहर पुलिया के समीप गन्ना क्रेशर पर भैंसा बुग्गी से खोई ढोने का काम करता है। बीती रात करीब 10 बजे मंडावली दिशा से आ रही पिकअप वाहन ने भैंसा बुग्गी में टक्कर मार दी। हादसे में मलखान व भैंसा घायल हो गए। चालक पिकअप वाहन छोड़कर फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने पिकअप वाहन को कब्जे में ले लिया।

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
आकिब यूनुस एड.
युवा भाजपा नेता
बिजनौर


मुकद्दस रमजान की बधाई
मूल निवासी भीम सिंह
जिला प्रभारी पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक।
विधान सभा 22 बिजनौर से संभावित प्रत्याशी।
भगवती केयर सेंटर विदुर कुटी रोड शक्ति पेट्रोल पम्प के सामने सोमिया मार्केट, बिजनौर।
Mob-9389945824, 8868001224


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मकसूद अहमद अंसारी
(ठेकेदार)
संभावित प्रत्याशी
प्रधान पद
राजा का ताजपुर


### सरकारी अभिलेखों से खिलवाड़ पड़ा भारी, डीएम के निरीक्षण में खुली अनियमित्ताएं

# जेई व बाबू पर एफआईआर के आदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** विनियमित क्षेत्र कार्यालय में तीन फाइलें गायब पाए जाने और एक फाइल जेई द्वारा घर पर रखे होने पर जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कड़ा रुख अपनाते हुए

**विनियमित क्षेत्र कार्यालय में हड़कम्प, सीसीटीवी कैमरे बंद मिलने पर भी डीएम ने जतायी नाराजगी**

जेई भानु प्रताप एवं क्लर्क आशीष यादव के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। इस कार्रवाई से विभाग में हड़कंप मच गया है।

जिलाधिकारी ने तहसील अमरोहा स्थित विनियमित क्षेत्र कार्यालय का लगातार दूसरे दिन गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में व्यापक अव्यवस्था, अनियमितता और अभिलेखों के रख-रखाव में गंभीर लापरवाही सामने आई। फाइलों के उचित संरक्षण की व्यवस्था न होने पर डीएम ने मौके पर ही कड़ी नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। निरीक्षण के दौरान जब अभिलेखों का मिलान कराया गया तो तीन महत्वपूर्ण फाइलें रिकॉर्ड से गायब पाई गईं। इसके अतिरिक्त एक फाइल के संबंध में जेई



भानु प्रताप द्वारा यह बताया गया कि वह फाइल उनके घर पर है। इस स्पष्टीकरण को गंभीर अनियमितता मानते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकारी दस्तावेज किसी भी परिस्थिति में कार्यालय से बाहर नहीं जाने चाहिए और अभिलेखों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे संचालित नहीं थे। सुरक्षा व्यवस्था की यह लापरवाही भी जिलाधिकारी की नाराजगी का कारण बनी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करने और सभी कैमरों को तत्काल चालू कराने के निर्देश दिए। साथ ही भविष्य में ऐसी स्थिति न दोहराई जाए, इसके लिए सख्त निगरानी व्यवस्था लागू करने को कहा। निरीक्षण के क्रम में डीएम ने वैध एवं अवैध भूमि, अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों, अब तक कराई गई कब्जा-मुक्त कार्रवाई तथा शेष लंबित मामलों की विस्तृत जानकारी भी प्राप्त की। उन्होंने निर्देशित किया कि अवैध कब्जों और अनियमित निर्माण पर प्रभावी कार्रवाई की जाए तथा भूमि संबंधी मामलों में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप कार्य न करने, अभिलेखों के रख-रखाव में लापरवाही बरतने अथवा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि सरकारी कार्यालयों में जवाबदेही और अनुशासन से कोई समझौता नहीं होगा। डीएम की इस सख्त कार्रवाई को प्रशासनिक सुधार की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। निरीक्षण के बाद पूरे कार्यालय में रिकॉर्ड व्यवस्थित करने और व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। प्रशासनिक हलकों में चर्चा है कि आने वाले समय में अन्य विभागों में भी इसी प्रकार के औचक निरीक्षण किए जा सकते हैं।

# पेड़ से टकरायी कार, दादा-पोते की मौत

### दिल्ली से अल्मोड़ा जा रहा था परिवार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** चालक को आयी नींद की झपकी के कारण कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकरायी। हादसे में दादा-पोते की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि परिवार के अन्य सदस्य घायल हो गए। यह सभी लोग दिल्ली से पैतृक गांव अल्मोड़ा जा रहा था। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया और शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

हादसा गुरुवार रात देहात थाना क्षेत्र में अमरोहा-कांठ रोड पर गांव

कोठी खिदमतपुर के पास हुआ। मूल रूप से उत्तराखंड के जनपद अल्मोड़ा के थाना सल्ट क्षेत्र के गांव खटल निवासी ललित सिंह रावत दिल्ली में एक कंपनी में नौकरी करते हैं। परिवार के साथ दिल्ली के रोहिणी में ही रहते हैं। परिवार में पत्नी सुनीता रावत, बेटा चित्रहार्थ व बंटी हैं। चूंकि सारा परिवार यहीं रहता है तो ललित रावत ने गांव से पिता प्रेम सिंह रावत व माता मधु देवी को भी दिल्ली ही बुला लिया था। सभी लोग अब दिल्ली ही रहते हैं। गुरुवार रात वह दिल्ली से अल्मोड़ा स्थित पैतृक गांव जा रहे थे। सारा परिवार एक ही कार में सवार था तथा ललित रावत कार चला रहे थे। लगभग तीन बजे जब वह देहात थाना क्षेत्र में कांठ रोड पर गांव कोठी खिदमतपुर के

**कांठ रोड पर हुआ हादसा, परिवार के अन्य सदस्य घायल**

पास पहुंचे तो ललित को झपकी आ गई। इसके चलते कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में प्रेम सिंह रावत (65) व चित्रहार्थ की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अन्य लोग घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर गश्त कर रहे मुनव्वपुर चौकी प्रभारी अभिनव मलिक पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंच गए। बाद में थाना पुलिस भी आ गई। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। दादा-पौत्र के शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया था। वहीं रात में ही सूचना मिलने पर अल्मोड़ा से अन्य स्वजन भी अमरोहा पहुंच गए थे। शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम कराने के बाद वह शव घर ले गए। वहीं घायलों को भी रेफर करा कर अल्मोड़ा ले गए हैं।

# पहले जुमे को मस्जिदों में उमड़ी नामाजियों की भीड़

### मुल्क में अमन व तरक्की के लिए उठे हजारों हाथ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** रमजान माह के पहले जुमे को नमाजियों की भीड़ मस्जिदों में उमड़ पड़ी। जामा मस्जिद समेत अन्य मस्जिदें छोटी पड़ गईं। उलेमाओं ने रोजे की फजीलत को बयां करते हुए इबादत में वक्त गुजारने की ताकीद की, साथ ही जरूरतमंदों की मदद करने की बात कही। नमाज के बाद अल्लाह की बारगाह में उठे रोजेदारों के हाथों ने मुल्क में अमन-चैन और कौम की सलामती व खुशहाली के लिए दुआएं मांगी। मस्जिदों के आस-पास सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल तैनात रहा।

शुक्रवार को दूसरे रोजे को माहे रमजान का पहला जुमा था। जिसे लेकर रोजेदारों में अलग ही जोश था। लिहाजा, सुबह से ही रोजेदार नमाज की तैयारियों में लगे रहे। दोपहर 12:30 बजे जैसे ही मस्जिदों से आजान की आवाज आनी शुरू हुई तो नमाजियों ने फौरन ही मस्जिदों की तरफ रूख कर लिया। रमजान के जुमे की नमाज पढ़ने के लिए बड़ों के साथ-साथ बच्चे भी काफी उत्साहित दिखे। शहर की



जामा मस्जिद पर बड़ी संख्या में लोग नमाज अदा करने पहुंचे। मुफ्ती मोहम्मद जाहिद ने नमाज अदा कराई। उन्होंने रोजे की फजीलत के साथ ही जकात की अदायगी पर अपना बयान किया। मोहल्ला शफातपोता स्थित शिया जामा मस्जिद में नायब इमाम डा.अहसन अख्तर सरोश, शाही चबूतरा की तख्त सुलेमान वाली मस्जिद में मुफ्ती तौहीद रजा, दाऊद सराय रोड स्थित मदरसा जामिया नूरिया अशरफुल उलूम में मुफ्ती तैय्यब कादरी नईमी ने नमाज पढ़ाई। इनके अलावा मोहल्ला चिल्ला की मस्जिद, आजाद मार्ग स्थित सुनहरी मस्जिद, बसावन गंज की बड़ी मस्जिद, मोहल्ला मछरट्टा की बख्शुल्ला मस्जिद, अंधेरिया मस्जिद, रोजा पीर शब्बन शाह, दरगाह हजरत शाह विलायत, दरगाह भूरे खां शहीद समेत शहर की अन्य मस्जिदों मे भी जुमे की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। नौगावां सादात, कैलसा, रजबपुर, जोया व डिडौली में भी रमजान के पहले जुमे पर मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ रही। मस्जिदों के बाहर सुरक्षा के लिहाज से कड़े बंदोबस्त रहे।

# फल गोदाम में आग से लाखों का नुकसान

### वैल्डिंग करते समय चिंगारी गिरने से लगी भीषण आग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** सोलर पैनल की वैल्डिंग करते समय चिंगारी फल के गोदाम में गिर गयी। जिससे गोदाम में भीषण आग लग गयी। अग्निकांड की घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गयी। आग लगने से लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

कस्बा निवासी अहमद पुत्र दिलदार का मोहल्ला जाटव कॉलोनी स्थित फलों का गोदाम है। शुक्रवार को गोदाम की छत पर सोलर पैनल लगाने का कार्य चल रहा था। इसी दौरान गैस वेल्डिंग करते समय निकली चिंगारी नीचे रखी प्लास्टिक की क्रेट पर गिर गई। देखते ही देखते क्रेट में आग सुलग उठी और कुछ ही मिनटों में लपटें पूरे गोदाम में फैल गईं। रमजान का महीना होने के कारण गोदाम में सेब, केला, संतरा समेत अन्य फलों का भारी स्टॉक भरा हुआ था। प्लास्टिक की पेटियां और पैकिंग सामग्री अधिक होने के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें और काले धुएं का गुबार दूर-दूर तक दिखाई देने लगा। आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। स्थानीय व्यापारियों और मोहल्ले के युवकों ने अपने स्तर से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की तीव्रता के आगे उनके प्रयास नाकाफी साबित हुए। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंचीं और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि तब तक गोदाम में रखा अधिकांश माल जलकर राख हो चुका था। अनुमान के मुताबिक लाखों रुपये का नुकसान हुआ है, हालांकि वास्तविक आंकलन प्रशासनिक जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। गनीमत यह रही कि घटना के समय गोदाम में अधिक लोग मौजूद नहीं थे, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लेते रहे। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है तथा सुरक्षा मानकों की भी पड़ताल की जा रही है। रमजान से ठीक पहले हुई इस घटना से स्थानीय व्यापारियों में चिंता का माहौल है।

# नौगांवा चेयरमैन ने की ईओ को हटाने की मांग



### तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नौगांवा सादात नगर पंचायत की चेयरमैन सुबीना जैदी व पति नदीम अब्बास जैदी ने डीएम से मिलकर ईओ सलिल भारद्वाज को हटाए जाने की मांग की है। शुक्रवार को चेयरमैन व उनके पति नदीम अब्बास कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने ईओ सलिल भारद्वाज पर आरोप लगाया कि वह तानाशाही पर उतारू हैं। वह पूर्व में नगर पंचायत के चेयरमैन के अलावा विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। इस समय उनकी पत्नी मौजूदा चेयरमैन हैं तथा वह स्वच्छता प्रेरक हैं। ऐसे में जनता की समस्याओं के लिए उन्हें नगर पंचायत में जाना होता है। परन्तु 18 फरवरी को नगर पंचायत कार्यालय के बाहर नदीम अब्बास जैदी के प्रवेश वर्जित का पोस्टर लगाया दिया गया। यह काम ईओ सलिल भारद्वाज ने अपने दो चेहते सभासदों से कराया है। उन्होंने आरोप लगाया कि ईओ विकास विरोधी हैं तथा उनकी पत्नी चेयरमैन के खिलाफ साजिश रच रहे हैं। चेयरमैन व उनके पति ने यहां ज्ञापन देकर ईओ सलिल भारद्वाज को तत्काल हटाए जाने की मांग की।

# शिया-सुन्नी पक्ष की सहमति से जामा मस्जिद में लगा ताला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली।** नगर पंचायत सैद नगली की जामा मस्जिद मे ताला लगा दिया गया है यह फैसला सुन्नी और शिया विवाद के चलते आपसी सहमति के द्वारा किया गया है।

ज्ञात हो जमा मस्जिद में शिया और सुन्नी विवाद काफी लंबे समय से चला आ रहा है इस मामले में एक वाद वक्फ ट्यूबिनल में भी लंबित है सुन्नी लोगों का कहना है कि हम जमात के साथ मस्जिद में नमाज और तरावीह अदा करेंगे लेकिन शिया पक्ष इसका लगातार विरोध कर रहा है तो दोनों पक्षों के विरोध को देखते हुए

### वक्फ ट्यूबिनल के फैसले तक नहीं होगी नमाज



आपसी सहमति से जामा मस्जिद में ताला लगा दिया गया है। अब कोई भी पक्ष मस्जिद में नमाज नहीं पढेगा जब तक की वक्फ ट्यूबिनल का निर्णय किसी के पक्ष में नहीं आ जाता है। थाना प्रभारी विकास सहरावत ने बताया की उच्च अधिकारियों की सहमति से दोनों पक्षों को बुलाकर आपस में बातचीत की और ताला लगाने का निर्णय लिया गया अब कोई भी पक्ष जामा मस्जिद में नमाज नहीं पढेगा। जब तक कि वक्फ ट्यूबिनल के द्वारा निर्णय न हो जाए इस वक्त जामा मस्जिद पर पुलिस तैनात कर दी गई है।

# तहसील परिसर में ही बने उपनिबंधक कार्यालय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सदर तहसील बार एसोसिएशन पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर नवीन तहसील परिसर में उपनिबंधक कार्यालय, नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र कार्यालय व उपजिलाधिकारी कार्यालय स्थापित करने की अपनी मांग दोहराई। शुक्रवार को विनियमित क्षेत्र कार्यालय का निरीक्षण करने तहसील पहुंचीं जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स से बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शकील अहमद के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की तथा एक ज्ञापन सौंपा। अध्यक्ष शकील अहमद ने कहा कि वर्तमान तहसील परिसर में उपनिबंधक

### अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



कार्यालय, नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र कार्यालय, एसडीएम व तहस. ीलदार क र्यालय एक ही स्थान पर है। जबकि गुलड़िया में निर्माणाधीन तहसील भवन में यह कार्यालय प्रस्तावित नहीं हैं। इन कार्यालयों का निर्माण अलग-अलग स्थानों पर प्रस्तावित है। जिनकी आपस में दूरी लगभग 8 से 10 किलोमीटर की परिधि क्षेत्र में है। इससे जनता को अत्यधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ेगा। उनकी मांग है कि नवीन तहसील परिसर में ही उपनिबंधक क ार्यालय, एसडीएम कार्यालय और नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र कार्यालय स्थापित किया जाएं। इसके अलावा अधिवक्ताओं के लिए स्थाई चौंबर्स एवं बार भवन का निर्माण कार्य कराया जाए। इस दौरान महासचिव संजीच कुमार, इंतेखाब नासिर, जयविंदर सिंह, काशीराम, कृष्ण कुमार पंवार, मोहम्मद अमजद इदरीसी, सैफ सिद्दीकी, संजीव सक्सैना, उमेश कुमार, मोहम्मद शाहरुख, जितेन्द्र सिंह, कय्यूम अली आदि मौजूद रहे।
























## संक्षिप्त खेल समाचार

### अमांडा अनिसिमोवा ने दुबई चैंपियनशिप में मीरा एंड्रीवा को हराया

**दुबई, वार्ता।** दुबई टेनिस चैंपियनशिप में अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा ने डिफेंडिग चैंपियन मीरा एंड्रीवा के खिलाफ शानदार जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। गुरुवार को खेले गए क्वार्टरफाइनल मुकाबले में अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी अनिसिमावा को रूस की मीरा एंड्रीवा पर मुश्किल से 2-6, 7-5, 7-6(4) से जीत मिली। मैच के बाद अनिसिमोवा ने कहा कि यह बहुत मुश्किल मुकाबला था, और मुझे लगा कि हमने जबरदस्त टेनिस खेला। मीरा को इस तरह नीचे गिरते देखना, समझ में आता है। हम दोनों ने आज बहुत मेहनत की और उसे इस तरह देखकर मैं भावुक हो गई। वह बहुत अच्छा खेल रही थी, वह डिफेंडिग चैंपियन है और मुझे लगता है कि हम दोनों आज कोर्ट पर जीत गए। इस तरह के मैचों में, यह हमेशा मुश्किल होता है कि आखिर में किसी को हारना पड़े।

### खाचानोव को हराकर अल्काराज सेमीफाइनल में पहुंचे

**दुबई, वार्ता।** स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने रूस के करेन खाचानोव को हराकर कतर ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली। विश्व के नंबर वन अल्काराज ने गुरुवार को खेले गए क्वार्टर फाइनल में जोरदार वापसी करते हुए खाचानोव पर 6-7 (3/7), 6-4, 6-3 से जीत दर्ज की। अल्काराज अब सेमीफाइनल में रूस के एंड्री रुबलेव से भिड़ेंगे। मैच के बाद अल्काराज ने कहा कि यह वास्तव में एक बहुत ही करीबी और कड़ा मुकाबला था। मुझे लगता है कि करेन शानदार खेल रहा था, लेकिन मुझे पता था कि मुझे भी अवसर मिलेगा। पहले सेट में मैं उनका फायदा नहीं उठा पाया इसलिए अबऔर संघर्ष जारी रखने का समय था।

# भारत 'ए' ने श्रीलंका'ए' को हराया



एशिया कप राइजिंग स्टार्स

● **टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल में भारतीय टीम ने श्रीलंका को पांच विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया**

**बैंकॉक, वार्ता।** राधा यादव (चार विकेट और नाबाद 31 रन) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत भारत ए महिला टीम ने शुक्रवार को महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स के पहले सेमीफाइनल में श्रीलंका ए पर 39 गेंदे शेष रहते पांच विकेट से जीत दर्ज कर टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। राधा यादव को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। 119 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत ए महिला टीम ने 13.3 ओवर में पांच विकेट पर 119 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। भारत के लिए दिनेश वृंदा ने 20 गेंदों में आठ चौके लगाते हुए 42 रनों की पारी खेली। अनुष्का शर्मा ने 18 गेंदों में पांच चौके लगाते हुए 27 रन बनाए। नंदिनी कश्यप (13), मिन्नू मनी (दो) और तेजल हसबनिस तीन रन बनाकर आउट हुई। कप्तान राधा यादव ने 18 गेंदों में सात चौके लगाते हुए नाबाद 31 रनों की पारी खेली। राधा यादव ने 14वें ओवर की तीसरी गेंद पर चौका लगाकर भारत को जीत दिलाई। श्रीलंका ए महिला टीम के लिए शशिनी गिम्हानी ने दो विकेट लिए। यशंती निर्मथिका ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका ए महिला टीम के लिए हंसिमा करुणारत्ना और संजना कविदी की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 36 रन जोड़े। पांचवें ओवर में तनुजा कंवर ने हंसिमा करुणारत्ना (14) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। अगले ही ओवर में मिन्नू मनी ने कप्तान अनुष्का संजीवनी (पांच) का शिकार कर लिया। 11वें ओवर में प्रेमा रावत ने संजना कविदी (31) को आउटकर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। सत्या संदीपनी (15) और शशिनी गिम्हानी (22) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद राधा यादव के गेंदबाजी आक्रमण के आगे श्रीलंकाई बल्लेबाज टिक नहीं सके और अपने विकेट गंवाते चले गए। राधा यादव ने 20वें ओवर की चौथी गेंद पर यशंती निर्मथिका (शून्य) को आउट कर 118 के स्कोर पर श्रीलंका की पारी का अंत किया। श्रीलंका के सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। भारत ए महिला टीम के लिए राधा यादव ने चार विकेट लिए।

# हरमनप्रीत कौर बनी सबसे अधिक मैच खेलने वाली महिला क्रिकेटर

भारत के लिए सभी प्रारुपों में अपना 356 वां मैच खेलकर उपलब्धि हासिल की



**कैनबरा, वार्ता।** भारत की महिला विश्व कप विजेता टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी-20 में खेलने के साथ ही सबसे अधिक मैच खेलने वाली अंतर्राष्ट्रीय महिला क्रिकेटर बन गईं। हरमनप्रीत कौर ने भारत के लिए सभी प्रारुपों में अपना 356वां मैच खेलकर यह उपलब्धि हासिल की। इसी के साथ उन्होंने न्यूजीलैंड की महान सूजी बेट्स के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। मैच के बाद भारतीय टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने कहा कि हरमन भारत के लिए एक खास खिलाड़ी रही हैं। मैं उन्हें खेल के इतिहास में सबसे अधिक मैच खेलने वाली महिला खिलाड़ी बनने की बड़ी कामयाबी के लिए बधाई देना चाहता हूं। कौर ने 2009 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पर्दापण करने के बाद से छह टेस्ट मैच, 161 एकदिवसीय और 189 अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच खेले हैं। आईसीसी के अनुसार, वह भारत में महिला क्रिकेट क्रांति का एक बड़ा हिस्सा रही हैं और पिछले साल उन्होंने टीम को पहली बार विश्व चैंपियनशिप जिताई। बल्ले से शानदार प्रदर्शन करने वाली कौर ने 140 एकदिवसीय पारियों में 37-05 की औसत से 4409 रन बनाए हैं, टेस्ट में 200 रन और टी-20 में 3820 रन बनाए हैं। उन्होंने भारत के लिए आठ शतक और 38 अर्द्धशतक बनाए हैं। कौर ने अपनी इस उपलब्धि को लेकर कहा कि यह मेरे लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उम्मीद है मैं कड़ी मेहनत करती रहूंगी और जितना हो सके उतना खेलती रहूंगी।

# बांग्लादेश महिला'ए' ने पाक को हराया



● **कप्तान फाहिमा खातून ने नाबाद 40 रन व संजीदा अख्तर मेघला ने तीन विकेट की बदौलत बांग्लादेश ने पाकिस्तान को हराकर महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स के दूसरे सेमीफाइनल पहुंची**

**बैंकॉक, वार्ता।** कप्तान फाहिमा खातून (नाबाद 40) के बाद संजीदा अख्तर मेघला (तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत बांग्लादेश ए महिला टीम ने शुक्रवार को महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स के दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान को 54 रनों से हराकर फाइनल में जगह बना ली है। जहां उसका मुकाबला भारत ए महिला टीम से होगा। 111 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान ए महिला टीम के बल्लेबाज बांग्लादेशी गेंदबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक नहीं टिक सके उनकी पूरी टीम 16-4 ओवरों में 56 रन पर ढेर हो गई। शवाल जुल्फिकार ने सर्वाधिक 14 रन बनाए। कप्तान हफ्सा खालिद (12) और युसरा आमिर (11) रन बनाकर आउट हुई। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। बांग्लादेश के लिए संजीदा अख्तर मेघला ने तीन विकेट लिए। फाहिमा खातून ने दो विकेट लिए। फरजाना यासमीन, फरीहा तृस्ना और फातिमा जहां ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां पाकिस्तान ए महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश ए महिला टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 110 रनों का स्कोर बनाया। कप्तान फाहिमा खातून ने 32 गेंदों में पांच चौके लगाते हुए नाबाद 40 रनों की पारी खेली। सरमिन सुल्ताना (15), शमीमा सुल्ताना (13) और इश्मा तंजीम ने 12 रनों का योगदान दिया। बांग्लादेश के छह बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सके।

# बीसीबी केन्द्रीय अनुबंध में तस्कीन, मुशफिकुर का डिमोशन



**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने राष्ट्रीय पुरुष क्रिकेटरों के लिए 2026 के केन्द्रीय अनुबंध में तस्कीन अहमद और मुशफिकुर रहीम को निचले ग्रेड में डिमोट कर दिया है। तस्कीन 2025 में ए -प्लस वर्ग में अकेले खिलाड़ी थे। लेकिन अब बोर्ड ने उनका डिमोशन करते हुए टेस्ट, एकदिवसीय और टी-20 कप्तानों नजमुल हुसैन शान्तो, मेहदी हसन मिराज और लिटन दास के साथ ए वर्ग में डाल दिया हैं। यह बीसीबी की ग्रेडेशन पॉलिसी का दूसरा टियर है। इस बार बोर्ड ने किसी भी खिलाड़ी को एक प्लस कैटेगरी में नहीं रखा गया है। यह साफ नहीं है कि गेंद से अच्छे प्रदर्शन के बावजूद तस्कीन को डिमोट क्यों किया गया है। टीम प्रबंधन ने आम तौर पर तीनों प्रारुपों में उनके असर को बनाए रखने के लिए उनका काम का बोझ कम कर दिया है। इस बीच, मुशफिकुर, जिन्होंने 2025 में एकदिवसीय से संन्यास ले लिया था, पिछले साल ए ग्रेड में थे, लेकिन अब उन्हें बी ग्रेड में शामिल किया हैं। इस कैटेगरी में दस और खिलाड़ी हैं, जिनमें टेस्ट स्पेशलिस्ट मोमिनुल हक, तैजुल इस्लाम और शादमान इस्लाम शामिल हैं। शादमान उन चार खिलाड़ियों में से हैं जिन्हें ग्रेड सी से बी में प्रमोट किया गया है, उनके साथ तनजीद हसन, रिशाद हुसैन और महेदी हसन भी हैं। बीसीबी ने पिछले साल से ग्रेड डी को भी बढ़ाया है, इस कैटेगरी में पहले केवल दो क्रिकेटर थे। इस बार इसमें सैफ हसन और नूरुल हसन समेत सात खिलाड़ी हैं। बांग्लादेश 12, 14 और 16 मार्च को घर पर पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के साथ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलना फिर से शुरू करेगा।

### न्यूजीलैंड ने जिम्बाब्वे के खिलाफ सफेद गेंद सीरीज के लिए महिला टीम की घोषणा की

**वेलिंगटन, वार्ता।** न्यूजीलैंड ने जिम्बाब्वे के खिलाफ आगामी सफेद गेंद सीरीज के लिए स्टार ऑल-राउंडर मेली केर की अगुवाई में 15 सदर्स्इय महिला टीम की घोषणा की। न्यूजीलैंड महिला टीम: फ्लोरा डेवोनशायर, इजी गेज, मैडी ग्रीन, ब्रुक हॉलिडे, ब्री इलिग, पॉली इंग्लिस (केवल टी-20), जेस केर, मेली केर, केली नाइट (केवल टी-20), एम्मा मैकलियोड (केवल एकदिवसीय), रोजमेरी मैयर, नेन्सी पटेल, मौली पेनफोल्ड (केवल एकदिवसीय) जॉर्जिया प्लिमर और इजी शार्प।

# कोलगेट ने राहुल द्रविड़ को किया नया ब्रांड एंबेसडर नियुक्त



**मुंबई, वार्ता।** कोलगेट-पामोलिव (इंडिया) लिमिटेड ने दिग्गज क्रिकेटर और भारतीय टीम के पूर्व कोच राहुल द्रविड़ को कोलगेट टोटल का नया ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। इस अवसर पर कोलगेट टोटल के ब्रांड एंबेसडर राहुल द्रविड़ ने कहा कि खेलों में प्रदर्शन की बात हो तो हर छोटी चीज मायने रखती है। मौखिक स्वास्थ्य भी ऐसा ही एक अहम पहलू है। इतना कि दुनिया भर की कई टीमें और हंसी फ्लिक जैसे कोच अब खिलाड़ियों के लिए डेंटल चेक-अप अनिवार्य करते हैं। मेरे लिए कोलगेट टोटल इसलिए खास है क्योंकि यह 8 डेंटल समस्याओं को रोकता है और आपको वह प्रोएक्टिव बढ़त देता है।

कोलगेट-पामोलिव (इंडिया) लिमिटेड के मार्केटिग, ईवीपी, गुंजित जैन ने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य हमेशा से खेल प्रदर्शन से जुड़ा रहा है। नींद, व्यायाम और पोषण के बारे में सभी जानते हैं, लेकिन जिस छिपे हुए पहलू पर अब तक बात नहीं हुई, वह है मौखिक स्वास्थ्य। मुंह के जर्म्स शरीर में जाकर सूजन बढ़ा सकते हैं, मसल रिकवरी को धीमा कर सकते हैं और स्टैमिना को प्रभावित कर सकते हैं। राहुल द्रविड़ जैसे निरंतरता और विश्वसनीयता के प्रतीक के साथ साझेदारी कर, हम इस वैज्ञानिक तथ्य को मुख्यधारा में ला रहे हैं और कोलगेट टोटल की श्रेष्ठ तकनीक को उजागर कर रहे हैं, जो जर्म बिल्ड-अप से तीना गुना बेहतर लड़ती है और 8 डेंटल समस्याओं से बचाव करती है।

# चिन्नास्वामी नहीं, हुबली में होगा रणजी फाइनल मुकाबला



**चेन्नई, वार्ता।** कर्नाटक क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) इस बार मंगलवार को कर्नाटक और जम्मू-कश्मीर के बीच होने वाले रणजी ट्रॉफी का फाइनल की मेजबानी करेगा और यह मुकाबला चिन्नास्वामी स्टेडियम की जगह हुबली में खेला जाएगा। केएससीए के पास इस मैच को बेंगलुरू या हुबली में से एक जगह कराने का विकल्प था।

हालांकि, गृह मंत्रालय की एक्सपर्ट कमिटी द्वारा सुझाए गए बदलावों के निर्माण कार्य अभी जारी होने के कारण ही मैच को हुबली स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया है। केएससीए के एक प्रवक्ता ने कहा कि दर्शकों के प्रवेश और कई जरूरी जगहों पर काम जारी है और उन रास्तों को चौड़ा किया जा रहा है। इसके अलावा भी कई अहम कार्य हो रहे हैं। इन निर्माणों के बीच रणजी फाइनल को जिस तरह की सुविधा मिलनी चाहिए वो दे पाना संभव नहीं था। उत्तराखंड को पहली पारी में मिली बढ़त के आधार पर मात देने वाली आठ बार की चैंपियन कर्नाटक 2014-15 सीजन के बाद पहली बार खिताब जीतने मैदान में उतरेगी। फाइनल में कर्नाटक का सामना 67 सालों में पहली बार फाइनल में पहुंची जम्मू-कश्मीर की टीम से होगा। आंकड़ों की बात की जाए तो इससे पहले दोनों टीमें चार बार भिड़ंत कर चुकी है और हर बार कर्नाटक को जीत मिली है।

# हार्दिक सिंह की अगुवाई में भारत नई एनर्जी के साथ उतरेगा

● **टूर्नामेंट में भारती टीम स्पेन और मेजबान ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेंगी**



भारत 21 फरवरी को स्पेन के खिलाफ होबार्ट में अपने कैंपेन की शुरुआत करेगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** हार्दिक सिंह की अगुवाई में 20 से 25 फरवरी तक ऑस्ट्रेलिया के तस्मानिया हॉकी सेंटर में होने वाले एफआईएच पुरुष प्रो लीग 2025-26 के होबार्ट लेग में भारतीय हॉकी नई एनर्जी के साथ उतरेगी।

टूर्नामेंट में भारतीय टीम स्पेन और मेजबान ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। हालांकि हाल ही में राउरकेला लेग सीखने के लिए एक बड़ा मौका साबित हुआ, लेकिन टीम ने पॉजिटिव सोच के साथ फिर से टीम बनाई है।

वे आने वाले मैचों को कॉम्बिनेशन को टेस्ट करने, अपनी टीम को बेहतर बनाने और आगामी पुरुष एफआईएच हॉकी विश्व कप और एशियन गेम्स से पहले मोमेंटम बनाने के एक जरूरी मौके के तौर पर देख रहे हैं। 24 सदस्यों वाली टीम में अनुभवी खिलाड़ियों और युवा प्रतिभा का शानदार मिश्रण है, जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार हैं। भारत 21 फरवरी को स्पेन के खिलाफ होबार्ट में अपने कैंपेन की शुरुआत करेगा, जिसके बाद 22 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ, 24 फरवरी को फिर से स्पेन का सामना करेंगे और फिर 25 फरवरी को ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ आखिरी मैच के साथ होबार्ट लेग खत्म करेंगे।

# शादाब खान के भारत को नहीं हराया वाले बयान पर शाहिद अफरीदी का पलटवार



**कराची, वार्ता।** टी-20 विश्वकप 2026 के बीच पाकिस्तान क्रिकेट में बवाल मच गया है। टी-20 विश्वकप में हिस्सा ले रहे खिलाड़ी और पूर्व खिलाड़ियों के बीच बयानबाजी का दौर जारी है।

दरअसल, शादाब खान ने शाहिद अफरीदी और मोहम्मद यूसुफ समेत पूर्व खिलाड़ियों पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि पूर्व खिलाड़ी वो नहीं कर पाए, जो उन्होंने किया है। शादाब ने कहा था कि उनकी टीम ने भारत को विश्वकप में हराया है, जबकि पूर्व खिलाड़ी कभी ऐसा नहीं कर पाए। अब इस बयान पर शाहिद अफरीदी का पलटवार आया है। टी-20 विश्व कप 2026 में भारत से मिली हार के बाद पाकिस्तान क्रिकेट में घमासान का दौर जारी है। टीम के ऑलराउंडर शादाब खान पूर्व खिलाड़ियों के निशाने पर आए थे।

अफरीदी और यूसुफ समेत पूर्व खिलाड़ियों ने टीम से बाबर आजम, शाहीन अफरीदी और शादाब को ड्राप करने की मांग की थी। अफरीदी और यूसुफ ने प्लेइंग-11 में इनकी जगह पर सवाल उठाए थे। इसके जवाब में शादाब ने कहा था कि कम से कम वह उस टीम का हिस्सा रहे हैं जिसने आईसीसी टूर्नामेंट में भारत को हराया, जो पिछली पीढ़ी नहीं कर सकी थी। यही बयान अब विवाद की जड़ बन गया है। कोलंबो में 15 फरवरी को भारत के खिलाफ पाकिस्तान की हार के बाद, पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने टीम प्रबंधन से खराब प्रदर्शन के कारण बाबर आजम, शाहीन अफरीदी और शादाब खान जैसे सीनियर खिलाड़ियों को बाहर करने की मांग की थी। दूसरी ओर, मोहम्मद यूसुफ ने भी इसी तरह की टिप्पणी करते हुए कहा कि बाबर, शाहीन और शादाब का समय अब खत्म हो चुका है और टीम प्रबंधन को बेंच स्ट्रेंथ आजमाते हुए युवा खिलाड़ियों को प्लेइंग इलेवन में मौका देना चाहिए।

कोलंबो में खेले गए मुकाबले में पाक ने नामीबिया को हराया। इस मैच में शादाब ने 22 गेंदों पर 36 रन बनाए और तीन विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन मैच के बाद दिए गए बयान ने विवाद खड़ा कर दिया।

# टी-20 विश्वकप में फिर हो सकता है महामुकाबला



## भारत-पाक की टीमें आ सकती हैं आमने-सामने, रोचक समीकरण

**नई दिल्ली, वार्ता,।** टी-20 विश्वकप 2026 का रोमांच फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है। अब तक इस विश्वकप में कई दिलचस्प मुकाबले देखने को मिले हैं। 2021 की चैंपियन आस्ट्रेलिया का ग्रुप स्टेज से बाहर होना चौंकाने वाला रहा।

कई एसोसिएट टीमें भले ही सुपर-आठ के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाई हों, लेकिन उनक कई खिलाड़ियों ने बल्ले और गेंद से सुर्खियां बटोरीं। अब फैंस यह जानना चाहते हैं कि क्या इन दो देशों के बीच फिर से मुकाबला हो सकता है? समीकरण तो बन रहे हैं और सुपर-आठ में कुछ उसी तरह हुआ तो फैंस दोनों टीमों को किसी नाकआउट मुकाबले में खेलते हुए देख सकते हैं। भारतीय टीम ने ग्रुप-ए में अपने सभी मैच जीते और अंक तालिका में शीर्ष पर रही। वहीं, पाकिस्तान की टीम चार में से तीन मैच जीतकर ग्रुप-ए में दूसरे स्थान पर रही। उसे सुपर-आठ में पहुंचने के लिए जूझना पड़ा और नामीबिया के खिलाफ आखिरी मैच को जीतकर सुपर-आठ के लिए क्वालिफाई करने में कामयाब रही। 2009 की टी-20 चैंपियन पाकिस्तान टीम में कई खामियां देखने को मिलीं और नीदरलैंड्स अगर उन्हें पहले मुकाबले में हरा देता तो टीम बाहर भी हो सकती थी। पाकिस्तान नीदरलैंड्स के खिलाफ ग्रुप-ए मुकाबला तीन गेंद शेष रहते जीता था। इस टूर्नामेंट में 20 टीमों ने हिस्सा लिया था। सभी टीमों को पांच-पांच टीमों के चार ग्रुप्स में बांटा गया। हर ग्रुप से शीर्ष-दो टीमों ने सुपर आठ राउंड के लिए क्वालिफाई किया। अब सुपर-आठ राउंड में चार-चार टीमों के दो ग्रुप्स बने हैं और टीमें आईसीसी द्वारा पहले से ही तैयार की गई सीडिंग्स के अनुसार तय की गई हैं। सुपर आठ राउंड में भारत को ग्रुप-1 में जबकि पाकिस्तान को ग्रुप-2 में जगह मिली है। टीम इंडिया के ग्रुप में वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे की टीमें हैं। वहीं, पाकिस्तान के ग्रुप में इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और श्रीलंका की टीमें हैं। सुपर आठ राउंड में प्रत्येक ग्रुप की एक टीम अपने ग्रुप में मौजूद तीन अन्य टीमों के खिलाफ एक-एक मैच खेलेगी। ऐसे में भारत और पाकिस्तान की टीमें दो अलग-अलग ग्रुप में होने के कारण एक-दूसरे से तो नहीं भिड़ेंगी। सुपर-आठ में दोनों ग्रुप्स से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगी। हालांकि, सेमीफाइनल में भारत का पाकिस्तान की भिड़ंत संभव है। अगर भारत और पाकिस्तान अपने-अपने ग्रुप्स में शीर्ष दो स्थान पर रहते हैं तो सेमीफाइनल में टकराव का समीकरण बन सकता है। सेमीफाइनल में टकराव का गणित-सेमीफाइनल का फार्मेट क्रासओवर सिस्टम पर आधारित है- ग्रुप-1 की टॉप टीम बनाम ग्रुप-2 की दूसरे स्थान वाली टीम। ग्रुप-2 की टाप टीम बनाम ग्रुप-1 की दूसरे स्थान वाली टीम। भारत-पाकिस्तान सेमीफाइनल कैसे होगा-पहली स्थिति- भारत अपने ग्रुप में पहले स्थान पर रहे। पाकिस्तान अपने ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहे। ऐसे में दोनों सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगे। दूसरी स्थिति-पाकिस्तान अपने ग्रुप में पहले स्थान पर रहे। भारत अपने ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहे। तब भी सेमीफाइनल में भिड़ंत संभव है। कब सेमीफाइनल नहीं होगा- अगर दोनों टीमें अपने-अपने ग्रुप में पहले स्थान पर खत्म करती हैं। अगर दोनों टीमें अपने-अपने ग्रुप में दूसरे स्थान पर खत्म करती हैं। ऐसी स्थिति में वे सेमीफाइनल में एक-दूसरे से नहीं खेलेंगी। अगर दोनों टीमें सुपर-8 में समान पोजिशन पर खत्म करती हैं द्धजैसे दोनों पहले या दोनों दूसरेत्र्ञ् तो वे अलग-अलग सेमीफाइनल खेलेंगी। अगर दोनों अपनी-अपनी सेमीफाइनल जीत जाती हैं।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# जरूरत रोजगार की

गुरुवार को जिस तरह सुप्रीम कोर्ट सरकारों द्वारा लोगों को दी जाने वाली मुफ्त योजनाओं पर भड़का है, उससे साफ है कि पानी अब सिर से गुजरता जा रहा है। हालांकि यह हमेशा से ही विवाद का विषय रहा है कि सरकार तरह-तरह के प्रलोभन देकर जनता को क्यों लुभाती है,जबकि वह अच्छी तरह जानती है कि वह इतनी अच्छी स्थिति में नहीं है, जो मुफ्त की योजनाओं का भार वहन कर सकें, लेकिन हम देखते हैं कि अपने राजनीतिक लाभ के लिए वह किसी भी सीमा तक पहुंच जाती है। विशेषकर मुफ्त बिजली पानी की चर्चा बहुत होती है। गुरुवार को मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने तमिलनाडु विद्युत वितरण निगम बनाम भारत सरकार केस की सुनवाई करते हुए कठोर टिप्पणी की। निगम को उपभोक्तों की वित्तीय स्थिति पर गौर किए बिना हर किसी को मुफ्त बिजली देने के वादा करने के लिए फटकार लगाई। मुख्य न्यायाधीश सवाल किया कि हम पूरे भारत में किस तरह का कल्चर बना रहे हैं। हालांकि उन्होंने माना कि यह तो समझ में आता है कि एक वेलफेयर सिस्टम के तहत उन लोगों को बिजली देनी चाहिए, जो बिजली का चार्ज नहीं दे सकते, लेकिन जो दे सकते हैं और जो नहीं दे सकते, उनके बीच फर्क किए बिना अगर बांटना शुरू करते हैं, तो क्या यह एक तरह की तुष्टिकरण पॉलिसी नहीं होगी। उन्होंने बेहद तीखे शब्दों में यह भी कहा कि कभी-कभी हम सच में परेशान हो जाते हैं। भले ही आप एक रेवेन्यू सरप्लस राज्य हों। इस समय बात तमिलनाडु की हो रही है, जो 50 यूनिट प्रतिमाह मुफ्त बिजली देने की बात कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने इसी बात पर टिप्पणी की है। कोर्ट का मानना है कि किसी की सहायता करना कोई बुरी बात नहीं, लेकिन जिनको सहायता की जरूरत है और जिनको नहीं, उनके बीच अंतर तो होना ही चाहिए। सबके साथ एकजैसा व्यवहार नहीं किया जा सकता। कोर्ट की नजर में यह व्यवहारिक नहीं है। यूं भी यह बात केवल तमिलनाडु की नहीं है। करीब-करीब हर राज्य की है, यहां तक कि केंद्र सरकार भी इससे बची हुई नहीं है और इस सच्चाई से भी हर कोई वाकिफ है कि राजनीतिक लोग मुफ्त में कुछ भी नहीं देते। लोक लुभावन वादों में राजनीतिक दलों का अपना हित जुड़ा होता है। देखने में भी आता है जब-जब चुनाव नजदीक होते हैं, तभी मुफ्त योजनाओं की झड़ी लग जाती है। इस हमाम में सभी नंगे हैं। निश्चित रूप से भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने इस ओर सरकारों का ध्यान दिलाकर एक प्रशंसनीय कार्य किया है और उम्मीद जगाई है कि तमाम सरकारें इस ओर ध्यान देंगी और लोगों द्वारा दिए जा रहे राजस्व का पूरा ध्यान रखेंगी। सबसे बड़ी बात जो सुप्रीम कोर्ट ने कही वह यह कि फ्री की चीजें लोगों को आलसी बनाती हैं। इसलिए जरूरत फ्री की चीजों की नहीं बल्कि उनको रोजगार देने की है। रोजगारों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

## कृत्रिम बुद्धिमत्ता को लेकर बड़ा संदेश



एआई पर आयोजित विश्व सम्मेलन भारत की क्षमताओं का प्रभावशाली प्रदर्शन है, इसमें विश्व के बड़े नेताओं की मौजूदगी एआई यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता को लेकर बड़ा संदेश देने वाली है, राफेल सौदा रक्षा क्षेत्र में देश की आत्मनिर्भरता के लिए जरूरी है, इसमें बड़ी बात यह है कि राफेल के कुछ हिस्सों का निर्माण भारत में होना ज्यादा महत्वपूर्ण है, राफेल मामले में वह सरकार का समर्थन करते हैं, आई सम्मेलन के शुरुआती दिन बेहद सफल रहे हैं, कुछ छोटी-मोटी दिक्कतें आईं, लेकिन बड़े आयोजनों में ऐसा होना आम बात है, विभिन्न मुल्कों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और अन्य विश्व नेताओं की मौजूदगी इस आयोजन में अत्यंत प्रभावशाली रही है।

**-शशि थरूर, लोकसभा सदस्य, कांग्रेस**

# युवा स्वर और मातृभाषाः युवाओं की आवाज बने आधार

मातृभाषा की मदद से न केवल क्षेत्रीय भाषाओं के बारे में जानने-समझने में सहायता मिलती है बल्कि एक-दूसरे से बातचीत करना भी आसान हो जाता है। यही वजह है कि भाषा की विविधता को विस्तार से जानने के लिए कई देशों ने इस विषय पर मिलकर काम करने का निर्णय लिया है, जिसके तहत एक क्षेत्र का व्यक्ति किसी दूसरे क्षेत्र के व्यक्ति की मातृभाषा को न केवल जान पाएगा बल्कि उसे सीख भी सकेगा। मानव जीवन में भाषा महत्व को देखते हुए विभिन्न क्षेत्रों की संस्कृति व बौद्धिक विरासत की रक्षा करने, भाषाई तथा सांस्कृतिक विविधता एवं बहुभाषावाद का प्रचार करने और दुनियाभर की विभिन्न मातृभाषाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा उनके संरक्षण के लिए यूनेस्को द्वारा हर साल 21 फरवरी को वैश्विक स्तर पर 'अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस' मनाता जाता है।

यह दिवस भाषाओं का जश्न मनाने का समय है, साथ ही यह भाषाओं की विविधता और बहुभाषिता के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने का भी समय है। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाने का एक महत्वपूर्ण कारण बहुभाषिता को बढ़ावा देना भी है। बहुभाषिता एक से अधिक भाषा बोलने की क्षमता है, जो कई मायनों में फायदेमंद हो सकती है। यह लोगों को विभिन्न संस्कृतियों को समझने में मदद कर सकती है और उन्हें बेहतर संचारक भी बना सकती है। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस प्रतिवर्ष एक महत्वपूर्ण थीम के साथ मनाया जाता है। वर्ष 2026 का विषय है 'बहुभाषी शिक्षा पर युवाओं की राय', जो भाषाई विविधता को बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी की रक्षा, पुनर्जीवन और उपयोग में युवाओं की आवश्यक भूमिका को उजागर करता है, यह सुनिश्चित करते हुए कि शिक्षा प्रणाली समावेश को बढ़ावा देने के लिए शिक्षार्थियों की मातृभाषाओं को पहचानती और उनका समर्थन करती है। 2025 में यह दिवस 'भाषाएं मायने रखती हैं, अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का रजत जयंती समारोह' विषय के साथ मनाया गया था। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस 2024 और 2023 की थीम क्रमशः 'बहुभाषी शिक्षा अंतर पीढ़ीगत शिक्षा का एक स्तंभ है' तथा 'बहुभाषी शिक्षा: शिक्षा को बदलने की आवश्यकता' थी। इससे पहले 2022 की थीम 'बहुभाषी शिक्षण के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग: चुनौतियां और अवसर' थी जबकि 2021 के मातृभाषा दिवस की थीम थी 'शिक्षा और समाज में समावेशन के लिए बहुभाषावाद को प्रोत्साहन'।




संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2019 को स्वदेशी भाषाओं के अंतर्राष्ट्रीय वर्ष के रूप में घोषित किया गया था। यूनेस्को द्वारा मातृभाषा दिवस मनाने की घोषणा 17 नवम्बर 1999 को की गई थी और पहली बार वर्ष 2000 में इस दिन को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के रूप में मनाया गया था। सही मायनों में इस दिवस को मनाए जाने की शुरूआत अपनी मातृभाषा के लिए बांग्ला भाषा बोलने वालों के प्यार के कारण ही हुई थी। 21 फरवरी को ही यह दिवस मनाए जाने का सुझाव कनाडा में रहने वाले बांग्लादेशी रफीकुल इस्लाम द्वारा दिया गया था, जिन्होंने बांग्ला भाषा आन्दोलन के दौरान ढाका में 1952 में हुई नृशंस हत्याओं को स्मरण करने के लिए यह दिन प्रस्तावित किया था। भाषा के इस बड़े आन्दोलन में शहीद हुए युवाओं की स्मृति में ही यूनेस्को द्वारा वर्ष 1999 में निर्णय लिया गया कि प्रतिवर्ष 21 फरवरी को दुनियाभर में मातृभाषा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। विश्वभर में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर भाषा तथा संस्कृति से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं और शिक्षा तथा साहित्य से जुड़े लोग विभिन्न भाषाओं को लेकर चर्चा करने के साथ-साथ किसी भी भाषा को सरल व सुगम बनाने के लिए परामर्श भी देते हैं। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के मुताबिक दुनियाभर में बोली जाने वाली करीब सात हजार भाषाओं में से नब्बे फीसद भाषाएं बोलने वाले लोग एक लाख से भी कम हैं। चिंता की बात यह है कि दुनियाभर में बोली जाने वाली सभी भाषाओं में से अब 40 फीसद से अधिक भाषाएं लुप्तप्राय हैं। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक केवल कुछ सौ भाषाओं को ही शिक्षा प्रणालियों और सार्वजनिक क्षेत्र में जगह मिली है और वैश्विक आबादी के करीब चालीस फीसदी लोगों ने ऐसी भाषा में शिक्षा प्राप्त नहीं की, जिसे वे बोलते अथवा समझते हैं। डिजिटल दुनिया में तो वैश्विक स्तर पर सौ से भी कम भाषाओं का उपयोग किया जाता है। वैश्वीकरण के इस दौर में बेहतर रोजगार के अवसरों के लिए विदेशी भाषा सीखने की होड़ मातृभाषाओं के लुप्त होने के पीछे एक प्रमुख कारण माना जाता है। लुप्त हो रही भाषाओं के संरक्षण के लिए भारत में 'लुप्तप्राय भाषाओं की सुरक्षा और संरक्षण' योजना भी चलाई जा रही है। यूजीसी देश में उच्च शिक्षा पाठ्यक्रमों में क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने तथा 'लुप्तप्राय भाषाओं के लिए केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में केन्द्र की स्थापना' योजना के तहत कई केन्द्रीय विश्वविद्यालयों को सहयोग करता है। भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मातृभाषाओं के विकास पर काफी ध्यान दिया

सही मायनों में इस दिवस को मनाए जाने की शुरूआत अपनी मातृभाषा के लिए बांग्ला भाषा बोलने वालों के प्यार के कारण ही हुई थी। 21 फरवरी को ही यह दिवस मनाए जाने का सुझाव कनाडा में रहने वाले बांग्लादेशी रफीकुल इस्लाम द्वारा दिया गया था, जिन्होंने बांग्ला भाषा आन्दोलन के दौरान ढाका में 1952 में हुई नृशंस हत्याओं को स्मरण करने के लिए यह दिन प्रस्तावित किया था। भाषा के इस बड़े आन्दोलन में शहीद हुए युवाओं की स्मृति में ही यूनेस्को द्वारा वर्ष 1999 में निर्णय लिया गया कि प्रतिवर्ष 21 फरवरी को दुनियाभर में मातृभाषा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। विश्वभर में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर भाषा तथा संस्कृति से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

गया है, जिसमें सुझाव दिया गया है कि जहां तक संभव हो, कम से कम पांचवीं कक्षा तक तो शिक्षा का माध्यम मातृभाषा अथवा क्षेत्रीय भाषा ही होना चाहिए। शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के अनुसार भी शिक्षा का माध्यम, जहां तक व्यावहारिक हो, बच्चे की मातृभाषा ही होनी चाहिए। दरअसल प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा दिए जाने से यह छात्रों को उनकी पसंद के विषय तथा भाषा को सशक्त बनाने में मददगार साबित होगा और यह भारत में बहुभाषी समाज के निर्माण, नई भाषाओं को सीखने की क्षमता इत्यादि में भी मदद करेगा। प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा की सुविधा के लिए संविधान के अनुच्छेद 350 ए में स्पष्ट है कि देश के प्रत्एक राज्य और स्थानीय प्राधिकारी का प्रयास होगा कि वह भाषाई अल्पसंख्यक समूहों के बच्चों को शिक्षा के प्राथमिक चरण में मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करने के लिए पर्याप्त सुविधाएं प्रदान करें। बहरहाल, हालांकि आज भारत सहित कई बड़े देशों में भाषा को सरल एवं सुगम बनाने के लिए कई प्रकार की योजनाएं तैयार की जा रही हैं और छात्रों को विभिन्न भाषाओं की जानकारी मिल सके, इस उद्देश्य से कई विश्वविद्यालयों में भाषा को लेकर नए कोर्स भी तैयार किए जा रहे हैं लेकिन भाषाओं के संरक्षण के लिए गंभीर वैश्विक प्रयासों की सख्त दरकार है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# दक्षिण भारत की फिल्टर कॉफी

**इतालवी लोग कॉफी को कई तरह से बनाते हैं। मसलन एस्प्रेसो कॉफी में, उच्च दाब पर कॉफी पावडर से गर्मा-गरम पानी गुजारा जाता है। दक्षिण भारतीय फिल्टर कॉफी आम तौर पर गर्म दूध डाल कर पी जाती है। कॉफी में दूध मिलाने से उसका स्वाद और महक बढ़ जाते हैं। दरअसल, जर्नल ऑफ एग्रीकल्चर एंड फूड केमिस्ट्री के जनवरी 2023 के अंक में यूनिवर्सिटी ऑफ कोपेनहेगन, डेनमार्क के शोधकर्ताओं द्वारा प्रका. शित एक पेपर बताता है कि दूध वाली कॉफी पीना शोथ-रोधी असर दे सकता है। दूध में प्रोटीन और एंटीऑक्सीडेंट की उपस्थिति रोग प्रतिरोधक क्षमता पैदा करने वाली कोशिकाओं को सक्रिय करने में मदद करती है।**

वेबसाइट स्टेटिस्टा बताती है कि ब्राजील, वियतनाम, कोलंबिया, इंडोनेशिया, इथियोपिया और होंडुरास के बाद भारत दुनिया का छठवां सबसे बड़ा कॉफी उत्पादक देश है। 2022-23 में भारत में करीब 4 लाख टन कॉफी का उत्पादन हुआ है।

डॉ. केटी अचया अपनी पुस्तक इंडियन फूड ए हिस्टोरिकल कम्पेनियन में लिखते हैं कि 14वीं-15वीं शताब्दी में कॉफी मध्य पूर्व से कोहा नाम से भारत आई और बाद में कॉफी कहलाने लगी। कुछ ब्लॉगर्स लिखते हैं कि औपनिवेशिक अंग्रेजों ने मैसूर से यूरोप तक भारतीय कॉफी का व्यावसाईकरण किया था। स्रोत के फरवरी 2020 के अंक में प्रकाशित अपने एक लेख में मैंने लिखा था कि कॉफी एक स्वास्थ्यवर्धक पेय है। मेटा-विश्लेषण से पता चलता है कि कॉफी में कई विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। इस तरह यह एक ऐसा स्वास्थ्यकारी पेय है जो हमारे आमाशय की को. शिकाओं को ऑक्सीकारक क्षति से बचाता है और टाइप-2 डायबिटीज और बढ़ती उम्र से जुड़ी कई बीमारियों के जोखिम को कम करता है, लेकिन इसकी अति से बचना चाहिए एक दिन में पांच कप से ज्यादा नहीं। दक्षिण भारतीय कॉफी वास्तव में भुने हुए कॉफी के बीज और भुनी हुई चिकरी की जड़ों के पावडरों का मिश्रण होती है। चिकरी की यह मिलावट ही दक्षिण भारतीय कॉफी को खास बनाती है, लेकिन चिकरी है क्या? यह मूलतः यूरोप और एशिया में पाई जाने वाली एक वनस्पति है। इसकी जड़ में इनुलिन नामक एक स्टार्ची पदार्थ होता है। यह स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है। यह गेहूं, प्याज, केले, लीक (हरी प्याज सरीखी सब्जी), आर्टिचोक (हाथी चक) और सतावरी सहित विभिन्न फलों, सब्जियों और जड़ी-बूटियों में पाया जाता है। चिकरी की जड़ हल्का-सा विरेचक (दस्तावर) असर देती है और सूजन कम करती है। यह बीटा कैरोटीन का भी एक समृद्ध स्रोत है। यह कॉफी के मुकाबले कोशिकाओं को ऑक्सीकारक क्षति से बेहतर बचाता है। इसके अलावा, चिकरी में कैफीन भी नहीं होता, जिसके कारण बेचौनी और अनिद्रा की शिकायत होती है। दूसरी ओर कॉफी में कैफीन होता है। यही कारण है कि दक्षिण भारतीय तरीके से (कॉफी और चिकरी पाउडर मिलाकर) कॉफी बनाना एक अच्छी परम्परा लगती है- इस मिश्रण में 70 प्रतिशत कॉफी और 30 प्रतिशत चिकरी पावडर मिलाते हैं। स्वादानुसार ए प्रतिशत अलग भी हो सकते हैं। भारत में कॉफी बागान कहां-कहां हैं?

इसके अधिकतर बागान कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु के पहाड़ी क्षेत्रों में हैं। फिर आंध्र प्रदेश (अरकू घाटी) और ओडिशा, मणिपुर, मिजोरम के पहाड़ी क्षेत्रों में और पूर्वोत्तर भारत के सेवन सिस्टर्स पहाड़ों में कॉफी के बागान हैं। चिकरी मुख्यतः उत्तर प्रदेश और गुजरात में उगाई जाती है। दिलचस्प बात यह है कि इन दोनों राज्यों में ज्यादातर लोग चाय पीते हैं, कॉफी नहीं। अच्छी बात यह है कि तुलनात्मक रूप से प्रति कप चाय में भी कम कैफीन होता है। दुनिया के कई हिस्सों में लोग बिना दूध वाली ब्लैक कॉफी पीते हैं। इतालवी लोग कॉफी को कई तरह से बनाते हैं। मसलन एस्प्रेसो कॉफी में, उच्च दाब पर कॉफी पावडर से गर्मा-गरम पानी गुजारा जाता है। दक्षिण भारतीय फिल्टर कॉफी आम तौर पर गर्म दूध डाल कर पी जाती है। कॉफी में दूध मिलाने से उसका स्वाद और महक बढ़ जाते



हैं। दरअसल, जर्नल ऑफ एग्रीकल्चर एंड फूड केमिस्ट्री के जनवरी 2023 के अंक में यूनिवर्सिटी ऑफ कोपेनहेगन, डेनमार्क के शोधकर्ताओं द्वारा प्रकाशित एक पेपर बताता है कि दूध वाली कॉफी पीना शोथ-रोधी असर दे सकता है। दूध में प्रोटीन और एंटीऑक्सीडेंट की उपस्थिति रोग प्रतिरोधक क्षमता पैदा करने वाली कोशिकाओं को सक्रिय करने में मदद करती है। दूध वाली कॉफी के स्वास्थ्य पर प्रभावों का अध्ययन करने के लिए शोधकर्ताओं ने मनुष्यों पर परीक्षण शुरू कर दिए है। इसमें कोई संदेह नहीं कि कॉफी के शौकीन भारतीय लोग इस ट्रायल में जरूर शामिल होना चाहेंगे।

# शीतलन पर शोध : सिर्फ शरीर को ठंडा करके चल जाएगा काम

**समस्या तब शुरू होती है जब गर्मी के दिनों में बाहर का परिवेश शरीर की तुलना में गर्म हो जाता है, और शरीर पर्याप्त ऊष्मा नहीं बिखेर पाता। एकमात्र तरीका होता है कि पसीना आए जिसके वाष्पीकरण के माध्यम से शरीर की गर्मी बाहर निकल सके, लेकिन आसपास का परिवेश उमस (नर्मी भरा हो तो पसीना आना कारगर नहीं होता है बल्कि बेचैनी बढ़ जाती है क्योंकि पसीने का वाष्पीकरण नहीं हो पाता। प्रोसिडिंग्स ऑफ दी नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में शोधकर्ताओं ने जिस तरीके का उपयोग किया है उसमें उन्होंने कमरे में एक विशेष रूप से निर्मित पर्याप्त ठंडी सतह लगाई है जो मानव शरीर द्वारा उत्सर्जित ऊष्मा को अवशोषित तो करेगी लेकिन उसे पर्यावरण में वापस नहीं छोड़ेगी, यानी यह एकतरफा रास्ते (वन-वे) की तरह काम करेगी। तो सवाल है कि कोई भी ठंडी सतह यह काम क्यों नहीं कर सकती? इसलिए कि कमरे की कोई भी साधारण सतह या चीज आसपास बहती गर्म हवा के संपर्क में आकर जल्दी गर्म हो जाएगी।**

गर्मी से राहत पाने के लिए हम अपने कमरे या अपने आसपास की जगह को ठंडा करने का जो तरीका अपनाते हैं, उससे हम उन चीजों को भी ठंडा कर देते हैं जिन्हें ठंडा करने की जरूरत नहीं होती। किसी कमरे में मौजूद चीजों की ऊष्मा धारिता, जिन्हें एयर कंडीशनर (एसी) ठंडा कर देता है, लोगों की ठंडक की जरूरत की तुलना में कई गुना अधिक होती है। हाल ही में ETH इंस्टिट्यूट के सिंगापुर परिसर के एरिक टिटेलबौम और उनके दल ने प्रोसीडिंग्स ऑफ दी नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में विकिरण शीतलन (रेडिएटिव कूलिंग) पर एक अध्ययन प्रकाशित किया है। इस तकनीक में शरीर की गर्मी बाहर निकलेगी और शरीर ठंडा तो होगा, लेकिन आसपास की चीजों को ठंडा करने में ऊर्जा जाया नहीं होगी। जिस तरह हम किसी वस्तु पर रंगीन रोशनी तो डाल सकते हैं, लेकिन हम उस पर अंधेरा नहीं डाल सकते, उसी तरह गर्म वस्तुएं अपनी गर्मी तो बाहर छोड़ती या बिखेरती हैं, लेकिन ठंडी चीजें अपनी ठंडक बाहर छोड़ती या फैलाती नहीं हैं, लेकिन ठंडी चीजें जितनी ऊष्मा उत्सर्जित करती हैं उसकी तुलना में अधिक ऊष्मा अवशोषित करती हैं और ठंडी चीजों की मौजूदगी गर्म चीजों को अपनी ऊष्मा खोने और ठंडी होने में मदद करती है, तो सवाल सिर्फ उन चीजों को शीतल करने का है जिन्हें ठंडा करने की जरूरत है। आम तौर पर हम गर्मी के मौसम में लोगों को ठंडक देने के लिए जिस तरीके का उपयोग करते हैं, वह है एयर कंडीशनिंग या वातानुकूलन। इसमें कमरों में ठंडी हवा छोड़ी जाती है और सर्दियों में लोगों को गर्माहट देने के लिए हम रेडिएटर्स या गर्म वस्तुओं का उपयोग करते हैं, जो कमरे की हवा को गर्म कर देते हैं, हालांकि लोग सीधे भी इन रेडिएटर्स की गर्मी को महसूस कर सकते हैं। ठंडा करने के लिए एकमात्र व्यावहा. रिक तरीका है कि हवा को शीतलक से गुजार कर ठंडा किया जाए और फिर इस ठंडी हवा को कमरे में फैलाया जाए (सिर्फ पंखे का उपयोग करें तो उसकी हवा से शरीर का पसीना वाष्पित होकर थोड़ी ठंडक महसूस कराता है)। इस तरह ठंडे किए जा रहे कमरे में लोग ठंडक या आराम महसूस करने लगें उसके पहले ठंडी हवा को दीवारों, फर्नीचर और फर्श को ठंडा करना पड़ता है। मानव शरीर का तापमान लगभग 37 डिग्री सेल्सियस रहता है। चूंकि आसपास का परिवेश आम तौर पर अपेक्षाकृत ठंडा होता है, तो शरीर के भीतर ऊष्मा उत्पादन और बाहर ऊष्मा ह्रास के बीच संतुलन रहता है। यह ऊष्मा ह्रास मुख्य रूप से विकिरण के माध्यम से होता है। इस प्रक्रिया में गर्म शरीर परिवेश से अवशोषित ऊष्मा की तुलना में अधिक ऊष्मा बिखेरता है। कुछ ऊष्मा ह्रास हवा के संपर्क से भी होता है, लेकिन इस तरह से बहुत ज्यादा ऊष्मा बाहर नहीं जाती है, क्योंकि हवा की ऊष्मा धारिता कम होती है। समस्या तब शुरू होती है जब गर्मी के दिनों में बाहर का परिवेश शरीर की तुलना में गर्म हो जाता है, और शरीर पर्याप्त ऊष्मा नहीं बिखेर पाता। एकमात्र तरीका होता है कि पसीना आए जिसके वाष्पीकरण के माध्यम से शरीर की गर्मी बाहर निकल सके, लेकिन आसपास का परिवेश उमस (नर्मी भरा हो तो पसीना आना कारगर नहीं होता है बल्कि बेचैनी बढ़ जाती है क्योंकि पसीने का वाष्पीकरण नहीं हो पाता। प्रोसिडिंग्स ऑफ दी नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में शोधकर्ताओं ने जिस तरीके का उपयोग किया है उसमें उन्होंने कमरे में एक विशेष रूप से निर्मित पर्याप्त ठंडी सतह लगाई है जो मानव शरीर द्वारा उत्सर्जित ऊष्मा को अवशोषित तो करेगी लेकिन उसे पर्यावरण में वापस नहीं छोड़ेगी, यानी यह एकतरफा रास्ते (वन-वे) की तरह काम करेगी। तो सवाल है कि कोई भी ठंडी सतह यह काम क्यों नहीं कर सकती? इसलिए कि कमरे की कोई भी साधारण सतह या चीज आसपास बहती गर्म हवा के संपर्क में आकर जल्दी गर्म हो जाएगी। इसके अलावा, हवा में मौजूद नमी ठंडी सतह पर संघनित हो जाएगी और संघनन की प्रक्रिया से अत्यधिक ऊष्मा मुक्त होती है। वातानुकूलन के मामले में, दरअसल, कमरे में प्रवाहित हो रही हवा को सुखाने में जितनी ऊर्जा लगती है, वह ऊर्जा उस हवा को ठंडा करने में लगने वाली ऊर्जा से कहीं अधिक होती है। इस अध्ययन में शोधकर्ताओं ने जो व्यवस्था बनाई है वह इन दोनों प्रभावों को ध्यान रखती है और ठंडी सतह को केवल उस पर पड़ने वाले विकिरण द्वारा ऊष्मा सोखने देती है। शोधकर्ताओं द्वारा बनाई गई यह व्यवस्था धातु की चादर लगी एक दीवार थी जिसे ठंडे किए गए पानी की मदद से 17 डिग्री सेल्सियस पर रखा गया था। इस व्यवस्था को उन्होंने सिंगापुर में एक तंबू को ठंडा करने में आजमाया, जिसका तापमान लगभग 30 डिग्री सेल्सियस था।

आम तौर पर, हवा (संवहन द्वारा) धातु की चादर को गर्म कर देती है, लेकिन यहां ऐसा न हो इसलिए इस व्यवस्था में एक कम घनत्व वाली पॉलीएथलीन झिल्ली को इंसुलेटर के रूप में धातु की चादर के ऊपर लगाया गया था। अध्ययन के अनुसार, हम ऊष्मा स्थानांतरण के इस अवांछित संवहन को हटा पाए। बहरहाल, यह झिल्ली विकिरण ऊष्मा के लिए पारदर्शी थी और तंबू में मौजूद लोगों के गर्म शरीर का ऊष्मा विकिरण इससे गुजर सकता था ताकि उसे अंदर की ठंडी सतह सोख सके। हवा से संपर्क वाली सतह को इन्सुलेशन झिल्ली ने अधिक ठंडा होने से बचाए रखा जिसकी वजह से संघनन नहीं हो पाया। परीक्षणों में देखा गया कि 66।5 प्रतिशत आर्द्रता होने पर भी 23.7 डिग्री सेल्सियस (जिस तापमान पर संघनन शुरू होता है) पर भी दीवार की सतह पर कोई संघनन नहीं हुआ था। अध्ययन के अनुसार, दीवार के अंदर से गुजरता ठंडा पानी संघनन तापमान से भी कम, 12।7 डिग्री सेल्सियस, तक भी ठंडा रखा जा सकता है। मानव आराम के बारे में क्या? सिंगापुर में 8 से 27 जनवरी के दौरान, जब वहां गर्मी का मौसम पड़ता है, 55 लोगों के साथ यह देखा गया कि उन्होंने कैसी ठंडक महसूस की। 55 लोगों में से 37 लोगों ने तंबू में तब प्रवेश किया था जब शीतलन प्रणाली चालू थी और बाकी 18 लोगों ने तब प्रवेश किया जब शीतलन प्रणाली बंद थी। जिस समूह ने शीतलन प्रणाली चालू रहते प्रवेश किया था, उन्होंने 79 प्रतिशत दफे तंबू में तापमान संतोषजनक बताया। यह देखा गया कि वहां मौजूद गर्म वस्तुओं ने अपनी गर्मी अवशोषक दीवार को दे दी थी और सबसे गर्म वस्तुएं मनुष्य थे और उन्होंने ही सबसे अधिक ऊष्मा गंवाई। हालांकि, हवा (या तंबू) का तापमान बमुश्किल ही कम हुआ था, 31 डिग्री सेल्सियस से घटकर यह सिर्फ 30 डिग्री सेल्सियस हुआ था। इस अंतिम अवलोकन से पता चलता है कि हवा को ठंडा करने में बहुत कम ऊर्जा खर्च हो रही थी, जबकि पारंपरिक शीतलन प्रणालियों में तापमान घटाने के लिए मुख्य वाहक हवा ही होती है। इस तरह इस अध्ययन में प्रस्तुत यह तकनीक एयर कंडीशनर की जगह बखूबी ले सकती है। शोधकर्ताओं का कहना है कि इस तकनीक से ऊर्जा की खपत में 50 प्रतिशत तक कमी आ सकती है, सिर्फ ऊष्मा सोखने वाली दीवारों तक ठंडे पानी को पहुंचाने में ऊर्जा लगेगी। यह इस लिहाज से महत्वपूर्ण है कि विश्व की कुल ऊर्जा खपत में से एयर कंडीशनिंग की ऊर्जा एक बड़ा हिस्सा है और इसके बढ़ने की संभावना है। नई प्रणाली का एक अन्य लाभ यह है कि ठंडे किए जा रहे स्थान खुली खिड़की वाले, हवादार भी हो सकते हैं। एयर कंडीशनिंग में, किफायत के लिहाज से यह मांग होती है कि अधिकांश ठंडी हवा को पुनः कमरे में घुमाया जाता रहे। तब ऑफिस में यदि कोई व्यक्ति सर्दी-जुकाम (या ऐसे ही किसी संक्रमण) से पीड़ित हो तो पूरी संभावना है कि वह बाकियों को भी अपना संक्रमण दे देगा। विकिरण शीतलन (रेडिएंट कूलिंग) की तकनीक काम करती है क्योंकि मानव शरीर से निकलने वाली ऊष्मा आसपास की हवा द्वारा नहीं सोखी जाती है जिसे वापस मुक्त कर दिया जाए वह तो ठंडी सतह तक पहुंच सकती है। वैसे, धरती के पैमाने पर देखें तो वायुमंडल ऊष्मा को पृथ्वी से बाहर नहीं निकलने देता है, यही कारण है कि रात में पृथ्वी बहुत ठंडी नहीं होती है और इसलिए वायुमंडल में परिवर्तन वैश्विक तापमान बढ़ने का कारण बन रहे हैं। हालांकि, 8-13 माइक्रोमीटर तरंग दैर्ध्य के लिए हमारा वायुमंडल ऊष्मा के लिए पारदर्शी है। इस परास की तरंग दैर्ध्य वाला ऊष्मा विकिरण वायुमंडल से बाहर सीधे अंतरिक्ष में जाता है। इस तथ्य का फायदा उठाने के लिए वस्तुओं को ऐसी फिल्म या शीट से ढंका जाता है जो वस्तुओं से निकलने वाली गर्मी को वांछित रेंज की तरंग दैर्ध्य में परिवर्तित कर दें। नतीजा यह होता है कि धूप में रखी जाने पर ए वस्तुएं रेडिएटिव कूलिंग के माध्यम से परिवेश की तुलना में 4-5 डिग्री सेल्सियस तक ठंडी हो सकती हैं। यह तकनीक ग्रीन कोल्ड स्टोरेज और सौर ऊर्जा पैनल, जो गर्म होने पर कम कुशल हो जाते हैं, के लिए उपयोगी हो सकती है।

...साभार



इम्फाल। लैंगोल स्थित वैकल्पिक आवास परिसर में विस्थापित बच्चों से बातचीत करते मणिपुर के मुख्यमंत्री युमनाम खेमचंद।

## एपस्टीन फाइल्सः माकपा ने की हरदीप पुरी को मंत्रिमंडल से हटाने की मांग

**नई दिल्ली।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने 'एपस्टीन फाइल्स' के खुलासों का हवाला देते हुए शुक्रवार कोपेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी को केंद्रीय मंत्रिमंडल से तुरंत हटाने की मांग की। माकपा पोलित ब्यूरो ने एक बयान में फाइलों की सामग्री को 'अत्यंत घृणित एवं वीभत्स' करार देते हुए आरोप लगाया कि ये फाइलें राजनेताओं, वित्तीय दिग्गजों, प्रौद्योगिकी जगत के नेताओं और मशहूर हस्तियों के शक्तिशाली वैश्विक नेटवर्क का पर्दाफाश करती हैं, जो यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े हैं। पोलित ब्यूरो ने कहा कि एपस्टीन फाइल्स की अत्यंत घृणित और वीभत्स सामग्री रोजाना सामने आ रही है। उन्होंने इसके साथ ही अमेरिकी अधिकारियों पर जानकारी दबाने के प्रयास का आरोप भी लगाया।

# गाजा पर बोर्ड ऑफ पीस मीटिंग में भारत हुआ शामिल

### गाजा के लिए 1.5 लाख करोड़ के राहत पैकेज का ऐलान, 50 देशों के प्रतिनिधि पहुंचे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के 'बोर्ड ऑफ पीस' की पहली बैठक में भारत ने आब्जर्वर देश के तौर पर हिस्सा लिया। यह बैठक वाशिंगटन डीसी में हुई। भारत की तरफ से भारतीय दूतावास में तैनात चार्ज द'अफेयर्स (सीनियर अधिकारी) नमग्या सी खम्पा ने हिस्सा लिया। भारत ने अभी तक यह साफ नहीं किया है कि वह बोर्ड का फुल टाइम मेंबर बनेगा या नहीं।

भारत ने पिछले महीने दावोस में इसके लान्च कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लिया था। बोर्ड ऑफ पीस की बैठक में गाजा के पुनर्निर्माण के लिए 1.5 लाख करोड़ रुपये के राहत पैकेज का ऐलान किया गया है। ट्रम्प ने कहा कि 9 सदस्य देश गाजा राहत पैकेज के लिए 63 हजार करोड़ रुपये (7 अरब डालर) देंगे। जबकि, अमेरिका खुद 90 हजार करोड़ रुपये (10 अरब डालर) देगा। वहीं, 5 देशों ने युद्ध से तबाह फलस्तीनी इलाके में सैनिक तैनात करने पर सहमति दी है। वाशिंगटन में हुई इस बैठक में करीब 50 देशों के अधिकारी शामिल हुए। इनमें से 27 देश बोर्ड के सदस्य हैं, जिनमें अजरबैजान, बेलारूस, मिस्र, हंगरी, इंडोनेशिया, इजरायल, जार्डन,

**9 सदस्य देश गाजा राहत पैकेज के लिए 63 हजार करोड़ रुपये देंगे**

मोरक्को, पाकिस्तान, कतर, सऊदी अरब, तुर्की, यूएई, उज्बेकिस्तान और वियतनाम शामिल हैं। भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) सहित बाकी देश आब्जर्वर के तौर पर शामिल हुए। ट्रम्प ने कहा कि यह रकम युद्ध पर होने वाले खर्च के मुकाबले बहुत छोटी है। उन्होंने सदस्य देशों से कहा कि अगर सभी देश साथ आएं तो उस इलाके में स्थाई शांति लाई जा सकती है, जो सदियों से युद्ध और हिंसा झेलता आया है।

ट्रम्प ने कहा कि गाजा पर खर्च किया गया हर डालर इलाके में स्थिरता लाने और बेहतर भविष्य बनाने में निवेश है। हालांकि, उन्होंने यह साफ नहीं किया कि कितने सैनिक भेजे जाएंगे, वे कब तैनात होंगे और दी गई रकम का इस्तेमाल किस तरह किया जाएगा। 5 देशों ने युद्ध से तबाह फलस्तीनी इलाके में सैनिक तैनात करने पर सहमति दी है। ट्रम्प ने यह भी साफ किया कि यह बोर्ड अब दुनिया भर के संघर्ष सुलझाने में भी भूमिका निभाएगा। ट्रम्प ने कहा, बोर्ड संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की निगरानी करेगा और सुनिश्चित करेगा कि वह ठीक से काम कर रहा है। वहीं, श्बोर्ड ऑफ पीसश की पहली बैठक से ठीक पहले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की बैठक हुई। इसमें वेस्ट बैंक में इजरायल के नियंत्रण बढ़ाने की कोशिशों की आलोचना की गई। बैठक में भारत समेत ज्यादातर देशों ने सीनियर अधिकारियों को भेजा। वहीं पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो, अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली और हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर आर्बन खुद पहुंचे। जर्मनी, इटली, नार्वे, स्विट्जरलैंड और ब्रिटेन उन देशों में हैं, जो बोर्ड में शामिल नहीं हुए हैं, लेकिन आब्जर्वर के तौर पर भाग लिया।

## मैंने भारत-पाक को 200 प्रतिशत टैरिफ की चेतावनी दी तब लड़ाई रोकने के लिए माने: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वाशिंगटन में फिर से भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का दावा किया। उन्होंने कहा कि मैंने दोनों देशों पर 200 प्रतिशत टैरिफ लगाने की चेतावनी दी थी। इसके बाद वे संघर्ष रोकने के लिए माने। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ये बात 'बोर्ड ऑफ पीस' कार्यक्रम में कही। ट्रम्प ने कहा कि उस समय दोनों देशों के बीच हालात बहुत खराब थे, लड़ाई तेज हो गई थी और विमान गिराए जा रहे थे। मैंने दोनों नेताओं (मोदी और शहबाज शरीफ) को फोन किया। मैंने दोनों से साफ कह दिया था कि अगर वे झगड़ा खत्म नहीं करेंगे तो मैं उनके साथ कोई ट्रेड डील नहीं करूंगा। ट्रम्प के मुताबिक दोनों देश लड़ना चाहते थे, लेकिन जब पैसे का मामला आया और नुकसान की बात सामने आई तो वे मान गए। ट्रम्प ने दावा किया कि इस संघर्ष के दौरान 11 महंगे फाइटर जेट्स गिराए गए थे।

# ट्रम्प ने ईरान को 'बुरी चीजों' की चेतावनी दी

### अमेरिकी राष्ट्रपति ने परमाणु समझौते के लिए तय की 10-15 दिन की समय सीमा



■ ईरान के साथ बातचीत अच्छी चल रही है, लेकिन उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि ईरान को एक 'अर्थपूर्ण' समझौता करना होगा: ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को चेतावनी दी कि यदि वह अपने परमाणु कार्यक्रम पर समझौता करने में विफल रहा तो बुरी चीज़ें होंगी और उन्होंने ईरान पर फैसले के लिए अपनी समय सीमा 10-15 दिन तक बढ़ा दी। ट्रम्प का यह बयान पश्चिम एशिया में अमेरिका की भारी सैन्य तैयारी के बीच आया है, जिससे बड़े युद्ध की चिंताएं बढ़ गई हैं।

अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा कि ईरान के साथ बातचीत अच्छी चल रही है, लेकिन उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि ईरान को एक 'अर्थपूर्ण' समझौता करना होगा। इस बीच, अमेरिका इस सप्ताह के अंत तक ईरान पर हमला करने के लिए तैयार है, हालांकि ट्रम्प ने अभी तक कोई आखिरी फैसला नहीं लिया है। एयर फोर्स वन में संवाददाताओं से बात करते हुए, ट्रम्प ने कहा कि 10-15 दिन, ज्यादा से ज्यादा। या तो हम समझौता कर लेंगे या यह उनके लिए बुरा होगा। अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें 10 दिनों के अंदर पता चल जाएगा कि ईरान के साथ समझौता मुमकिन है या नहीं। उन्होंने बोर्ड ऑफ पीस की पहली बैठक में कहा कि हमें इसे एक कदम और आगे ले जाना पड़ सकता है, या शायद नहीं भी। शायद हम एक समझौता कर लें।

आपको अगले शायद 10 दिनों में पता चल जाएगा। ट्रम्प ने इज़रायल के ज़ोर देने पर ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की बार-बार बात की है। ईरान में पिछले महीने सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों पर हिंसक कार्रवाई में हज़ारों लोग मारे गए थे। पिछले साल जून में ईरानी परमाणु ठिकानों पर अमेरिका के हमलों का ज़िक्र करते हुए, ट्रम्प ने दोहराया कि ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं हो सकता। अगर उनके पास परमाणु हथियार हैं तो आप पश्चिम एशिया में शांति नहीं ला सकते। ट्रम्प ने कहा कि अब ईरान के लिए हमारे साथ उस रास्ते पर चलने का समय है, जो हम कर रहे हैं, उसे पूरा करे। अगर वे हमारे साथ आते हैं, तो यह बहुत अच्छा होगा। अगर वे हमारे साथ नहीं आते हैं, तो भी यह बहुत अच्छा होगा। लेकिन यह एक बहुत अलग रास्ता होगा। वे पूरे इलाके की स्थिरता को खतरा नहीं पहुंचा सकते। उन्होंने कहा कि उन्हें एक समझौता करना होगा। अगर ऐसा नहीं हुआ, 'तो बुरी चीजें होंगी।

## ईरान ने दिया डोनाल्ड ट्रम्प को अल्टीमेटम



■ कहा: यदि अमेरिका हमला करता है, तो उसके ठिकानों पर हमला ईरान के लिए वैध होगा: ईरान

**न्यूयॉर्क।** ईरान ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष को एक पत्र लिखकर चेतावनी दी है कि यदि अमेरिका अपनी सैन्य धमकियों पर अमल करता है, तो अमेरिकी ठिकानों और संपत्तियों पर ईरानी हमले 'वैध' होंगे। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत अमीर सईद इरवानी ने पत्र में कहा कि ईरान किसी भी हमले का 'निर्णायक' जवाब देगा। साथ ही उन्होंने क्षेत्र में सैन्य आक्रामकता के गंभीर परिणामों की चेतावनी भी दी। यह घटनाक्रम अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा ईरान को दी गई उस धमकी के बाद आया है, जिसमें उन्होंने परमाणु मुद्दे पर अमेरिका के साथ समझौता करने के लिए 'अधिकतम 10-15 दिन' का समय दिया है। उन्होंने कहा कि यदि दोनों पक्ष किसी समझौते पर पहुंचने में विफल रहते हैं, तो 'बुरी चीजें' होंगी। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के स्थाई मिशन ने भी ट्रम्प के बयान की आलोचना करते हुए कहा कि यह 'सैन्य आक्रामकता के वास्तविक खतरे का संकेत है', हालांकि उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ईरान युद्ध नहीं चाहता है। पत्र में चेतावनी दी गई कि 'किसी भी अप्रत्याशित और अनियंत्रित परिणाम के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका पूर्ण और प्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार होगा।' बढ़ते तनाव के बीच पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य तैनाती पर संयुक्त राष्ट्र ने चिंता जताई है। संयुक्त राष्ट्र प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने संवाददाताओं से कहा कि महासचिव एंटोनियो गुटेरेस, अन्य लोगों की तरह, सैन्य जमावड़े, युद्धाभ्यास और चल रहे प्रशिक्षण को लेकर बहुत चिंतित हैं। इसीलिए हम ईरान और अमेरिका दोनों को ओमान की मध्यस्थता में अपनी चर्चा जारी रखने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।

## चीन को ऑप्टिकल संचार और 6जी तकनीक में बड़ी कामयाबी

**बीजिंग।** चीन ने ऑप्टिकल फाइबर और वायरलेस नेटवर्क को जोड़ने वाली एकीकृत संचार प्रणाली विकसित की है, जिसने डेटा ट्रांसमिशन की गति में नया विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है। वैज्ञानिक जर्नल नेचर में गुरुवार को प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, एआई डाटा केंद्रों में कंप्यूटिंग शक्ति की बढ़ती मांग और अगली पीढ़ी के 6जी वायरलेस नेटवर्क के विकास के लिए विभिन्न परिस्थितियों में उच्च गति और कम विलंबता वाले सिग्नल ट्रांसमिशन की आवश्यकता होती है। ऑप्टिकल फाइबर और वायरलेस संचार प्रणालियों के बीच हालांकि सिग्नल आर्किटेक्चर और हार्डवेयर में अंतर के कारण एक ही बुनियादी ढांचे पर दोनों प्रणालियों के बीच उच्च गति और अनुकूल एंड-टू-एंड ट्रांसमिशन हासिल करना कठिन रहा है। यह उच्च गति दूरसंचार नेटवर्क के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई थी, जिस पर चीनी शोध दल ने कामयाबी हासिल कर ली है। पेकिंग विश्वविद्यालय, पेंग चेंग प्रयोगशाला, शंघाईटेक विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक्स इनोवेशन सेंटर की शोध टीम ने एक एकीकृत संचार प्रणाली विकसित की है, जो ऑप्टिकल फाइबर पर 512 जीबीपीएस और वायरलेस पर 400 जीबीपीएस का सिगल-चैनल सिग्नल ट्रांसमिशन प्राप्त करती है।

## सेना प्रमुख द्विवेदी ने ऑस्ट्रेलिया में सैन्य सहयोग बढ़ाने पर की चर्चा

■ यात्रा के दौरान जनरल द्विवेदी ने ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बलों के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ व्यापक बातचीत की

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने चार दिन की आस्ट्रेलिया यात्रा के दौरान वहां शीर्ष सैन्य अधिकारियों को संबोधित करते हुए समकालीन सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में मजबूत नेतृत्व, सेनाओं के बीच संयुक्तता और बहुराष्ट्रीय सहयोग के महत्व पर बल दिया।

सेना ने शुक्रवार को यहां बताया कि जनरल द्विवेदी 16 से 19 फरवरी तक ऑस्ट्रेलिया की आधिकारिक यात्रा पर थे। उनकी यात्रा से भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा सहयोग को नई गति मिली और दोनों देशों के बीच सामरिक समन्वय और गहरा हुआ। यात्रा के दौरान जनरल द्विवेदी ने ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बलों के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ व्यापक बातचीत की। इन चर्चाओं में द्विपक्षीय सैन्य सहयोग की समीक्षा की के साथ सेना-से-सेना सहयोग का दायरा बढाने के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। संयुक्त अभ्यासों के दायरे और जटिलता को बढ़ाने, व्यावसायिक सैन्य शिक्षा आदान-प्रदान को सुदृढ़ करने तथा दोनों सेनाओं के बीच पारस्परिक संचालन क्षमता को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया गया। सिडनी में सेना प्रमुख ने फोर्सेज कमांड, स्पेशल ऑपरेशंस कमांड और ऑस्ट्रेलियाई सेना की दूसरी डिवीजन के नेतृत्व से मुलाकात की। इन वार्ताओं में बल की तत्परता, परिचालन सिद्धांतों और प्रशिक्षण पद्धतियों पर विचारों का आदान-प्रदान हुआ। द्विपक्षीय सेना अभ्यास 'आस्ट्राहिन्द' पर विशेष चर्चा हुई और दोनों पक्षों ने इस वर्ष भारत में होने वाले इसके आगामी संस्करण को और समृद्ध बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। कैनबरा में जनरल द्विवेदी को औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल साइमन स्टुअर्ट के साथ विस्तृत चर्चा की। वर्ष 2015 में अमेरिकी आर्मी वॉर कॉलेज के सहपाठी होने के अपने साझा अनुभव के आधार पर दोनों सेना प्रमुखों ने संस्थागत संबंधों को और मजबूत करने तथा सहयोग के नए आयाम विकसित करने की प्रतिबद्धता दोहराई। ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बल मुख्यालय में आयोजित व्यापक गोलमेज चर्चा में सैन्य आधुनिकीकरण, उभरती प्रौद्योगिकियों और भविष्य के परिचालन परिवेश से संबंधित विषयों पर विचार किया गया।

# बीएलए ने पकड़े गए पाक सैनिक को मार देने की धमकी दी

### बीएलए ने कुछ तस्वीरें व वीडियो जारी कर दावा किया था कि उसने सात पाक सैनिकों को पकड़ लिया है



■ पाकिस्तानी सेना ने हालांकि इन दावों को खारिज कर दिया था

**क्वेटा।** बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने पाकिस्तान सरकार को चेतावनी दी है कि यदि 21 फरवरी के बाद उसके लड़ाकों को रिहा करने के लिए बातचीत शुरू नहीं हुई, तो वह अपनी हिरासत में लिए गए पाकिस्तानी सैनिकों को मार देगा। गौरतलब है कि बीएलए ने कुछ तस्वीरें और वीडियो जारी कर दावा किया था कि उसने सात पाकिस्तानी सैनिकों को पकड़ लिया है।

इस समूह ने सात दिन की समयसीमा देते हुए मांग की है कि पकड़े गए सैनिकों के बदले हिरासत में लिए गए उसके लड़ाकों को रिहा किया जाए। पाकिस्तानी सेना ने हालांकि इन दावों को खारिज कर दिया था। उनकी ओर से यह तर्क दिया गया कि वीडियो में दिखने वाले लोग पाकिस्तानी सैनिक नहीं हैं और वीडियो के साथ छेड़छाड़ की गई है। बीएलए की ओर से इसके बाद जारी एक नए वीडियो में, सातों बंदी एक साथ नजर आ रहे हैं और वे अपने आधिकारिक 'आर्मी सर्विस कार्ड' दिखा रहे हैं। उनमें से एक, सिपाही मोहम्मद शहराम, अपने सैन्य पहचान पत्र और राष्ट्रीय पहचान पत्र को हाथ में लेकर बोल रहा है। बेहद परेशान दिख रहे शहराम ने सैन्य प्रतिष्ठान द्वारा किए जा रहे इन्कार पर सवाल उठाया। उसने पूछा कि अगर ए कार्ड असली नहीं हैं, तो इन्हें किसने जारी किया? अगर हम सेना के नहीं हैं, तो हमारी भर्ती क्यों की गई थी? उसने कहा कि वह अपने परिवार का सबसे बड़ा बेटा है और उसके पिता विकलांग हैं जो उसी पर निर्भर हैं।

बीएलए ने दो अन्य व्यक्तियों के वीडियो भी जारी किए हैं, जिनकी पहचान खैबर पख्तूनख्वा के बुनेर गांव के दीदार उल्लाह और गुजरांवाला के उस्मान के रूप में हुई है। दोनों ने अपने पहचान पत्र दिखाए और पुष्टि की कि वे पाकिस्तान सेना के सेवारत सदस्य हैं। सशस्त्र समूह की चेतावनी 21 फरवरी को समाप्त होने वाली है। उन्होंने सार्वजनिक रूप से धमकी दी है कि अगर पाकिस्तान न तो बातचीत करता है और न ही औपचारिक रूप से उन्हें स्वीकार करता है, तो बंदियों को मार दिया जाएगा। इस पूरी घटना ने 1999 के कारगिल युद्ध की यादें ताजा कर दी हैं, जब जनरल परवेज मुशर्रफ के नेतृत्व में पाकिस्तान के सैन्य नेतृत्व ने शुरुआत में यह मानने से इनकार कर दिया था कि उनके नियमित सैनिक नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार काम कर रहे थे। उस समय, युद्ध के मैदान के सबूतों और बरामद शवों ने आधिकारिक बयानों को गलत साबित कर दिया था, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान की किरकिरी हुई थी।

# आसिम मुनीर मेरे बॉस नहीं: पाक रक्षा मंत्री

### ख्वाजा आसिफ ने कहा: सेना अब सरकार नहीं चलाती, इतिहास में दखल था, अब सिस्टम अलग है

■ फ्रांस 24 इंग्लिश को दिए इंटरव्यू में उनसे पूछा गया था कि क्या आसिम मुनीर ही पाक की सरकार चला रहे हैं



**म्यूनिख।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि फील्ड मार्शल आसिम मुनीर उनके बास नहीं हैं। उन्होंने साफ किया कि उनके बास प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ हैं। फ्रांस 24 इंग्लिश को दिए इंटरव्यू में उनसे पूछा गया था कि क्या आसिम मुनीर ही पाकिस्तान की सरकार चला रहे हैं।

उन्होंने माना कि अतीत में सेना ने सीधे शासन संभाला था। आसिफ ने कहा, पाकिस्तान का एक सिस्टम है। हमारे इतिहास में ऐसे दौर रहे हैं, जब सेना का सरकार पर नियंत्रण रहा। एक समय ऐसा भी था जब सेना ने दखल देकर सत्ता की बागडोर अपने हाथ में ले ली थी। उन्होंने कहा कि इस समय पाकिस्तान अफगानिस्तान से खतरे, आतंकवाद, भारत के साथ तनाव और कमजोर अर्थव्यवस्था जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है। ऐसे हालात में पाकिस्तानी सेना सरकार का समर्थन कर रही है। ख्वाजा आसिफ म्यूनिख सिक्योरिटी काउंसिल में हिस्सा लेने के लिए जर्मनी गए थे। इस दौरान उन्होंने फ्रांस 24 को इंटरव्यू दिया। ख्वाजा आसिफ ने इससे पहले पिछले साल दिए एक इंटरव्यू में कहा था कि पाकिस्तान में सरकार और सेना मिलकर देश चलाते हैं। आसिफ ने कहा था कि पाकिस्तान को हाइब्रिड मॉडल से चलाया जा रहा है। आसिफ पहले भी कई बार हाइब्रिड मॉडल की तारीफ कर चुके हैं। अरब न्यूज को दिए एक पुराने इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान का पालिटिकल सिस्टम आदर्श लोकतंत्र नहीं, लेकिन जरूरी है। उन्होंने कहा था कि यह मॉडल पाकिस्तान की आर्थिक और शासन की समस्याओं को हल करने में 'कमाल' कर रहा है। ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि भारत और अफगानिस्तान की तालिबान सरकार मिलकर पाकिस्तान के खिलाफ प्राक्सी वार चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पर हमलों को लेकर नई दिल्ली और काबुल की सोच एक जैसी है। आसिफ ने कहा जरूरत पड़ी, तो पाकिस्तान अफगानिस्तान में दोबारा कार्रवाई कर सकता है। उन्होंने कहा कि अगर अफगानिस्तान की ओर से शांति की कोई ठोस गारंटी नहीं मिलती है, तो पाकिस्तान वहां नए हमले करने से पीछे नहीं हटेगा। आसिफ ने यह भी कहा कि भारत के साथ युद्ध की संभावना अभी भी खत्म नहीं हुई है। इस्लामाबाद की एक शिया मस्जिद में हाल ही में हुए बम धमाके का जिक्र करते हुए आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान में लगभग सभी बड़े आतंकी संगठनों की मौजूदगी है।

# अफगान में पत्नियों व बच्चों की पिटाई की अनुमति देने वाला कानून लागू

■ यह नया कानून अफगान समाज को चार श्रेणियों में बांटता है

**काबुल।** अफगानिस्तान की तालिबान सरकार का नया कानून पत्नियों और अपने बच्चों की पिटाई की अनुमति देता है बशर्ते कि इस पिटाई के कारण हड्डियां नहीं टूटें और खुले जख्म नहीं हों। 'दे महाकुमु जज़ाई उसूलनामा' नामक 90 पन्नों के इस आपराधिक प्रक्रिया संहिता को तालिबान के सर्वोच्च नेता हिबतुल्लाह अखुंदज़ादा ने मंजूरी दी है।

दस अध्यायों और 119 अनुच्छेदों वाले इस दस्तावेज़ में घरेलू हिंसा को कुछ खास शर्तों के साथ वैध करार दिया गया है। संहिता के अनुच्छेद 32 के तहत पतियों को पिटाई करने की इजाजत है, जबकि अनुच्छेद 34 के अनुसार एक शादीशुदा औरत को अपने शौहर की इजाजत के बिना माता-पिता के घर जाने पर तीन महीने तक की जेल हो सकती है। यह नया कानून अफगान समाज को चार श्रेणियों में बांटता है जिसमें सजा का मात्रा, अपराध की गंभीरता के बजाय अपराधी की सामाजिक स्थिति के आधार पर तय होगी। सबसे ऊपरी श्रेणी में मौलाना या धार्मिक उपदेशक हैं जिन्हें शारीरिक दंड से छूट है और उनके लिए अधिकतम सजा केवल सलाह या चेतावनी भर है। दूसरे पायदान पर कबायली बुजुर्ग हैं जिन्हें केवल अदालती समन और सलाह देने की सजा है। मध्य वर्ग तीसरी श्रेणी में है जिन्हें मानक कारावास का सामना करना पड़ सकता है, जबकि चौथी श्रेणी यानी निचले वर्ग के लोगों को कारावास के साथ-साथ सार्वजनिक रूप से कोड़े मारने जैसे शारीरिक दंड दिए जा सकते हैं।

# ब्रिटेन ने अमेरिका को एयरबेस देने से किया इन्कार

### फैसले से डोनाल्ड ट्रम्प नाराज, रिपोर्ट: यूएस एयरबेस से ईरान पर हमला करना चाहता है



■ 1970 के दशक से यह ब्रिटेन और अमेरिका का साझा सैन्य अड्डा रहा है

**लंदन।** ब्रिटेन ने अमेरिका को ईरान पर हमला करने के लिए अपने एयरबेस देने से मना कर दिया है। अमेरिका इन सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल करना चाहता था, लेकिन ब्रिटेन ने इन्कार कर दिया। डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रिटेन के इस फैसले से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प नाराज हैं। कहा जा रहा है कि उन्होंने ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के उस समझौते से समर्थन वापस ले लिया है, जिसमें चागोस द्वीप समूह को मारीशस को सौंपने की बात थी।

रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका ईरान पर हमले की तैयारी कर रहा है। इसके लिए वह डिएगो गार्सिया और ब्रिटेन के आरएएफ फेयरफोर्ड एयरबेस का इस्तेमाल करना चाहता है। डिएगो गार्सिया, चागोस द्वीप समूह का सबसे बड़ा द्वीप है। 1970 के दशक से यह ब्रिटेन और अमेरिका का साझा सैन्य अड्डा रहा है। दरअसल पुराने समझौतों के मुताबिक, ब्रिटेन के किसी भी सैन्य ठिकाने का इस्तेमाल तभी हो सकता है, जब ब्रिटिश प्रधानमंत्री इसकी मंजूरी दें। अंतर्राष्ट्रीय कानून भी कहता है कि अगर कोई देश जानता है कि सैन्य कार्रवाई गलत है और फिर भी मदद करता है, तो उसे भी जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। ट्रम्प ने चागोस आइलैंड्स को लेकर ब्रिटेन की आलोचना की है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर गुरुवार को लिखा कि 100 साल की लीज किसी देश के मामले में ठीक फैसला नहीं है। डिएगो गार्सिया जैसा ठिकाना छोड़ना बहुत बड़ी गलती होगी। ट्रम्प ने कहा कि अगर ईरान, अमेरिका के साथ समझौता नहीं करता, तो अमेरिका को हिंद महासागर में मौजूद डिएगो गार्सिया और फेयरफोर्ड के एयरफील्ड का इस्तेमाल करना पड़ सकता है। ऐसे में इन ठिकानों का कंट्रोल बेहद जरूरी है। वहीं ब्रिटिश सरकार का कहना है कि मारीशस के साथ समझौता सुरक्षा कारणों से जरूरी है। उनका तर्क है कि इससे लंबे और महंगे कानूनी विवाद से बचा जा सकेगा। बताया जा रहा है कि इस पूरे समझौते पर करीब 35 बिलियन पाउंड (4 हजार अरब रुपये से ज्यादा) का खर्च आ सकता है। डिएगो गार्सिया, हिंद महासागर में स्थित चागोस आइलैंड्स का हिस्सा है। ब्रिटेन ने 1814 में नेपोलियन को हराने के बाद इन आइलैंड्स पर कब्जा किया था।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108